

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 324 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) सोमवार 11 सितम्बर 2023 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया




# 'स्वस्ति अस्तु विश्व' - पीएम मोदी ने यूक्रेन युद्ध के बीच शांति की प्रार्थना के साथ किया जी-20 बैठक का समापन

**नई दिल्ली**. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जी-20 शिखर सम्मेलन का समापन 'स्वस्ति अस्तु विश्व' के संदेश के साथ किया. उन्होंने शिखर सम्मेलन के समापन के साथ ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डी सिल्वा को जी-20 की अध्यक्षता का गिवेल सौंपा. 'दुनिया में शांति हो' का संदेश देती यह सूक्ति शनिवार को नई दिल्ली नेताओं के शिखर सम्मेलन घोषणापत्र की पृष्ठभूमि में दी गई थी, जिसे जी20 शिखर सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जाता है.

यूक्रेन मुद्दे पर समझौते को लेकर जी-20 के वातार्कारों के बीच टकराव के बावजूद जी-20 के नेता शिखर सम्मेलन में एकत्र हुए और '100 फीसदी आम सहमति' के साथ दिल्ली घोषणापत्र को स्वीकार किया. घोषणापत्र में कहा गया है, 'आज का युग युद्ध का नहीं होना चाहिए.' प्रधानमंत्री मोदी ने शिखर सम्मेलन के समापन पर अपने समापन संबोधन में कहा, 'मैं जी-20 शिखर सम्मेलन की समाप्ति की घोषणा करता हूं. उम्मीद है कि एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य का रोडमैप आनंदमय होगा. धन्यवाद!'



## मुद्दों की समीक्षा के लिए वर्चुअल सत्र का प्रस्ताव

यह देखते हुए कि भारत नवंबर 2023 तक जी-20 की अध्यक्षता की जिम्मेदारी रखता है, पीएम मोदी ने शिखर सम्मेलन के दौरान चर्चा किए गए मुद्दों की समीक्षा के लिए एक वर्चुअल सत्र का प्रस्ताव दिया.

उन्होंने कहा, 'पिछले दो दिनों में आप सभी ने कई सुझाव दिए और प्रस्ताव रखे. यह हमारा कर्तव्य है कि हम प्राप्त सुझावों की समीक्षा करें ताकि यह देखा जा सके कि उनकी प्रगति को कैसे तेज किया जा सकता है. मैं शिखर सम्मेलन में चर्चा किए गए विषयों की समीक्षा के लिए नवंबर के अंत में एक आभासी सत्र का प्रस्ताव करता हूं.' उन्होंने सभी से वर्चुअल सत्र के दौरान जुड़ने का आग्रह किया.

## ब्राजील के राष्ट्रपति को दी बधाई

पीएम मोदी ने ब्राजील के राष्ट्रपति को 2024 में उनके देश के आगामी अध्यक्षता के लिए बधाई दी. जी-20 की अध्यक्षता संभालने के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी को जी-20 ब्लॉक का कुशलतापूर्वक नेतृत्व करने और इस शिखर सम्मेलन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बधाई भी दी. उन्होंने वैश्विक समानता स्थापित करने के महत्व पर जोर दिया. लूला ने कहा, 'हम वैश्विक समस्याओं का सामना तभी कर पाएंगे जब हम असमानता के मुद्दे का समाधान कर पाएंगे- आय में असमानता, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा, भोजन, लिंग और नस्ल तक पहुंच और प्रतिनिधित्व भी इन विसंगतियों के मूल में है.' उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद को राजनीतिक ताकत हासिल करने के लिए स्थायी, अस्थायी सदस्यों के रूप में नए विकासशील देशों की जरूरत है.

## जी-20 के तीसरे सत्र में 'वन फ्यूचर'

इससे पहले एक प्रतीकात्मक समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जोको विडोडो और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने रविवार को एक-एक पौधा मौजूदा अध्यक्ष को सौंपा. यह समारोह जी-20 शिखर सम्मेलन के तीसरे सत्र 'वन फ्यूचर' की शुरूआत में हुआ.

## 'एक भविष्य' सत्र में पीएम मोदी

जी-20 शिखर सम्मेलन के 'एक भविष्य' सत्र को संबोधित करते हुए मोदी ने संयुक्त राष्ट्र जैसे वैश्विक निकायों में सुधारों की जरूरत पर जोर देते हुए दुनिया की ह्यनई वास्तविकताओं" को 'नए वैश्विक ढांचे' में प्रतिबिंबित करने का आह्वान किया. उन्होंने कहा, 'जब 51 सदस्यों के साथ संयुक्त राष्ट्र की स्थापना हुई थी तो दुनिया अलग थी, अब यह बढ़कर लगभग 200 हो गई है. यह प्रकृति का नियम है कि जो लोग समय के साथ नहीं बदलते हैं, वे अपनी प्रासंगिकता खो देते हैं.' उन्होंने बहुपक्षीय विकास बैंकों के जनादेश के विस्तार पर तत्काल, प्रभावी निर्णय लेने का आग्रह किया.

## जी20 के दूसरे दिन महात्मा गांधी को पुष्पांजलि

शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन, पीएम नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के राजघाट पर जी 20 नेताओं और प्रतिनिधिमंडल प्रमुखों का स्वागत किया. उन्होंने महात्मा गांधी को पुष्पांजलि अर्पित की, जिसके बाद जी 20 स्थल, भारत मंडपम में वृक्षारोपण समारोह आयोजित किया गया. ऐतिहासिक जी-20 शिखर सम्मेलन के पहले दिन भारत ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर बड़े मतभेदों को दूर करते हुए जी-20 शिखर सम्मेलन में आम सहमति से एक घोषणापत्र स्वीकार किए जाने के बाद बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल की, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने 'वैश्विक विश्वास की कमी' को समाप्त करने का आह्वान किया.

पीएम मोदी ने यह भी घोषणा की कि अफ्रीकी संघ को जी 20 के स्थायी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है. जी-20 की अध्यक्षता करने वाले भारत ने इस साल के शिखर सम्मेलन की थीम 'एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य' को रेखांकित किया है.

## पीएम मोदी ने जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात में सख्ती से उठाया खालिस्तानी चरमपंथ का मुद्दा, कनाडाई प्रधानमंत्री बोले- कुछ लोगों की हरकतें...

नई दिल्ली. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को जी20 शिखर सम्मेलन से इतर कनाडाई जस्टिन ट्रूडो के साथ द्विपक्षीय बातचीत में 'कनाडा में चरमपंथी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को जारी रखने' का मुद्दा सख्ती से उठाते हुए इसे लेकर गहरी चिंता व्यक्त की. पीएम मोदी की कनाडाई समकक्ष के साथ हुई इस मुलाकात को लेकर विदेश मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में बताया गया कि पीएम मोदी ने कनाडा में चरमपंथी तत्वों की तरफ से जारी भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर हमारी गंभीर चिंताओं से अवगत कराया.

विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, 'पीएम मोदी ने ट्रूडो को बताया कि कनाडा में चरमपंथी तत्व 'अलगाववाद को बढ़ावा दे रहे हैं और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ हिंसा भड़का रहे हैं, राजनयिक परिसरों को नुकसान पहुंचा रहे हैं और भारतीय समुदाय और उनके पूजा स्थलों को धमकी दे रहे हैं.'

# G20 में भारत उभर रहा विश्व गुरु बनकर, पूरी दुनिया भारत को झुक कर सलाम कर रही है ।

**दैनिक समाज जागरण**

भागलपुर (बिहार) भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता सह उद्योग मंत्री सैयद शाहनवाज हुसैन भागलपुर पहुंचे, उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जी-20 में भारत विश्व गुरु की तरह उभर रहा है, आज हर भारतीय की छाती 56 इंच की हो गई है, पूरी दुनिया भारत को झुक कर सलाम कर रही है, साथ ही उन्होंने कहा कि भारत अब चांद पर पहुंचने वाला पहला देश है, अपने भारतवर्ष में अतिथि देवो भव जो कहा जाता है इसका स-ाक्षात स्वरूप भारत मंडप में देखने को मिला जहां जी-20 का कार्यक्रम हो रहा है, अतिथियों का जो स्वागत हुआ है वह काफी काबिले तारीफ है और सभी अतिथि काफी खुश हैं ,पहली बार आम एजेंडा पर सहमति बनी है यह काबिले तारीफ है, नरेंद्र मोदी विश्व गुरु बन के उभरे हैं हम भारतीय का सौभाग्य है कि हम लोगों को और देशवासियों को मोदी जैसे प्रतिनिधित्वकर्ता मिले हैं, वहीं बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर कटाक्ष करते हुए उन्होंने कहा कि जी-20 कार्यक्रम में नितीश बाबू भी पहुंचे थे और उन्हें बड़े-बड़े नेताओं से मिलने का अवसर मिला उनके पार्टी के नेता क्या कहते हैं इसका जवाब नितीश बाबू ही देंगे।



# जी-20 में आयीं फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं की ओर से मिलेट का उपहार,

### फर्स्ट लेडी ने बस्तर की महिला किसानों के मिलेट से बने लड्डू का लिया स्वाद

समाज जागरण ब्यूरो रायपुर । बस्तर का मिलेट विशेषकर रागी से बने लड्डू जी-20 में आये राष्ट्राध्यक्षों और उनकी पत्नी को काफी भाया। अवसर था जी-20 देशों में भाग लेने वाले प्रमुखों की प्रथम महिलाओं और जीवनसाथियों को 9 सितंबर को पूसा रोड पर आईएआरआई परिसर में एक कृषि प्रदर्शनी के लिए विशेष निमंत्रण दिया गया। छत्तीसगढ़ के बस्तर से आयी महिलाओं ने मिलेट से बनने वाले पकवानों पर विशेष तैयारियां की थी। बस्तर जिले के बास्तानर ब्लॉक से आयी संगीता कश्यप ने बताया कि उन्होंने मिलेट के लड्डू, रागी कुकीज, रागी चकली, कोदो-कुटकी आदि मिलेट से तैयार होने वाले पकवान बनाए थे। 'ऑस्ट्रेलिया की फर्स्ट लेडी को उन्होंने मिलेट से बनाए पकवानों की टोकरी उपहार में दी। 'फर्स्ट लेडी को बस्तर की महिलाओं ने बस्तर आने का निमंत्रण भी दिया। महिलाओं के साथ आयी 'छत्तीसगढ़ कृषि विभाग की नोडल अधिकारी रुक्मणी कोट्टम ने बताया कि पूसा में छत्तीसगढ़ कृषि विभाग द्वारा स्टाल भी लगाया गया था'। विभाग की ओर से स्टाल में बांस से बने उत्पाद जैसे सूपा, टुकनी, टोकरी, तुमा, छतरी के साथ-साथ मिलेट से बने उत्पाद भी रखें। जो कि यहाँ आने वाले आगंतुकों को काफी पसंद आए। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ की ढोकराकला और नैचुरल डाई से बने कोसा के स्टॉल भी आगंतुकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र थे। कांकेर के दुर्गकोन्दल ब्लॉक के गोटुल मुंडा गाँव के महिला समूह की निर्मला भास्कर ने बताया कि उन्होंने न्यूजीलैंड की फर्स्ट लेडी को मिलेट का बास्केट उपहार में दिया। इस बास्केट में छत्तीसगढ़ की महिला समूह द्वारा तैयार मिलेट उत्पाद थे। फर्स्ट लेडी ने उनके साथ सेल्फी भी ली। उन्होंने कहा कि वे इसे अपने घर ले जायेंगी और अपने परिवार के साथ शेयर करेंगी। निर्मला भास्कर ने कहा कि यह यादगार पल था जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है।



# पं. गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर सीएम योगी ने दी श्रद्धांजलि

**उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रहे हैं भारत रत्न पं. गोविंद बल्लभ पंत**

लखनऊ, 10 सितंबर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री व देश के पूर्व गृहमंत्री भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती पर लोक भवन परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ एक महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। आजादी के बाद उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। प्रदेश की तरक्की और देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए उन्होंने सतत प्रयास किया था।



सीएम योगी ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ ने आजादी की लड़ाई में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया था। उनकी कर्मठता, उनकी राष्ट्र निष्ठा व संगठन क्षमता को ध्यान में रखकर उन्हें प्रदेश के मुख्यमंत्री पद का दायित्व दिया गया। वह स्वतंत्र भारत के उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने फिर उन्होंने गृहमंत्री के रूप में देश व प्रदेश की सेवा की।

मुख्यमंत्री ने कह कि वर्तमान में उत्तराखंड जो कि तब उत्तर प्रदेश का ही भाग हुआ करता था, उसके कुमायूं मंडल में जन्मे पंडित गोविंद बल्लभ पंत को समाज और राष्ट्र के लिए किए गए उनके योगदान के लिए मैं प्रदेशवासियों की तरफ से स्मरण करते हुए विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूं।

# नोएडा सैक्टर -70 पैन ओएसिस सोसायटी में गौ कथा का आयोजन।

**नोएडा समाज जागरण डेस्क**
**ऋषभ कुमार झा**

नोएडा सैक्टर 70 के पैन ओएसिस सोसायटी में गौ कथा का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या मे गौ भक्तों ने कथा का श्रवण किया। इस अवसर पर कथा वाचक श्री कन्हैया दास जी महाराज ने गौ कथा के साथ झ साथ एक विशेष जानकारी भी लोगो को दिया। उन्होंने कहा कि हमारी गौ माताओं के पंचगव्य से बड़ी संख्या मे कैंसर के मरीज ठीक हो रहे है। गौ माता के गोबर से कैसे रेडिएशन के दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है इस पर उन्होने विशेष जानकारी दिया।



# हरियाणा में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा के फेसबुक पेज के हैक होने के बाद अब सांसद दीपेंद्र हुड्डा का फेसबुक पेज भी कर लिया गया हैक

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र हुड्डा के फेसबुक पेज के हैक होन के बाद अब उनके पुत्र सांसद दीपेन्द्र हुड्डा का भी फेसबुक पेज हैक हो गया है। जिसकी जानकारी खुद दीपेन्द्र हुड्डा ने अपने ट्वीटर अकाउंट पर दी है। उन्होंने लिखा. मेरा आधिकारिक फेसबुक पेज हैक हो गया है। मेरे कार्यालय स्टाफ द्वारा इसको दोबारा से हासिल करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पेज रिकवर होने पर आपको फिर जानकारी देंगे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा के फेसबुक पेज पर 10 लाख फॉलोअर हैं। वे सिर्फ 6 लोगों को ही फॉलो करते हैं। समय-समय पर वे अपने फॉलोअर्स के लिए सूचनाएं और पोस्ट डालते रहते हैं। अंतिम पोस्ट 4 दिन पहले डाली गई थी जिसमें उन्होंने सरपंचों द्वारा कांग्रेस पार्टी जॉइन करने के बारे में पोस्ट किया था।



### पूर्व मुख्यमंत्री का भी हो चुका फेसबुक पेज हैक

करीब 3 दिन पहले हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा का फेसबुक पेज भी हैक कर लिया था। हैकरों ने पूर्व की फोटो हटाकर एक पोस्ट भी की थी और प्रोफाइल पिक की जगह 'न्यूज' लोगो लगा दिया गया था। वहीं 2 साल पहले भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेन्द्र सिंह हुड्डा का ट्विटर अकाउंट हैक हो चुका है।

## हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में:

# हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है

जैसा कि हम सबको ज्ञात है कि भारत वर्ष की राजभाषा हमारी मातृभाषा हिन्दी है और लिपि देवनागरी है । संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप भारतीय अंकों का अंतराष्ट्रीय रूप है त्संविधान का अनुच्छेद 343 (1)। परन्तु हिंदी के अतिरिक्त अंग्रेजी भाषा का प्रयोग भी सरकारी कामकाज में किया जा सकता है (राजभाषा अधिनियम की धारा 3)।
जिसके उपलक्ष्य में हमारे देश में पहली बार 14 सितंबर 1953 को हिन्दी दिवस मनाया गया था और उसके बाद से हर साल इसे बड़े उत्साह के साथ मनाया जाता है। इस दिन स्कूल, कॉलेज, शैक्षणिक संस्थाएं, सरकारी कार्यालयों व संस्थानों आदि अन्य जगहों पर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। हिन्दी में काम काज करने के लिये प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं और हिन्दी में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया जाता है साथ ही प्रोत्साहित भी किया जाता है। अन्य त्योहारों की तरह ही लोग इस दिन भी अपने जानने वालों को बधाई व शुभकामनाओं वाले संदेश भेजते हैं। आप भी अपने मित्रों को हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं भेज सकते हैं :-

हिन्दी है हमारी राष्ट्र भाषा,
हिन्दी है बड़ी प्यारी भाषा,
हिन्दी की सुरीली वाणी है,
हमें लगे हर तरह प्यारी है।

हिन्दी दिवस की शुभकामनाएं।
हिन्दी हमारी मातृभाषा है,
हिन्दी हर दिन बोलें हर पल बोलें,
हिन्दी दिवस के इस अवसर पर,
सबको बोलने के लिए प्रेरित करें।

हिन्दी दिवस के अवसर पर मैंने एक छोटी सी कविता लिखी है जो मैं यहाँ प्रस्तुत कर रहा हूँ :-
कविता का शीर्षक है:-

हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है

मेरी रचना, मेरी कविता
हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है

हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है
पर भारत वर्ष में अब भी दासी है,
अंग्रेजी है बैठी ऊँचे सिंहासन पर,
मातृभाषा हिन्दी क्यों चपरासी है।
हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है।

हिन्दी का है सरित प्रवाह सलिल,
रस, अलंकार शोभित सुरभित है,
दोहा, चौपाई, छंद, सोरठा, बरवै,
हिन्दी स्वर,व्यंजन,बचन रचित है।
हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है।

रौद्र, बीभत्स, भयानक, शांत रस,
श्रृंगार,हास्य,करुण, वीर,अद्भुत हैं,
उपमा,यमक,रूपक, श्लेष,उत्प्रेक्षा
अतिशयोक्ति,अनुप्रास अलंकृत हैं।
हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है।

भारतमाता के मस्तक की बिंदी,
विश्व पटल पर अब गूंजेगी हिन्दी,
जन जन की प्रिय भाषा हिन्दी है,
पूरे भारतवर्ष की आशा हिन्दी है।
हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है।

संस्कृत भाषा की अग्रजा ये बेटी,
अन्य भाषायें इसकी बहने छोटी,
सारे भारत को जोड़ कर रखती है,
एकतासूत्र यह प्रिय भाषा हिन्दी है।
हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है।

हिंदुस्तान की गौरव भाषा हिन्दी है,
आदित्य मातृभाषा हमारी हिन्दी है,
मेरी काव्य कल्पना रचना हिन्दी है,
मेरे जीवन की परिभाषा हिन्दी है।
हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है।

हिन्दी दिवस की शुभकामनायें हैं,
सारे भारत की अब यही दुआयें हैं,
जन-गण-मन की वाणी हिन्दी है,
युगों युगों से न्यारी भाषा हिन्दी है।
हिन्दी चिर परिचित अविनाशी है।



**कर्नल आदि शंकर मिश्र, आदित्य**
**लखनऊ**

# भारतीय संस्कृति और संस्कारों को को भ्रमित करती पश्चात जीवन शैली।

**दैनिक समाज जागरण**

अंग्रेजों के आने के पूर्व भारतीय संस्कृति धार्मिक, आध्यात्मिक, परंपरा वादी, भाग्यवादी रही है। अंग्रेजों के भारत आने के बाद और उनके संपर्क में रहने से भारतीय जीवन का स्वरूप काफी हद तक परिवर्तित एवं बदले हुए स्वरूप में आया था । धार्मिकता आध्यात्मिकता तथा त्याग व ममता को व्यापक भौतिकवादी दृष्टिकोण से काफी नुकसान पहुंचा है। पश्चात विचारधारा के संपर्क में आने से परंपराओं के प्रति मोह धीरे-धीरे कम होने लगा एवं नई वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली सोच के कारण भाग्य वाद के प्रति आस्था उत्पन्न होने लगी। इसके अतिरिक्त भारतीय दर्शन के आंतरिक गुणों आदर्श नैतिकता,बुद्धि आदि में भी आमूलचूल परिवर्तन हुए हैं। और इन घटकों पर नवीन शिक्षा पद्धति का व्यापक प्रभाव पड़ा है। अंग्रेज भारत को ऐसा वर्ग विशेष बनाना चाहते थे, जो जन्म और रंग से तो पूर्वी हों, पर अन्य सभी दृष्टिकोण से सब अंग्रेज बने रहें। भारत का उच्च वर्ग या अमीर तबका, राजा, महा-राजा,नवाब धीरे-धीरे अंग्रेजी शिक्षा के गुलाम होते चले गए,और पाश्चात्य संस्कृति की ओर झुकते गए। भारतीय संस्कृति को विस्मृत करने में यही उच्च वर्ग या अमीर लोग काफी हद तक जिम्मेदार है। यह लोग अंग्रेजियत की नकल करने लगे,तथा भारतीय समाज धर्म दर्शन में इनकी कोई रूचि अविश्वास नहीं रहने लगा था। और इनकी नकल में इनके मातहत, सिपहसालार भी उसी रंग में डूबने लगे थे। धीरे धीरे पश्चिमी सभ्यता ने भारतीय संस्कृति पर अपना व्यापक प्रभाव डालना शुरू कर दिया था।

पश्चिमी संस्कृति का वृहद अध्ययन करने वाले भारतीय विद्वानों ने पश्चिम की ओर इस अंधे आकर्षण का खुलकर विरोध भी किया था। इन्हीं विद्वानों ने भारतीय जनमानस को अपनी शक्ति और धर्म में विश्वास करने की प्रेरणा देकर उनका मार्गदर्शन किया था। तत्पश्चात भारतीय शोधकताओं ने पश्चिम सभ्यता तथा उसकी शिक्षा का व्यापक परीक्षण शुरू कर दिया था। और इन्हीं शोधकताओं और विद्वानों की अथक मेहनत से प्राचीन परंपराओं में सर्वश्रेष्ठ का चयन कर एवं पाश्चात्य दर्शन की श्रेष्ठ धारणाओं को मिलाकर एक नए दर्शन को समाज के सामने प्रस्तुत किया था। भारतीय विद्वानों, शोधकताओं एवं विचारकों ने प्राचीन भारतीय कुप्रथा जैसे छुआछूत, पर्दा प्रथा,बहु विवाह, बाल वि-वाह, देवदासी प्रथा एवं महिला शिक्षा, तथा निरक्षरता के विरोध में अभियान चलाकर सामाजिक चेतना का आह्वान किया था। पर पाश्चात्य संस्कृति के प्रभाव में आकर भारतीय समाज में नैतिक विचारों में परिवर्तन की शुरूआत हुई। इस परिवर्तन के साथ भारतीय जनमानस के रहन-सहन खानपान, वेशभूषा,विवाह समारोह, आचार विचार, शिष्टाचार तथा व्यवहार में पाश्चात्य शिक्षा की झलक दिखाई देने लगी। जाति प्रथा के कठोर नियम ढीले पड़ने लगे। बाल विवाह प्रथा में बेहद कमी आने लगी। पश्चात दर्शन ने भारतीय संस्कृति में जीवंत एवं चरित्र को एक नया बदलाव दिया था। पाश्चात्य संस्कृति में धीरे-धीरे भारतीय रहन-सहन रीति-रिवाज प्रथाओं को प्रभावित किया। ड्रेसिंग सेंस, खान पान,बोलने चालने तथा अभिवादन के तर-ीकों में बड़े परिवर्तन हुए। वेस्टर्न पद्धति से संस्कृति शिक्षा विचारधाराओं ने भारत को दुनिया के राष्ट्रीय जीवन के संपर्क में ला खड़ा किया था। देश के अंदर विभिन्न अलग-अलग विचारधाराओं के समूहों को एक सांस्कृतिक समानता के मंच पर लाकर खड़ा किया। और इसी सांस्कृतिक समानता ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में एकता और राष्ट्रीयता की नई मिसाल स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए प्रदान की थी। विहंगम दृष्टिकोण से देखा जाए तो पाश्चात्य दर्शन ने भारतीय परंपरा रीति रिवाज में महत्वपूर्ण सुधार लाने की एक नई पहल की थी। प्राचीन परंपराओं के फल स्वरुप भारतीय जनमानस को रीति-रिवाजों एवं पाखंडी पन ने जीवन में जंजीर बनकर जकड़ रखा था। संस्कृति तथा कुप्रथाओं ने स्वतंत्र विचारों को मस्तिष्क में ही कैद कर लिया था ।एवं आमजन का जीना मुश्किल हो गया था। प्रभाव तथा कुरीतियों से सबसे ज्यादा सजा महिलाएं बालिकाएं तथा बच्चों को ही मिल रही थी। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन ने शिक्षा धर्म तथा आदर्शों के मूल्यों में सुधार लाने का महत्वपूर्ण कार्य किया था। पाश्चात्य शिक्षा से अंधविश्वास के बदले बुद्धि वि-वेक और तर्क ने वैज्ञानिक विचारधारा के हिसाब से जीवन यापन करने की पद्धति से अवगत कराया था। पाश्चात्य शिक्षा तथा दर्शन के कारण ही भारत में ईसाई धर्म समाज की स्थापना हो पाई थी। ईसाइयत का भारत में जन्म अंग्रेजों के आने के बाद ही हुआ था। पाश्चात्य सभ्यता एवं शिक्षा से भारतीय महिलाओं पर सर्वाधिक प्रभाव पड़ा। उनकी शिक्षा-दीक्षा रहन सहन तथा व्यवहार में काफी परिवर्तन आया तथा भारतीय महिलाओं ने खुली हवा में सांस लेने के अवसर भी तलाशना शुरू कर दिया था। और आज भारत में महिलाएं कंधे से कंधा मिलाकर पुरुषों के साथ हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। भारतीय जनमानस में पाश्चात्य सभ्यता का बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ा ।जीवन में विकास भी हुआ, और नागरिकों को नए वैज्ञानिक दृष्टिकोण से भी साक्षात्कार हुआ। पर इसके साथ पाचल सभ्यता ने भारत को बहुत सारी विकृतियां भी प्रदान की है। जैसे स्त्रियों का खुलापन, नशे की खुली लत एवं महिलाओं तथा पुरुषों का वासनायुक्त खुला व्यवहार, अशोभनीय स्तर पर आ गया है। नशे की अधिकता,महिलाओं के खुले व्यवहार को देखकर आने वाली पीढ़ी की नैतिक शिक्षा में बहुत ज्यादा प्रभाव पड़ने वाला है। इसमें भारतीय शिक्षा पद्धति में भारतीय संस्कृति के दर्शन के अध्यापन की भी महती आवश्यकता है।



**संजीव ठाकुर ,चिंतक,**
**लेखक रायपुर छत्तीसगढ़**

# महादेवी वर्मा

महादेवी वर्मा (जन्मः 26 मार्च, 1907, फर्रुखाबाद; मृत्युः 11 सितम्बर, 1987, प्रयाग) हिन्दी भाषा की प्रख्यात कवयित्री हैं। महादेवी वर्मा की गिनती हिन्दी कविता के छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभ सुमित्रानन्दन पन्त, जयशंकर प्रसाद और सूर्यकान्त त्रिपाठी निराला के साथ की जाती है। आधुनिक हिन्दी कविता में महादेवी वर्मा एक महत्त्वपूर्ण शक्ति के रूप में उभरीं। महादेवी वर्मा ने खड़ी बोली हिन्दी को कोमलता और मधुरता से संसिक्त कर सहज मानवीय संवेदनाओं की अभिव्यक्ति का द्वार खोला, विरह को दीपशिखा का गौरव दिया, व्यष्टिमूलक मानवतावादी काव्य के चिंतन को प्रतिष्ठापित किया। महादेवी वर्मा के गीतों का नाद-सौंदर्य, पैनी उक्तियों की व्यंजना शैली अन्यत्र दुर्लभ है।

### जीवन परिचय

महादेवी वर्मा अपने परिवार में कई पीढ़ियों के बाद उत्पन्नहुई। उनके परिवार में दो सौ सालों से कोई लड़की पैदा नहीं हुई थी, यदि होती तो उसे मार दिया जाता था। दुर्गा पूजा के कारण आपका जन्म हुआ। आपके दादा फारसी और उर्दू तथा पिताजी अंग्रेजी जानते थे। माताजी जबलपुर से हिन्दी सीख कर आई थी, महादेवी वर्मा ने पंचतंत्र और संस्कृत का अध्ययन किया। महादेवी वर्मा जी को काव्य प्रतियोगिता में 'चांदी का कटोरा' मिला था। जिसे इन्होंने गाँधीजी को दे दिया था। महादेवी वर्मा कवि सम्मेलन में भी जाने लगी थी, वो सत्याग्रह आंदोलन के दौरान कवि सम्मेलन में अपनी कवितायें सुनाती और उनको हमेशा प्रथम पुरस्कार मिला करता था। महादेवी वर्मा मराठी मिश्रित हिन्दी बोलती थी।

### जन्म

महादेवी वर्मा का जन्म होली के दिन 26 मार्च, 1907 को फर्रुखाबाद, उत्तर प्रदेश में हुआ था। महादेवी वर्मा के पिता श्री गोविन्द प्रसाद वर्मा एक वकील थे और माता श्रीमती हेमरानी देवी थीं। महादेवी वर्मा के माता-पिता दोनों ही शिक्षा के अनन्य प्रेमी थे।[2] महादेवी वर्मा को 'आधुनिक काल की मीराबाई' कहा जाता है। महादेवी जी छायावाद रहस्यवाद के प्रमुख कवियों में से एक हैं। हिन्दुस्तानी स्त्री की उदारता, करुणा, सात्विकता, आधुनिक बौद्धिकता, गंभीरता और सरलता महादेवी वर्मा के व्यक्तित्व में समाविष्ट थी। उनके व्यक्तित्व और कृतित्व की विलक्षणता से अभिभूत रचनाकारों ने उन्हें 'साहित्य साम्राज्ञी', 'हिन्दी के विशाल मंदिर की वीणापाणि', 'शारदा की प्रतिमा' आदि विशेषणों से अभिहित करके उनकी असाधारणता को लक्षित किया। महादेवी जी ने एक निश्चित दायित्व के साथ भाषा, साहित्य, समाज, शिक्षा और संस्कृति को संस्कारित किया। कविता में रहस्यवाद, छायावाद की भूमि ग्रहण करने के बावजूद सामयिक समस्याओं के निवारण में महादेवी वर्मा ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### शिक्षा

महादेवी वर्मा की प्रारम्भिक शिक्षा इन्दौर में हुई। महादेवी वर्मा ने बी.ए. जबलपुर से किया। महादेवी वर्मा अपने घर में सबसे बड़ी थी उनके दो भाई और एक बहन थी।



1919 में इलाहाबाद में 'क्रॉस्थवेट कॉलेज' से शिक्षा का प्रारंभ करते हुए महादेवी वर्मा ने 1932 में इलाहाबाद विश्वविद्यालय से संस्कृत में एम.ए. की उपाधि प्राप्त की। तब तक उनके दो काव्य संकलन 'नीहार' और 'रश्मि' प्रकाशित होकर चर्चा में आ चुके थे।[3] महादेवी जी में काव्य प्रतिभा सात वर्ष की उम्र में ही मुखर हो उठी थी। विद्यार्थी जीवन में ही उनकी कविताएँ देश की प्रसिद्ध पत्र-पत्रिकाओं में स्थान पाने लगीं थीं।

### विवाह

उन दिनों के प्रचलन के अनुसार महादेवी वर्मा का विवाह छोटी उम्र में ही हो गया था परन्तु महादेवी जी को सांसारिकता से कोई लगाव नहीं था अपितु वे तो बौद्ध धर्म से बहुत प्रभावित थीं और स्वयं भी एक बौद्ध भिक्षुणी बनना चाहतीं थीं। विवाह के बाद भी उन्होंने अपनी शिक्षा जारी रखी। महादेवी वर्मा की शादी 1914 में 'डॉ. स्वरूप नरेन वर्मा' के साथ इंदौर में 9 साल की उम्र में हुई, वो अपने माँ पिताजी के साथ रहती थीं क्योंकि उनके पति लखनऊ में पढ़ रहे थे।

### विरासत

शिक्षा और साहित्य प्रेम महादेवी जी को एक तरह से विरासत में मिला था। महादेवी जी में काव्य रचना के बीज बचपन से ही विद्यमान थे। छः सात वर्ष की अवस्था में भगवान की पूजा करती हुई माँ पर उनकी तुकबन्दीः

**ठंडे पानी से नहलाती**
**ठंडा चन्दन उन्हें लगाती**
**उनका भोग हमें दे जाती**
**तब भी कभी न बोले हैं**
**मां के ठाकुर जी भोले हैं।**

वे हिन्दी के भक्त कवियों की रचनाओं और भगवान बुद्ध के चरित्र से अत्यन्त प्रभावित थी। उनके गीतों में प्रवाहित करुणा के अनन्त स्रोत को इसी कोण से समझा जा सकता है। वेदना और करुणा महादेवी वर्मा के गीतों की मुख्य प्रवृत्ति है। असीम दुःख के भाव में से ही महादेवी वर्मा के गीतों का उदय और अन्त दोनों होता है।

महिला विद्यापीठ की स्थापना
महादेवी वर्मा ने अपने प्रयत्नों से इलाहाबाद में 'प्रयाग महिला विद्यापीठ' की स्थापना की। इसकी वे प्रधानाचार्य एवं कुलपति भी रहीं। महादेवी वर्मा पाठशाला में हिन्दी-अध्यापक से प्रभावित होकर ब्रजभाषा में समस्या पूर्ति भी करने लगीं। फिर तत्कालीन खड़ी बोली की कविता से प्रभावित होकर खड़ी बोली में रोला और हरिगीतिका छन्दों में काव्य लिखना प्रारम्भ किया। उसी समय माँ से सुनी एक करुण कथा को लेकर सौ छन्दों में एक खण्डकाव्य भी लिख डाला। 1932 में उन्होंने महिलाओं की प्रमुख पत्रिका 'चाँद' का कार्यभार सँभाला। प्रयाग में अध्यापन कार्य से जुड़ने के बाद हिन्दी के प्रति गहरा अनुराग रखने के कारण महादेवी वर्मा दिनों-दिन साहित्यिक क्रियाकलापों से जुड़ती चली गईं। उन्होंने न केवल 'चाँद' का सम्पादन किया वरन् हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए प्रयाग में 'साहित्यकार संसद' की स्थापना की। उन्होंने 'साहित्यकार' मासिक का संपादन किया और 'रंगवाणी' नाट्य संस्था की भी स्थापना की।

### कृतियाँ

महादेवी जी कवयित्री होने के साथ-साथ एक विशिष्ट गद्यकार थीं। 'यामा' में उनके प्रथम चार काव्य-संग्रहों की कविताओं का एक साथ संकलन हुआ है। 'आधुनिक कवि-महादेवी' में उनके समस्त काव्य से उन्हीं द्वारा चुनी हुई कविताएँ संकलित हैं। कवि के अतिरिक्त वे गद्य लेखिका के रूप में भी पर्याप्त ख्याति अर्जित कर चुकी हैं। 'स्मृति की रेखाएं' (1943 ई.) और 'अतीत के चलचित्र' (1941 ई.) उनकी संस्मरणात्मक गद्य रचनाओं के संग्रह हैं। 'श्रृंखला की कड़ियाँ' (1942 ई.) में सामाजिक समस्याओं, विशेषकर अभिशप्त नारी जीवन के जलते प्रश्नों के सम्बन्ध में लिखे उनके विचारात्मक निबन्ध संकलित हैं। रचनात्मक गद्य के अतिरिक्त 'महादेवी का विवेचनात्मक गद्य' में तथा 'दीपशिखा', 'यामा' और 'आधुनिक कवि-महादेवी' की भूमिकाओं में उनकी आलोचनात्मक प्रतिभा का भी पूर्ण प्रस्फुटन हुआ है। उनकी कृतियाँ इस प्रकार हैं

### काव्य संग्रह

महादेवी वर्मा के 1934 में 'नीरजा', 1936 में 'सांध्यगीत' नामक संग्रह प्र-काशित हुए। 1939 में इन चारों काव्य संग्रहों को उनकी कलाकृतियों के साथ वृहदाकार में 'यामा' शीर्षक से प्रकाशित किया गया। महादेवी वर्मा ने गद्य, काव्य, शिक्षा और चित्रकला सभी क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित किए। इसके अतिरिक्त उनके 18 काव्य और गद्य कृतियाँ हैं जिनमें 'मेरा परिवार', 'स्मृति की रेखाएँ', 'पथ के साथी', 'श्रृंखला की कड़ियाँ' और 'अतीत के चलचित्र' प्रमुख हैं।

### काव्य विशेषताएँ

महादेवी के काव्य में भाव समृद्धि तथा शैल्पिक सौन्दर्य का आकर्षक समन्वय है। आपके काव्य की उभयपक्षीय विशेषताएँ इस प्रकार हैं-

### भाव पक्ष

महादेवी जी के काव्य में आत्मनिवेदन का स्वर प्रधान है। अपने हृदय की विविध अनुभूतियों को ही कवयित्री ने काव्य का विषय बनाया है। अज्ञात प्रियतम के प्रति विरह व्यथा का निवेदन, मिलन का संकल्प, रहस्यमयी संवेदनाएँ और प्रकृति का कोमलकान्त दृश्यांकन आपके गीतों के प्रधान विषय हैं। आध्यात्मिकता और दार्शनिकता के झीने अंचल से आवृत्त आपके मृदुल उदगार एक मोहक भाव जगत की सृष्टि करते हैं।

### रस योजना

महादेवी जी के काव्य का प्रधान रस श्रृंगार है। यद्यपि श्रृंगार के संयोग तथा वियोग दोनो ही पक्षों को कवयित्री ने काव्य का विषय बनाया है, तथापि वियोग की अभिव्यक्ति ही अधिक तल्लीनता से हुई है। यह वियोग लौकिक धरातल पर स्थित होते हुए भी अपनी भव्यता से अलौकिकता के अम्बर का स्पर्श करता चलता है। वह कबीर की भाँति वियोगिनी आत्मा का प्रियतम परमात्मा के प्रति प्रेम निवेदन बनकर सहृदयों के हृदयों को भाव तरंगों में झुलाने लगता है।

### वेदना

महादेवी का समस्त काव्य वेदनामय है। यह वेदना लौकिक वेदना से भिन्न आध्यात्मिक जगत की है, जो उसी के लिए सहज संवेद्य हो सकती है, जिनसे उस अनुभूति-क्षेत्र में प्रवेश किया हो। वैसे महादेवी इस वेदना को उस दुःख की भी संज्ञा देती हैं, "जो सारे संसार को एक सूत्र में बाँधे रखने की क्षमता रखता है"[12] किन्तु विश्व को एक सूत्र में बाँधने वाला दुःख सामान्यतया लौकिक दुःख ही होता है, जो भारतीय साहित्य की परम्परा में करुण रस का स्थायी भाव होता है। महादेवी ने इस दुःख को नहीं अपनाया है। कहती तो हैं कि "मुझे दुःख के दोनों ही रूप प्रिय हैं, एक वह, जो मनुष्य के संवेदनशील हृदय को सारे संसार से एक अविच्छिन्न बन्धनों में बाँध देता है और दूसरा वह जो काल और सीमा के बन्धन में पड़े हुए असीम चेतन का क्रन्दन है"[13] किन्तु उनके काव्य में पहले प्र-कार का नहीं, दूसरे प्रकार का 'क्रन्दन' ही अभिव्यक्त हुआ है।

# तेरी याद

सागर की लहरों सी
आती है तेरी याद।
तन-मन मेरे सारे
भिगो जाती है तेरी याद

तन्हाइयों में भी मुझे
तन्हा नही छोड़ती,
हद से ज्यादा मुझे
सताती है तेरी याद।

कहाँ शांत रहने देती है
मेरी धड़कनों को,
खामोशियों में भी
आवाज लगाती है तेरी याद।

पल भर के लिये भी
चैन नहीं लेने देती है।
हद से ज्यादा रुलाती है तेरी याद।

कब जीने देती है
मुझे सुकून से ए सनम
भीड़ में भी तनहा
कर जाती है तेरी "याद"



**बिंदु अग्रवाल, शिक्षिका सह कवयित्री**
**मध्य विद्यालय गलगलिया बिहार**

# बाबा हरभजन सिंह

बाबा हरभजन सिंह (जन्म- 3 अगस्त, 1941, कपूरथला, पंजाब; मृत्यु- 11 सितम्बर, 1968, सिक्किम) भारतीय सेना का एक ऐसा सैनिक, जिसके बारे में यह माना जाता है कि अपनी मृत्यु के बाद आज भी वह देश की सरहद की रक्षा कर रहा है। इस सिपाही को अब लोग 'कैप्टन बाबा हरभजन सिंह' के नाम से पुकारते हैं। हरभजन सिंह की मृत्यु 11 सितम्बर, 1968 में सिक्किम के साथ लगती चीन की सीमा के साथ नाथूला दर्रे में गहरी खाई में गिरने से हो गई थी। लोगों का ऐसा मानना है कि तब से लेकर आज तक यह सिपाही भूत बनकर सरहदों की रक्षा कर रहा है। इस बात पर हमारे देश के सैनिकों को पूरा विश्वास तो है ही, साथ ही चीन के सैनिक भी इस बात को मानते हैं, क्योंकि उन्होंने कैप्टन बाबा हरभजन सिंह को मरने के बाद घोड़े पर सवार होकर सरहदों की गश्त करते हुए देखा है।

### जन्म तथा शिक्षा

हरभजन सिंह का जन्म 3 अगस्त, 1941 को पंजाब के कपूरथला ज़िले में ब्रोंदल नामक ग्राम में हुआ था। उन्होंने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा गाँव के ही स्कूल से प्राप्त की थी। मार्च, 1955 में उन्होंने 'डी.ए.वी. हाई स्कूल', पट्टी से मेट्रिकुलेशन किया था।

### भारतीय सेना में प्रवेश

जून, 1956 में हरभजन सिंह अमृतसर में एक सैनिक के रूप में प्रविष्ट हुए और सिग्नल कोर में शामिल हो गए। 30 जून, 1965 को उन्हें एक कमीशन प्रदान की गई और वे '14 राजपूत रेजिमेंट' में तैनात हुए। वर्ष 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में उन्होंने अपनी यूनिट के लिए महत्त्वपूर्ण कार्य किया। इसके बाद उनका स्थानांतरण '18 राजपूत रेजिमेंट' के लिए हुआ।

### निधन

वर्ष 1968 में कैप्टन हरभजन सिंह '23वीं पंजाब रेजिमेंट' के साथ पूर्वी सिक्किम में सेवारत थे। 4 अक्टूबर, 1968 को खच्चरों का एक काफिला लेकर, पूर्वी सिक्किम के तुकुला से डोंगचुई तक, जाते समय पाँव फिसलने के कारण एक नाले में गिरने से उनकी मृत्यु हो गई। पानी का तेज बहाव होने के कारण उनका पार्थिव शरीर बहकर घटना स्थल से 2 कि.मी. की दूरी पर जा पहुँचा। जब भारतीय सेना ने बाबा हरभजन सिंह की खोज-खबर लेनी शुरू की गई, तो तीन दिन बाद उनका पार्थिव शरीर मिला।

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# लखनऊ में मोस्ट सम्मेलन हुआ सम्पन्न

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ । पिछड़ों में शिक्षा जागरूकता व बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने का संकल्प लखनऊ में मोस्ट कल्याण संस्थान के निदेशक शिक्षक श्यामलाल निषाद "गुरुजी" के नेतृत्व में किया गया आयोजन कार्यक्रम की अध्यक्षता डा० अकमल ने की।

सम्मेलन में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि पिछड़ों / निर्धनों के शैक्षिक स्तर में सुधार के लिए गाँव-गाँव शिक्षा का महत्व बताने व उनके बच्चों की बुनियादी शिक्षा को मजबूत करने के लिए प्रदेश में संस्थान के पदाधिकारियों द्वारा शिक्षा जागरूकता कार्यक्रम व गाँव वालों के सहयोग से निःशुल्क पाठशालाएं खोली जाएगी। उक्त उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रदेश स्तर पर संगठनात्मक विस्तार किये जाने का निर्णय लिया गया । जिसमें रामानन्द बौद्ध को मोस्ट कल्याण संस्थान का प्रदेश संयोजक व आरती कश्यप को महिला विंग का प्रदेश संयोजक चयनित किया गया। सम्मेलन में प्रदेश के सभी जनपदों व देश के दर्जनों राज्यों के मोस्ट चिन्तकों ने प्रतिभाग किया।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर सरकार के विरुद्ध जंग का ऐलान – चेत नारायण सिंह

संवाददाता समर्थ कुमार सक्सेना



लखनऊ। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ की प्रदेशीय बैठक जय नारायण पीजी कालेज में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष चेत नारायण सिंह व संचालन महामंत्री राम बाबू शास्त्री ने किया। बैठक में पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, तदर्थ शिक्षकों को विनियमित करने व शिक्षा सेवा आयोग की विसंगति को दूर कराने व वित्त विहीन शिक्षकों को मानदेय दिलाने को लेकर सरकार के विरुद्ध जंग का ऐलान किया गया। संगठन ने निर्णय लिया कि नवम्बर माह के अंत तक मांगे पूरी ना हुई तो दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह में व्यापक आंदोलन होगा।

प्रदेश संरक्षक व सदस्य विधान परिषद राज बहादुर सिंह चंदेल ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना सहित अन्य प्रमुख मार्गों को लेकर देश व प्रदेश के सभी कर्मचारियों को साथ लेकर आंदोलन किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष चेत नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षा सेवा चयन आयोग धारा 18 व धारा 21 के बिना स्वीकार नही है। इसका व्यापक विरोध किया जाएगा। प्राथमिक, माध्यमिक महाविद्यालयों के शिक्षकों को साथ लेकर आक्रामक संघर्ष करेंग। बैठक को प्रदेश के 18 मंडलों, 75 जनपदों के जिलाध्यक्षों के साथ प्रदेश पदाधिकारियों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए। बैठक प्रदेश के सभी जिलों से उम्मीद से कई गुना ज्यादा सदस्यता शुल्क जमा किया गया। बैठक को लवकुश मिश्रा, महेश चंद्र यादव, महेश चंद्र यादव, मार्कण्डेय सिंह, अनिरुद्ध त्रिपाठी, राम पूजन सिंह, संजय द्विवेदी, अजय प्रताप सिंह, गिरिजानंद यादव,अरुण कुमार मिश्र, गुलाब चंद्र राय, राम विलास चौधरी, डा.मेजर देवेंद्र सिंह, नरसिंह बहादुर सिंह, जगदीश चंद्र व्यास,जगदीश बाथम, डा.सुरेश तिवारी, रामानंद द्विवेदी, सुंदर पाल यादव, राम मोहन शाही, अजय प्रकाश सिंह, सुलेखा जैन, डा.दिनेश चंद्र पचौरी, स्वराज पाल दुहणु ने भी संबोधित किया।

बैठक में कमल सिंह यादव, रति राम मावी, पूरण सिंह, भगवान स्वरूप शर्मा, वीरेंद्र कुमार तिवारी, संतसेवक सिंह, शिव मूरत सिंह वीरेंद्र सिंह, डा.राकेश सिंह, मनोज कुमार सिंह, अरुण कुमार सिंह,राम पूजन सिंह,जगरनाथ कसाना, सुरेखा जैन, शमशाद हुसैन, नसीम हुसैन, पंचम सिंह, सोमदेव सिंह, गुरमेज सिंह, संजीव चौहान, दिनेश कुमार सिंह, डा.जगवीर सिंह, कमल मोहन पांडेय,चंद्रपाल गंगवार, अशोक शुक्ला, सोमेश सिंह, अनिल यादव,अनिल पांडेय, धीरेंद्र सिंह, वीर प्रताप सिंह, लक्ष्मी कांत पांडेय, आशा राम वर्मा, सुशील सिंह, सुधाकर सिंह, प्रमोद कुमार सिंह ,शिव सिंह, हरिकेश यादव, प्रदीप सिंह, प्रकाश सिंह, लवकुश राय, अरुण कुमार सिंह, राम विलास यादव,महेश राम,जय प्रकाश सिंह, अनिल कुमार, रामेश्वर गंगवार, करुणा शंकर मिश्र, रमाशंकर,विनय सिंह, रामानंद यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# यीडा के अपैरल पार्क में भूखंडों के लिए उद्यमियों में लगी होड़

## 70 से अधिक औद्योगिक इकाइयों द्वारा अभी भी की जा रही है भूखंडों की मांग

समाज जागरण

लखनऊ, 10 सितंबर। योगी सरकार द्वारा प्रदेश में कलस्टर के रूप में औद्योगिक क्षेत्रों को विकसित करने की शुरूआत की गई है। इसी क्रम में योगी सरकार यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (यीडा) में अपैरल पार्क क्लस्टर की स्थापना कर रही है। ये यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण द्वारा स्थापित पहला औद्योगिक कलस्टर है। इस कल्स्टर में अपने उद्योग लगाने को लेकर उद्यमियों में जबर्दस्त उत्साह देखा जा रहा है। उसका उदाहरण ये है कि भूखंड आवंटित होने के बावजूद अभी भी 70 से अधिक औद्योगिक इकाइयों द्वारा यमुना एक्सप्रेस वे प्राधिकरण में टेक्सटाइल क्लस्टर के भूखंडों की मांग की जा रही है। उल्लेखनीय है कि सेक्टर 29 में इस अपैरल पार्क कलस्टर की स्थापना की गई है, जिसका कुल क्षेत्रफल 175 एकड़ है। इसमें कुल 89 भूखंड है जिनमें से 81 भूखंड आवंटित किए जा चुके हैं तथा 64 भूखंडों का लीज प्लान तथा चेक लिस्ट इश्यू की जा चुकी है। इनमें से 39 भूखंडों पर भौतिक कब्जा पत्र भी आवंटियों को वितरित किया जा चुका है। इस अपैरल पार्क के कारण ही गौतमबुद्धनगर को सिटी ऑफ अपैरल के नाम से भी जाना जाता है।

### दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेस-वे से जोड़ा जा रहा अपैरल पार्क

प्राधिकरण के औद्योगिक क्षेत्र के अंदर कन्वेन्शन सेंटर, एग्जिबिशन सेंटर वा डेडिकेटेड कार्गो की स्थापना की जाएगी। जेवर में निमार्णाधीन नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट में डेडिकेटेड कार्गो विकसित किया जाएगा। वर्तमान में कार्गो के अंदर सबसे अधिक हिस्सेदारी करीब 37% वस्त्र उद्योग की है। जेवर से कार्गो दिल्ली से भी सस्ता पड़ेगा क्योंकि यहां पर फ्यूल पर केवल 1% का वैट सरकार द्वारा लगाया जा रहा है। प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर सिंह के अनुसार प्राधिकरण के इस अपैरल पार्क को बल्लभगढ़ के पास से दिल्ली-नोएडा एक्सप्रेस-वे से जोड़े जाने पर एनएचएआई द्वारा कार्य शुरू कर दिया गया है। प्राधिकरण क्षेत्र में रैपिड रेल एनसीआरटीसी की स्टडी भी प्रारंभ करा दी गई है। इस क्षेत्र में देश का पहला और विश्व का छठा पॉड टैक्सी सिस्टम बनाया जाएगा, जिसके लिए प्राधिकरण द्वारा अंतरराष्ट्रीय निविदा भी जारी की जा चुकी है। साथ ही पीआरटी सिस्टम की प्री बिड बैठक में विश्व की सभी सर्वश्रेष्ठ कंपनियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### स्किल डेवलपमेंट सेंटर के लिए निशुल्क मिलेगी भूमि

प्राधिकरण द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में औद्योगिक भूखंडों पर दी जा रही 1.5 एफएआर को बढ़ाकर 2.0 करने का फैसला लिया गया है जिसपर शासन स्तर से जल्द मंजूरी मिलने की संभावना है। साथ ही औद्योगिक भूखंडों में ग्राउंड कवरेज को बढ़ाकर 60% करने का भी निर्णय लिया गया है। सीईओ द्वारा प्रदेश के अंदर और बाहर के उद्योगपतियों से निवेदन किया गया है कि अपने उद्योगों में स्थानीय युवाओं को रोजगार प्रदान करें तथा रोजगार प्रदान करने के लिए स्किल डेवलपमेंट सेंटर की स्थापना करें। यदि इसके लिए भूमि की आवश्यकता पड़ती है तो प्राधिकरण निशुल्क जमीन उपलब्ध कराने को तैयार है।

# यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में 2 हजार से ज्यादा एग्जीबिटर्स प्रस्तुत करेंगे अपने उत्पाद

## रंगारंग आयोजनों से भव्य होगा तीन दिवसीय यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023

लखनऊ, 10 सितंबर। योगी सरकार प्रदेश के स्टार्टअप्स, उद्योगों और सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम (एमएसएमई) व स्थानीय शिल्प कलाओं को अंतरराष्ट्रीय फलक पर पहचान दिलाने के लिए 21 से 25 सितंबर तक यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो 2023 का आयोजन करने जा रही है। ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय आयोजन में उत्तर प्रदेश के दो हजार से ज्यादा एग्जीबिटर्स अपने अपने उत्पादों का प्रदर्शन करेंगे। इसमें प्रदेश की शिल्पकलाओं के साथ ही नव उद्यमियों की मेधा से सृजित उत्पादों से दुनियाभर के बायर्स तक पहुंच बनाने का प्रयास होगा। इसके अलावा इंटरनेशनल ट्रेड शो परिसर में हॉल ऑफ टाउन ऑफ एक्सपोर्ट एक्सिलेंस में यूपी के 12 शहरों की उत्कृष्ट शिल्प कलाओं का भी प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही प्रदेश में मौजूद हेल्थ एंड वेलनेस सेक्टर के मजबूत आधार को भी इस ट्रेड शो के जरिए दुनियाभर के बायर्स के सामने प्रदर्शित किया जाएगा।

### इन सेक्टर्स के एग्जीबिटर्स प्रदर्शित करेंगे अपने प्रोडक्ट

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर ग्रेटर नोएडा में आयोजित होने जा रहे इंटरनेशनल ट्रेड शो के दौरान प्रदेश के दो हजार से भी ज्यादा एग्जीबिटर्स अपनी कलाओं के साथ मौजूद होंगे। इनमें एग्रीकल्चर और हॉर्टीकल्चर, डिफेंस कॉरिडोर, ई कॉमर्स, बैंकिंग और फाइनेंशियल सर्विस, एजुकेशन सेक्टर (विश्वविद्यालय, साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और गणित), इन्फ्रा, इंजीनियरिंग और मैन्यूफैक्चरिंग, फिल्म सेक्टर, फूड प्रॉसेसिंग एंड डेयरी प्रोडक्ट, जीआई टैग प्रोडक्ट, हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, टेक्सटाइल्स, रिटेल, हेल्थ एंड वेलनेस (आयुष, योग, यूनानी, नेचुरोपैथी), आईटी, आईटीईएस, एमएसएमई, नमामी गंगे और जल शक्ति, ओडीओपी, रिन्यूवेबल एनर्जी और ई-व्हीकल, स्पोर्ट्स सेक्टर, टूरिज्म एंड हॉस्पिटैलिटी सेक्टर, खिलौना उद्योग, वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स, महिला उद्यम सहित अन्य सेक्टर से जुड़े लोग अपने अपने उत्पादों के साथ इंटरनेशनल ट्रेड शो में मौजूद रहेंगे।

### सीधे-सीधे बायर्स से जुड़ेंगे ओडीओपी आर्टिजन्स

इसके अलावा इस ट्रेड शो के जरिए एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) को अंतरराष्ट्रीय मंच प्रदान करने पर योगी सरकार का सबसे ज्यादा फोकस है। ओडीओपी के लिए यहां ना सिर्फ प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा, बल्कि बिजनेस और कस्टमर (बी2सी) के बीच प्रॉपर चैनल भी विकसित किया जाएगा, जिससे खरीदार सीधे आर्टिजन्स से संपर्क स्थापित करें और उत्पादों के लिए ऑर्डर दें। सिर्फ इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश के जायके के लिए इंटरनेशनल ट्रेड शो में विशेष तौर पर तैयारी की जा रही है। यहां प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में बनने वाले स्वादिष्ट और लजीज व्यंजनों का लुत्फ बायर्स उठा सकेंगे। खास बात ये है कि यहां पर मिलेट्स कैंटीन भी बनाई जाएगी, जिसमें मोटे अनाज से निर्मित तमाम व्यंजनों को सर्व किया जाएगा।

### फैशन शो से लेकर शहनाई नाइट तक रंगारंग कार्यक्रम बनाएंगे आयोजन को भव्य

इंटरनेशनल ट्रेड शो को विविध रंगारंग आयोजनों के जरिए भव्य रूप देने की तैयारी हैं। इसमें आर्ट एंड पेंटिंग शो, यूपी फैशन शो, यूपी कल्चरल परफॉर्मेंस, आर्टिसियन्स परफॉर्मेंस, साउंड एंड लाइट शो, लेजर एंड ड्रोन शो, यूपी बैंड फरफॉर्मेंस और शहनाई नाइट विशेष आकर्षण है। इसके अलावा यहां एक एक्सपीरिएंस जोन भी होगा जिसमें कन्नौज का इत्र, मेरठ का ब्रास और बिजनौर के पेंट ब्रश निर्माण का लाइव डेमो भी प्रदर्शित किया जाएगा। वहीं यूपी के हेल्थ एवं वेलनेस सेक्टर को समर्पित पूरा का पूरा एक हॉल भी होगा, जहां प्रदेश में चिकित्सा से जुड़े विभिन्न विधाओं की समृद्ध परंपरा और विरासत का प्रदर्शन भी दुनियाभर के बायर्स के सामने होगा।

# रौजागांव ओवर ब्रिज पर एलपीजी टैंकर में गैस रिसाव से लगी आग

## लखनऊ-अयोध्या हाईवे पर देर तक बाधित रहा गाड़ियों आवागमन

अयोध्या। लखनऊ हाईवे पर रौजागांव ओवर ब्रिज पर एक गैस टैंकर में रिसाव के चलते रविवार की भोर लगभग साढ़े चार बजे आग लग गई। मौके की नजाकत को देखते हुए हाईवे पर वाहनों का आवागमन रोकना पड़ा और फायर टेंडर को आग पर काबू पाने के लिए लगाया गया। वहीं मुख्यालय से फोम टेंडर भेज आग पर काबू पाया गया है। हालांकि गैस का रिसाव अभी जारी है। मामले में अग्रिम कार्रवाई के लिए सूचना इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के अधिकारियों को दी गई है। बताया गया कि मथुरा गैस प्लांट से एक एलपीजी गैस टैंकर कैप्सूल अयोध्या होते हुए नेपाल जा रहा था। हाईवे पर गैस टैंकर कैप्सूल में गैस का रिसाव होने लगा। बरसात के बावजूद जैसे ही गैस टैंकर कैप्सूल रौजागांव के ओवरब्रिज पर चढ़ा कि उसमें आग लग गई। वाहन का चालक राम हरिद्वार पुत्र कन्हैयालाल मौके से भागकर किनारे हुआ और मामले की जानकारी पुलिस कंट्रोल रूम को दी।



जिसके बाद अग्निशमन विभाग को सूचित किया गया और पुलिस के अधिकारी व जवान मौके पर पहुंच आवागमन को नियंत्रित करने में जुट गए। वहीं ओवरब्रिज से आवागमन को रोक दिया गया और रुदौली के फायर टेंडर ने आग पर काबू पाने की कवायद शुरू की। अपेक्षित सफलता न मिलने पर फायर सेंटर बाराबंकी के रामसनेही घाट, सोहावल और मुख्यालय सूचना दी गई तो आसपास के फायर टेंडर भी मौके पर पहुंच गए। साथ ही मुख्यालय से फोम टेंडर समेत तीन फायर टेंडर मौके पर पहुंचा और सभी ने चारों तरफ से घेर कड़ी मशक्कत के बाद फोम टेंडर की मदद से आग पर काबू पाया। सीओ सत्येंद्र भूषण तिवारी का कहना है कि आग पर काबू पा लिया गया है। सूचना आईओसी के अधिकारियों को दी गई है। रौजागांव ओवरब्रिज पर एलपीजी गैस टैंकर कैप्सूल में गैस रिसाव के चलते लगी आग के मामले में अग्निशमन और पुलिस के अधिकारी कैप्सूल में धमाके की आशंका को लेकर हलकान रहे। जिसके चलते हाईवे के दोनों लेन पर वाहनों को दूरी पर ही रोक दिया गया। फायर टेंडर की ओर से पानी की बौछार के बावजूद आग पर काबू न होने के चलते फोम टेंडर की मदद ली गई, तब जाकर आग काबू में आई। हालांकि कैप्सूल से गैस का रिसाव अभी जारी है। वहीं रूट डायवर्ट कर वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया गया है। अग्निशमन विभाग के प्रदीप पांडेय का कहना है कि फोम टेंडर ने आग पर काबू पा लिया है।

# तीन पुलिसकर्मियों और फरार बंदी पर केस दर्ज

अयोध्या। जिला अस्पताल से गुरुवार की रात फरार हुए बंदी का अभी तक पता नहीं चला है। कोतवाली नगर पुलिस ने बंदी व उसके सुरक्षा में तैनात तीन सिपाहियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के बनवारी का पुरवा निवासी आकाश निषाद (20) किशोरी के अपहरण के आरोप में 10 जुलाई को जेल में निरुद्ध हुआ था। छह सितंबर को उसे पेशी के लिए न्यायालय ले जाया गया था। जहां उसकी तबियत खराब होने पर इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सात-आठ सितंबर की रात करीब डेढ़ से दो बजे के बीच वह सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को चकमा देकर अस्पताल से फरार हो गया। उसकी सुरक्षा में तीन आरक्षी तैनात थे। घटना के दो दिन बाद भी फरार बंदी का पता नहीं चल सका। सीओ सिटी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक राम प्रकाश सिंह की तहरीर पर फरार बंदी आकाश व सुरक्षा में तैनात सिपाही मनोज, रणजीत व दिलीप के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। कैदी की तलाश की जा रही है।

# विद्यार्थी विज्ञान मंथन ऑनलाइन परीक्षा में 15 सितम्बर तक कराएं रजिस्ट्रेशनः- अश्वनी जैन

सिरसागंज। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक संस्थान और राष्ट्रीय परिषद के तत्वाधान में आयोजित होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन के रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 15 सितम्बर है। विद्यार्थी विज्ञान मंथन,वीवीएम के जिला समन्वयक अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस परीक्षा के पहले स्तर की परीक्षा दिनाँक 29 अक्टूबर 2023 और 30 अक्टूबर 2023 है एवं परीक्षा का तरीका ऑनलाइन है। परीक्षा का समय सुबह 10:00 बजे से शाम 06:00 बजे तक 90 मिनट का होगा। छात्र केवल एक बार ही लॉग इन कर सकेंगे। इसके परिणाम की घोषणा 10 नवंबर, 2023 को होगी। राज्य स्तरीय परीक्षा 26 नवंबर 2023, 03, 10 और 17 दिसंबर, 2023 में से किसी एक दिन होगी एवं राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा 18 और 19 मई, 2024 को प्रस्तावित है। इस परीक्षा का शुल्क व्यक्तिगत रूप से या स्कूल के माध्यम से पंजीकरण कराने वाले छात्रों को दो सौ रुपये का शुल्क देना होगा। राज्य स्तरीय शिविर में प्रत्येक राज्य के प्रत्येक वर्ग के शीर्ष 20 रैंकर्स को एक या दो दिवसीय राज्य स्तरीय शिविर में भाग लेने के लिए पहचाना जाएगा। शिविर राज्य के किसी भी स्थान पर आयोजित किया जाएगा।

# विदेश भेजने के नाम पर अयोध्या में किया था 16 लाख की ठगी

## कुशीनगर से दो शातिर जालसाज गिरफ्तार

समाज जागरण



अयोध्या। विदेश जाने के लिए वीजा बनाने नाम पर ठगी करने वाले दो शातिर साईबर अपराधी पुलिस की गिरफ्तर में आये है। इन अपराधियों ने अयोध्या में वीजा दिलाने के नाम पर 16 लाख की ठगी थी। जिसमें साईबर थाने में मुकदमा पंजीकृत हुआ था। इनके पास से कई आधार कार्ड, बैक पासबुक, थम्स इम्पेशन मशीन समेत कई चीजे बरामद की गई है। वीजा बनवाने के नाम ठगी की तहरीर पर पुलिस ने परिक्षेत्रीय साईबर क्राइम थाने में धारा 419, 420, 406, 504, 506 भादवि व 66डी आईटी एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया था। जिसमें प्रभारी निरीक्षक थाना साइबर क्राइम अयोध्या परिक्षेत्र अयोध्या द्वारा निरीक्षक चन्द्रभान यादव के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया था।

इस टीम ने बुद्ध परिनिर्वाण मार्ग कुशीनगर से सौरभ गुप्ता उर्फ ऋषिमुनि गुप्ता पुत्र गौतम गुप्ता निवासी मधवापुर पीपराझाम थाना कसया, जिला कुशीनगर व उमेश सिंह पुत्र रामवृक्ष सिंह निवासी झुंगवा पो0 कुशीनगर थाना कसया जनपद कुशीनगर को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि वह विदेश जानें के लिए वीजा बनवाये जानें के नाम पर भिन्न-भिन्न शुल्कों एवं फार्म फीस के नाम बताकर ठगी करते है। इसके लिए लोगों से अलग अलग खातों में पैसा जमा कराया जाता है। जिसे कैश व अन्य माध्यमों से निकाल लिया जाता है।

# पुरानी रंजिश में कार से घसीट कर प्राणघातक हमले का वांछित अभियुक्त को पुलिस ने किया गिरफ्तार



अयोध्या। पुरानी रंजिश में एक व्यक्ति को कार से घसीट कर कुछ युवकों ने प्राणघातक हमला किया था। जिसमें पुलिस मुकदमा पंजीकृत करके विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान प्रकाश में आये अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वादी मुकदमा ने अपनी तहरीर पर पुरानी रंजिश बताते हुए गिरफ्तार अभियुक्त पर शक भी जताया था। पुलिस ने बताया कि थाना पूरालन्दर में दर्ज धारा 147,148,323,325,427,307 ,120 बी भा0द0वि0 मे दौराने विवेचना प्रकाश मे आये वांछित अभियुक्त सचिन जायसवाल पुत्र स्व0 भगेलू जायसवाल उम्र 40 वर्ष निवासी ग्राम देवरिया बारून बाजार थाना इनायतनगर को प्रभात नगर तिराहे से गिरफ्तार किया गया। सचिन जायसवाल के उपर जिले के विभिन्न थानों में 9 मुकदमें भी पंजीकृत है।

# चंदवार के मूल निवासी चार सूत्रीय मांग पत्रपर्यटन मंत्री को सौंपेंगे।

समाज जागरण -बृजमोहन सिंह



फिरोजाबाद। यमुना किनारे बसा प्राचीन गाँव चंद्रवार जिसको उत्तर प्रदेश सरकार ने हाल ही में पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने ,प्राचीन सनातनी एवम जैन मंदिरों के जीर्णोद्धार का काम शुरू कराया है। इस गाँव के पुराने मूल निवासियों की एक वैठक फीरोजाबाद क्लब में मुकेश मामा की अध्यक्षता में संम्पन्न हुई जिसमें गाँव के सनातनी प्राचीन शिव मंदिर चिंतामणि नंदेश्वर महादेव *, मन्दिर एवम अपने खण्डहर हुए मकानों के माध्यम से अपने पूर्वजो की विरासत को स्थापित करने के लिए पर्यटन विभाग के अधिकारियों एवं सरकार के पर्यटन मंत्री मा.जयवीर सिंह को 4 सूत्रीय मांगपत्र , जिसमे प्राचीन शिव मन्दिर को भव्य वनाने, हमारी खाली जमीनों पर एक भवन * चंदवार मण्डपम बनवाने, बहा के तत्कालीन बड़े जमीदार +बोहरे शिवलाल +जिनकी हत्या के कारण गाँव वीरान हुआ था उनके नाम से गाँव का प्रवेश द्वार बनवाने जैसे प्रस्तावों पर जिन पर आम सहमति वनी उसका एक मांग पत्र पर्यटन मंत्री को देगे।

सर्व सम्मत्ति से निर्णय हुआ कि अपना गाँव चंदवार * नाम से एक ट्रस्ट का गठन किया जाय जिसके तत्कालीन पदाधिकारीयो में श्री वी.एस. गुप्ता को अध्यक्ष, मुकेश मामा वरिस्ठ उपाध्यक्ष, शंकर गुप्ता को महासचिव, संजय गुप्ता को उप महासचिव एवम सुनील गोलस को कोषाध्यक्ष चुना गया। इस संस्था का एक ट्रस्ट के पंजीयन ट्रस्ट एक्ट के अंतर्गत कराया जाएगा।

वैठक में प्रमुखता से वी एस. गुप्ता, डी के गुप्ता उअ, मुकेश मामा, शंकर गुप्ता, सुनील गोलस, बबलू गुप्ता, दिनेश गुप्ता,संजय गुप्ता, विनोद गुप्ता,आदि सदस्यो ने भाग लिया। शीघ्र ही सभी पदाधिकारी पर्यटन मंत्री मा, जयवीर सिंह जी से मिल कर अपना मांगपत्र देगे।

# हर भारतीय के भीतर होनी चाहिए राष्ट्रीय चिंतन और राष्ट्रीयता की भावना - सांसद लल्लू सिंह।

समाज जागरण

अयोध्या। आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत बीकापुर शिक्षा क्षेत्र के पूर्व माध्यमिक विद्यालय मलेथू कनक में जागरूकता गोष्टी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि समाज में एकजुटता होने पर समाज और राष्ट्र का विकास होता है। सभी के भीतर राष्ट्रीय चिंतन और राष्ट्रीयता की भावना होनी चाहिए। पूरे राष्ट्र को एक सूत्र में पिरोने के



लिए देशभक्ति की भावना लोगों में जागृत करने के उद्देश्य से भाजपा सरकार द्वारा मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम शुरू किया गया है। जिससे सभी के भीतर राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत हो सके। कर्तव्य पथ पर दिल्ली में निर्मित होने वाले अमृत वन के लिए भारत देश के हर आंगन से एक चुटकी मिट्टी अभियान के तहत टीम गांव में रावाना की गई। सांसद लल्लू सिंह ने उपस्थित लोगों और विद्यालय के बच्चों को देश की एकता एवं अखंडता के लिए पच प्रण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से स्थानीय सांसद लल्लू सिंह के अलावा बीकापुर नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश पांडे राना, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, ग्राम प्रधान राकेश यादव, भाजपा युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुनील मिश्रा, भरत जी श्रीवास्तव, अनिल उपाध्याय, दिग्विजय सिंह, शिव कुमार, प्रधानाध्यापिका चंद्रकुमारी, सहायक अध्यापक गिरीश चंद्र मौर्य, रूपाली शर्मा, महेश कुमार मौर्य, सहित काफी तादाद में ग्रामीण और स्कूल के बच्चे मौजूद रहे।

# परदेश से लौट रहे जीजा को सालों ने पकड़कर बेरहमी से पीटा

दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव

फतेहपुर जनपद के किशनपुर। थाना क्षेत्र के खलवा मजरे गढ़ा गांव निवासी मंगल प्रसाद परदेस से कमाकर अपने गांव वापस लौट रहा था । इस दौरान पहले से घात लगाए बैठे उसके सालों ने उसे पकड़ कर बेरहमी से पीट दिया । सालों की पिटाई से जीजा को गंभीर चोटें आई हैं ।

खंलवा गांव निवासी मंगल प्रसाद की ससुराल अहमद गंज तिहार गांव निवासी नरपत निषाद के यहां है । मंगल प्रसाद आज से करीब 6 माह पूर्व पैसे कमाने के लिए परदेश गया हुआ था । पति के परदेस जाने के बाद उसकी पत्नी अपने मायके चली आई थी और दो बच्चों के साथ मायके में रह रही थी । अभी हाल ही में दो दिन पूर्व मंगल प्रसाद ने अपनी पत्नी को फोन कर अपने आने की सूचना दी थी और गांव चलने की बात कही थी । उस दौरान उसकी पत्नी ने गांव जानें से मना कर दिया फिर किसी बात को लेकर उसकी पत्नी व मंगल से फोन पर विवाद हुआ था । इसके बाद शुक्रवार की देर मंगल प्रसाद टैम्पो में बैठकर गांव जा रहा था । उसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे उसके सगे सालों ने टैम्पो रोकवा कर उसे नीचे उतार लिया और बेरहमी से पीट दिया । सालों से पिटाई के बाद मंगल प्रसाद के गम्भीर चोटें आई हैं जिसका निजी डाक्टर द्वारा इलाज कराया गया । वही पीड़ित मंगल प्रसाद ने बताया कि सालों द्वारा मुझसे पैसे छीनने का प्रयास किया जा रहा था । विरोध करने पर छोटू निषाद, संजय निषाद व बड़का निषाद द्वारा मुझे बेरहमी से पीटा गया है ।

वही मामले में किशनपुर थानाध्यक्ष जेपी शाही ने बताया कि युवक मंगल द्वारा अपनी पत्नी को पीटा गया है जिस पर सालों से विवाद हुआ है । दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर मिली है तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों पर मुकदमा दर्ज कर आगे कार्यवाही की जा रही है

## परिवारिक विवाद में लाठी डंडो से मारपीट कर चाचा भतीजे को किया घायल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के मलवा थाना क्षेत्र के चक्की गाँव मे परिवारिक विवाद में परिवार वालों ने चाचा भतीजे को लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल ने स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र दिया तो पुलिस घायलो को इलाज व मेडिकल के लिए नजदीकी स्वास्थ केंद्र लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थानां क्षेत्र के चक्की गाँव निवासी स्व. शुखदेव का 42 वर्षीय पुत्र जय कारन व उसके भाई राम किशन के पुत्र अमित कुमार को परिवारिक विवाद में स्व. शिव करन के पुत्र अनूप, रवि करन का पुत्र अनिल कुमार, स्व. शुखदेव का पुत्र रवि करन ने लाठी डंडो से मारपीट कर घायल कर दिया। घायल पीड़ितो ने स्थानीय पुलिस को शिकायती पत्र दिया तो पुलिस घायलो को इलाज व मेडिकल के लिए गोपालगंज सीएचसी लेकर पहुंची। जहां डॉक्टर ने मेडिकल और प्राथमिक उपचार कर सरकारी एम्बुलेन्स से जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वही जिला अस्पताल पहुंचने पर घायल को भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है।

## घर मे बिजलीं का तार जोड़ते समय करन्ट की चपेट में आकर युवक झुलसा

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। जिले के मलवा थाना क्षेत्र के झाऊ मोदनीपुर गाँव में घर में बिजलीं के कटे तार को जोड़ते समय युवक बिजलीं के करन्ट की चपेट में आकर झुलस गया। तुरन्त परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के झाऊ मोदनीपुर गाँव निवासी चंद्र पाल का 30 वर्षीय पुत्र बिन्देश घर मे चूहों द्वारा काटे गए बिजलीं के तार को जोड़ रहा था। तभी वह बिजलीं के करन्ट की चपेट में आकर झुलस गया। तुरंत परिजनों ने घटना की सूचना सरकारी एम्बुलेन्स को दिया। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची एम्बुलेन्स बिन्देश को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंची। जहाँ ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर भर्ती कर उसका इलाज कर रहे है।

## गंदे पानी से राजा ताल के वाशिंदे दे परेशान

**समाज जागरण –बृजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। राजा का ताल के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल यादव के साथ युवा साथियों ने मजदूरों ने गंदे पानी में खड़े होकर मुख्य बाजार राजा के ताल में किया प्रदर्शन क्योंकि गंदे पानी की समस्या गंभीर बनती जा रही है करोड़ों लाखों रुपए की लागत से बनी सड़क पर पानी फिरता जा रहा है गंदे पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है माता बहने बहन भाई मंदिरों को जाने के लिए बाजार में खरीदारी करने के लिए स्कूली बच्चे स्कूल जाने



के लिए और ओम ग्लास पंकज ग्लास पीतांबर गिलास पूजा गिलास फैक्ट्री में कार्य करने वाले मजदूरों को इसी गंदे पानी से होकर निकलना पड़ता है आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे हैं जब के कस्बे को प्रस्तावित नगर पंचायत में भी शामिल कर लिया गया है यहां पर गंदे पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है जनप्रतिनिधियों का भी इधर कोई ध्यान नहीं है मामूली सी बरसात हो जाने के बाद सड़क तलैया का रूप धारण कर लेती है कस्बा में तीन बैंक हैं बड़े पैमाने पर सब्जी मंडी लगती है और 2 किलोमीटर में बाजार लगता है जल भराव होने के कारण ऑटो रिक्शा वाले गांव में ऑटो रिक्शा लेकर नहीं आते हैं क्योंकि बीच पानी में गाड़ियां ऑटो थ्री व्हीलर सब बंद हो जाते हैं। इस मौके पर बोलते हुए पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य अनिल यादव ने शासन एवं प्रशासन से कहां है कि कई वर्षो से इस गंदे पानी की समस्या बनी हुई है शासन एवं प्रशासन पानी की निकासी की ठोस इंतजाम करे जिस से समस्या का समाधान हो अन्यथा की स्थिति में एक आंदोलन की तैयारी रहेगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

## आचार्य कुलम संस्थान की बैठक प्रधान कार्यालय आचार्य विनोद शुक्ला के आवास में संपन्न हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर आचार्य कुलम संस्थान की बैठक प्रधान कार्यालय आचार्य विनोद शुक्ला के आवास में संपन्न हुई बैठक में सदस्यता अभियान पर चर्चा हुई तथा अभियान को एक माह के अंदर पूरा करने की रूपरेखा बनाई गई आचार्य कुलम संस्थान समस्त सनातन धर्म के मानने वालों को संस्थान से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा बैठक की अध्यक्षता आचार्य कुलम अध्यक्ष प्रदीप तिवारी तथा संचालन अशोक वाजपेई ने किया विशिष्ट रूप आचार्य विनोद शुक्ला उपस्थित रहे ।
आगामी कार्यक्रमों में शारदीय नवरात्र पश्चात श्री दुर्गा जी की आराधना के क्रम में शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किए जाने पर सर्वसम्मति



बनाई गई सदस्यता अभियान की शुरूआत उपस्थित सदस्यों को सदस्य बनाकर शुरू की गई बैठक में आचार्य को संबोधित करते हुए आचार्य विनोद शुक्ला ने विभिन्न राजनेताओं द्वारा सनातन धर्मपर किए जा रहे अनर्गलप्रलाप की निंदा की साथही माननीय प्रधानमंत्री जी सेआग्रह करता है कि विधेयक लाकर सनातन धर्म पर निंदा करने वालों को ईशनिंदा का मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा जाए प्रमुख रूप से आचार्य रामनाथ द्विवेदी आचार्य गया प्रसाद मिश्रा आचार्य राजेंद्र त्रिपाठी आचार्य राकेश त्रिवेदी आचार्य रामगोपाल त्रिवेदी आचार्य चंद्रिका शुक्ला

## नारी सशक्तिकरण में महिला पुलिस और समाज सेवियों का सम्मान

**लखनऊ संवाददाता**

एक साथ एक मंच से संस्था नीशू वेलफेयर फाउंडेशन एवं माँ गायत्री जनसेवा संस्थान द्वारा संयुक्त रूप से नारी सशक्तिकरण महिला पुलिस सम्मान डॉ राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी आशियाना लखनऊ में किया गया।
कार्यक्रम में लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट सहित लखनऊ जोन के 11 जनपद की 101 महिला पुलिस एवं आजादी के76 में स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष में
दिल्ली सहित उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपदों से 76 समाजसेवियों का सम्मान किया गया।
कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार डॉ दिनेश शर्मा व अति विशिष्ट अतिथि भाजपा महानगर अध्यक्ष व सदस्य विधान परिषद मुकेश शर्मा, कुशल वक्ता संस्था संरक्षक एमएलसी व चेयरमैन एसआर ग्रुप पवन सिंह चौहान, कार्यक्रम अध्यक्ष संस्था संरक्षक व अमेरिकन चैम्बर ऑफ कॉमर्स चेयरमैन मुकेश बहादुर सिंह विशिष्ट अतिथियों में एडीजी पुलिस भर्ती बोर्ड प्रमुख डी के ठाकुर , कुलपति डॉ राम मनोहर लोहियानेशनल लॉ यूनिवर्सिटी प्रोफेसर संजय सिंह,पूर्व कैंट लखनऊ विधायक व बीजेपी क्षेत्रीय अध्यक्ष सुरेश चंद्र तिवारी, इग्नू वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक डॉ मनोरमा सिंह, पूर्व लखनऊ मेयर संयुक्ता भाटिया, समाजसेविका नम्रता पाठक , अपर्णा यादव, सम्भावी सिंह, समीर शेख, सन्तोष श्रीवास्तव, लखनऊ पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी पुलिस उपायुक्त पूर्वी हरदेस कुमार ( आईपीएस )पुलिस उपायुक्त उत्तरी एस एम कासिम आब्दी ( आईपीएस ), अपर पुलिस उप आयुक्त मध्य मनीषा सिंह ( पीपीएस ) समेत कई विशिष्टजनो ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का ,
सुनीता बंसल, पार्षद कौशलेन्द्र द्विवेदी, सत्या सिंह किया।
मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद तथा पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ दिनेश शर्मा ने कहा कि नारी सशक्तिकरण हेतु इस प्रकार महिला पुलिस सम्मान होना गर्व की बात है जनसेवा के लिए दोनों संस्थाओं द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत किये जा रहे कार्यों के लिए संस्था को शुभकामनाएं। एमएलसी पवन सिंह चौहान ने कहा कि हमारा समाज तभी विकास कर सकता है जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने कर्तव्यों को भली भांति निर्वहन करें एवं संस्था की भूरि भूरि प्रशंसा की भाजपा नेत्री व समाजसेविका अपर्णा यादव ने बताया कि संस्था द्वारा प्रदान किया जा रहा सम्मान अपनी समाज के प्रति जिम्मेदारियां को और भी मजबूती से निभाने की प्रेरणा देता है।
समाजसेवी का नम्रता पाठक ने कहा की लगातार समाज की प्रति खुद को समर्पित करके सामाजिक कार्य करना अपने आप में एक चैलेंजिंग काम है दोनों संस्थाएं बधाई की पात्र हैं। पूर्व महापौर संयुक्ता भाटिया ने कहा संस्था द्वारा पूर्व में ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन होता आ रहा है जो की समाज के लिए अनुकरणीय है पूर्व विधायक व वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश चंद तिवारी जी ने दोनों संस्थाओं को इन जनप्रिय कार्यों के लिए शुभकामनाएं दी संस्था नीशू वेलफेयर फाउंडेशन की अध्यक्ष गुंजन वर्मा एवं मां गायत्री जनसेवा संस्थान के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने बताया कि दोनों संस्थाएं समाज के लिए हमेशा एक साथ



खड़ी रहती हैं गरीबों व जरूरतमंदों के लिए राशन, शिक्षा, रोजगार, इलाज व गरीब बहनों की शादी में मदद के साथ मेरी यात्रा के तहत दो सिलाई सेंटर भी स्थापित किये गए जहां निम्न आय वर्ग की महिलाओं एवं बच्चियों को निशुल्क सिलाई,कढ़ाई, बुनाई,व सौंदर्य प्रसाधन का प्रशिक्षण दिया जा रहा है साथ ही बताया कि इन सभी कार्यों को करने में समाज को समर्पित पुलिस व समाजसेवियों का पूर्ण सहयोग मिलता है जिसके कारण आज कार्यक्रम में 101 महिला पुलिस कर्मियों व उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों से 76 समाजसेवियों को स्मृति चिन्ह व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम के संयोजन का कार्य नीशु वेलफेयर फाउंडेशन एवं मां गायत्री जनसेवा संस्थान की आयोजन मंडल में मनोज सिंह चौहान, रोली जायसवाल, विनय द्विवेदी, मोनालिसा, हेमू चौरसिया, संदीप शुक्ला,रनवीर सिंह,अमित तिवारी, बद्री विशाल पांडे, नीलम श्रीवास्तव सूरज जैसवानी, कृष्णा प्रताप सिंह, मनीष पंडित, उमा सिंह,सरूपा तिवारी, रोली सिंह,सौम्या शुक्ला, दीपिका मिश्रा,विवेक सिंह एवं रूद्र प्रताप बाजपेई शामिल रहे मंच का संचालन संस्था के प्रवक्ता कुशल एंकर आर जे प्रदीप शुक्ला ने किया यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह ने दिया

## ऋषि वशिष्ठ सहकारी आवास समिति लिमिटेड, सरस्वती पुरम, पीजीआई, लखनऊ की भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप।

### अवैध कब्जे को लेकर कॉलोनी वासियों का प्रदर्शन।

**अरुण सिंह समाज जागरण ब्यूरो लखनऊ।**

लखनऊ।ऋषि वशिष्ठ सहकारी आवास सीमित लिमिटेड लखनऊ की सरस्वती पुरम योजना,की भूमि पर अवैध कब्जे को लेकर सरस्वतीपुरम कॉलोनी वासियों ने विरोध प्रदर्शन किया।
आद्यासी कल्याण समितिअध्यक्ष अधिवक्ता डी एस तिवारी ने बताया कि उक्त भूमि, एलडीए द्वारा जारी नक्शे में सीवर ट्रीटमेंट प्लांट,समरसेबल एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आदि के विकास, एवं निर्माण के लिए स्वीकृत है।कालोनी का निर्माण लेआउट के अनुसार किया गया है। उक्त भूमि पर कुछ लोग अवैध कब्जा कर रहे है, जिसकी जानकारी पीजीआई थाने को 19/8/2023को तहरीर दी गई थी,आरोप है कि पीजीआई पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई,और उक्त जमीन पर बाउंड्री वॉल बनाकर अवैध कब्जा जारी है। इसको लेकर कालोनी वासियों ने प्रदर्शन किया,



और कहा कि इसकी शिकायत मंडला आयुक्त से करेंगे।
प्रदर्शन में मुख्य रूप से सरस्वती पुरम अद्यासी कल्याण समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डी एस तिवारी, सचिव मनोज त्रिपाठी, के एन सिंह,पूर्व आईएएस पीके गुप्ता, रमेश श्रीवास्तव, श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह, श्री सुनील पांडे, वीरू मिश्रा, श्री जवाहर सिंह, श्री ब्रजेश यादव अधिवक्ता, श्री कौशलेंद्र तिवारी, श्री ए के वर्मा रमेश श्रीवास्तव, देवी शंकर पांडे,बीके मिश्रा,सहित सैकड़ो कॉलोनी वासी शामिल रहे।

**वर्जन –**
इंस्पेक्टर पीजीआई राणा राजेश कुमार सिंह से जब उपरोक्त मामले में पुलिस के ऊपर लग रहे आरोपों के बारे में जानकारी चाही तो उनका कहना था कि प्लाट पर बाउंड्री वॉल निर्माण करवा रहे लोगों के पास कोर्ट के आदेश की कापी है जिसमे साफ साफ लिखा है की उक्त जमीन पर निर्माण में कोई दखल न दिया जाए ,मैने दूसरे पक्ष से अपने कागजात प्रस्तुत करने को कहा लेकिन वह नहीं दिखा सके।

## पूर्व सैनिकों ने केक काटकर मनाया संगठन का तीसरा स्थापना दिवस

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर पूर्व सैनिक संयुक्त संगठन, ने अपना तीसरा स्थापना दिवस केक काटकर दिनांक 10 सितंबर 2023 को आवास विकास स्थित कार्यालय में मनाया। जिसमें अध्यक्ष कैप्टन हरिशंकर सिंह चौहान और सचिव कैप्टन मेवालाल वर्मा एवं वेटरन कोटेश्वर शुक्ला के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष ए के दीक्षित, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्वी उत्तर प्रदेश अरुण कुमार द्विवेदी एवं प्रदेश कोषध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा का अंग वस्त्र, बुके एवं माला पहना स्वागत किया। उसके बाद पूर्व सैनिकों द्वारा राष्ट्रगान किया गया। संगठन द्वारा वेटरन आलोक वर्मा को पीसीएस जे में एवं विष्णु कुमार वर्मा पुत्र सचिव कैप्टन मेवा लाल वर्मा के बीएसएफ में उपनिरीक्षक के पद पर नियुक्ति होने पर प्रशंसा पत्र प्रदान किया। उसके उपरांत चार नए पूर्व सैनिकों एम डब्लू ओ शाकिर अली, सूबेदार मेजर सी बी शुक्ला, हवलदार प्रवीण कुमार एवं वेटरन आलोक वर्मा को संगठन का कैप बैच एवं माला पहनाकर सदस्यता दिलाई गई तथा जनपद के 11 सदस्यों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए अध्यक्ष द्वारा प्रशंसा पत्र दिया गया। उसके उपरांत



जनपद अध्यक्ष कैप्टन हरिशंकर सिंह चौहान के द्वारा संगठन का उद्देश्य, महत्व एवं 2 साल की उपलब्धियों के बारे में विस्तार से वर्णन किया गया। इसी बीच प्रदेश अध्यक्ष के दीक्षित के द्वारा जनपद को बधाई पत्र भेंट किया गया।
अंत में पूर्वी उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष कैप्टन अरुण कुमार द्विवेदी , उत्तर प्रदेश के कोषाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा एवं संगठन के अध्यक्ष एवं संस्थापक ए के दीक्षित ने पूर्व सैनिकों को संबोधित किया। बाद में दोपहर के भोजन के उपरांत भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के उद्घोष के साथ स्थापना दिवस के समाप्ति की घोषणा की गई। इस मौके पर संरक्षक सूबेदार अनिल कुमार शुक्ला,सचिव कैप्टन मेवा लाल वर्मा, संयोजक सूबेदार सुरेंद्र सिंह कछवाह, लीगल एडवाइजर मेवा लाल यादव सूबेदार चतुर सिंह कैप्टन डी एस शुक्ला कैप्टन धर्मपाल सिंह सूबेदार आरके मिश्रा सूबेदार आरके मिश्रा और हवलदार अरुण प्रकाश द्विवेदी सुभाष सिंह अनूप सिंह धर्मेंद्र दीक्षित शिवराज यादव उमा देवी शुक्ला रामकिशोर बाजपेई विजय शंकर सिंह सत्रुघ्न सिंह अमर सिंह गौर मनोज सिंह, अयोध्या प्रसाद, अजय कुमार सिंह तथा सैकड़ो की संख्या में पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## सीएमओ साहब एक नजर इधर भी चोरी की फोटो कॉपी लगा पॉली क्लीनिक का हुआ रजिस्ट्रेशन

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर बिना डॉक्टर के परमीशन के बगैर चोरी से की गई फोटो कॉपी तो पॉली क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन के लिए सीएमओ साहब के दफ्तर तक पहुंच गई और स्वास्थ विभाग की टीम क्लीनिक का निरीक्षण भी कर लिया जबकि पॉली क्लीनिक में ओटी का होना भी अवैध है लेकिन स्वास्थ विभाग की टीम को ठेंगा दिखाते हुए ओटी मे ताला लगा और अवैध समान को वहा से हटा कर मानक को पूरा दिखा दिया गया जबकि नियम यह है कि जो डॉक्टर जिस नर्सिंग होम पाली क्लीनिक या हॉस्पिटल में जो भी अपने कागज लगाएगा तो वह उस नर्सिंग होम और पाली क्लीनिक में अपनी सेवाएं देगा और उसकी सारी जिम्मेदारी होगी लेकिन मजे की बात यह है कि जब इसकी भनक मीडिया के कानो तक पहुंची तो मीडिया वालों ने जब डॉक्टर से कागज और पाली क्लीनिक में बैठ कर मरीजों के इलाज के बारे में जानकारी लिया तो डॉक्टर ने अपने कागज और अपनी सेवाएं देने से साफ मना कर दिया की मुझे तो इसकी जानकारी भी नहीं है कि मेरे कागज का प्रयोग कर पॉली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन हो रहा है और ये सब मेरे जानकारी में भी नही है की मेरा कागज कहा लग रहा है अगर इसी कोई बात है तो मै खुद इसकी जानकारी सीएमओ आफिस से करूगी और अगर मेरे अनुमति बगैर मेरे कागज का प्रयोग बगैर मेरे अनुमति के हो रहा है तो मै संचालिका के उपर कानूनी कार्रवाई करूगी जी हां हम बात कर रहे हैं बिंदकी बस स्टॉप खलील नगर मुस्लिम इंटर कालेज के पास



संचालित आपूर्वा पाली क्लीनिक की जो इसके पहले काव्या नर्सिंग होम के नाम से संचालित था जो की अवैध कार्यों मे लिप्त था रोजाना के सात से आठ आबर्सन चोरी छिपे आशा बहुओं और दलालों के द्वारा लाकर किया जाता था जिसकी शिकायत का वीडियो मीडिया तक पहुंचा और मीडिया ने संज्ञान में लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित किया और डिप्टी सीएमओ ने तत्काल प्रभाव से छापा मारकर काव्या नर्सिंग होम को सीज कर दिया था जो की पूर्ण रूप से फर्जी था दो तीन माह तक नर्सिंग होम बन्द होने से काव्या नर्सिंग होम की संचालिका अशोक कुमारी बौखला गई थी और अपने मरीजों को लेकर इधर उधर भर्ती करती रहीं लेकिन पैसा और पहुंच के आगे एक बार फिर से स्वास्थ विभाग के अधिकारियों को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया और अब चोरी की फोटो कॉपी के जरिए अपने नर्सिंग होम का नाम बदल कर अपूर्वा पाली क्लीनिक रख दिया जबकि मजे की बात यह है की जिस डॉक्टर के कागज अपूर्वा पॉली क्लीनिक में लगा कर राजिस्टेशन करवाया जा रहा है उस डॉक्टर को इसकी भनक तक नहीं है जबकि इसके पहले भी अशोक कुमारी ने अपना पहला अस्पताल लोधी गंज में मां हॉस्पिटल के नाम से संचालित किया था और वहा दो तीन मौतों के बाद डिप्टी सीएमओ एस्त्याक अहमद ने पुलिस प्रशासन की मौजूदमी में सीज कर बन्द करवा दिया था इसके बाद अशोक कुमारी ने अपना दूसरा नर्सिंग होम काव्या नर्सिंग होम के नाम से बिंदकी बस स्टॉप के पास खलील नगर में खोला जहा रोज अनलीगल केस कर आशा बहुओं और दलालों के साठ गांठ से मरीजों को लूटती रही जहा रोजाना सात आठ अबारसन किया जाता था जिसकी भनक मीडिया के कानो में पड़ी और मीडिया ने खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया और स्वास्थ विभाग की टीम ने छापा मारकर अवैध नर्सिंग होम को फिर सीज कर दिया लेकिन पैसे और पहुंच के कारण एक बार फिर स्वास्थ विभाग को झुकना पड़ा सीज अस्पताल का ताला खोलना पड़ा और अब काव्या नर्सिंग होम की जगह अपूर्वा पाली क्लीनिक रख दिया गया जबकि जो डॉक्टर के कागज अपूर्वा पाली क्लीनिक में दिखाया गया है वह पूरी तरह से फर्जी है डॉक्टर को खुद नही मालूम की मेरे कागज कहा लग रहे हैं सवाल यह उठता है की चोरी के कागज से पाली क्लीनिक का रजिस्ट्रेशन तो हो जायेगा लेकिन अगर फिर कोई घटना हुई तो इसका जिम्मेदार कौन होगा जेल कौन जायेगा डॉक्टर साहब या अशोक कुमारी या जो क्लीनिक का संचालक सीएमओ साहब जरा एक बार पुनः इसकी जांच करले और फिर रजिस्ट्रेशन नंबर दे किसी के जिन्दगी से खिलवाड़ न करे!?

## मेधावी छात्रों को कुशवाहा समाज ने किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**

शिकोहाबाद। भारतीय कुशवाह क्षत्रिय महासभा फिरोजाबाद द्वारा कुश जयंती के अवसर पर पारिवारिक वन बिहार गोष्ठी एंव छात्र छात्राओं एंव समाजसेवियों का सम्मान समारोह का आयोजन विराट पैलेस यदुवंश नगर में आयोजित किया गया। जिसके मुख्य अतिथि पूर्व सांसद इटावा रघुराज सिंह शाक्य थे। विशिष्ट अतिथि डॉ सुरेश कुशवाहा चैयरमैन एत्मादपुर , चैयरमैन फरिहा रेखा कुशवाहा थी।
कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा लव कुश के चित्र पर दीप प्रज्वलन एंव माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम में 80 छात्र-छात्राओं एंव नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों तथा समाजसेवियों का सम्मान किया गया। जिसकी अध्यक्षता संतोष कुमार कुशवाह एडवोकेट एंव कार्यक्रम संरक्षक रामप्रकाश कुशवाह थे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सुरेन्द्र सिंह कुशवाहा, त्रिलोक चन्द्र कुशवाहा, डॉ एस पी लहरी, बी एस कुशवाहा , महेन्द्र कुशवाहा, रजत कुशवाहा थे। कार्यक्रम का संचालन राजू सिह कुशवाहा ने किया। इस मौके पर स्नेहलता कुशवाहा, राजरानी कुशवाहा, नवनीत कुशवाहा, अभिषेक कुशवाहा, प्रेमप्रकाश, धमेन्द्र, विक्रम सिंह पूर्व प्रधान, देवेन्द्र कुशवाह प्रधान, चन्द्रकांत कुशवाहा, सत्यपाल, नरेन्द्र कुशवाहा के अलावा सैकडों की संख्या में समाज के महिला-पुरूष मौजूद थे।

## योगी आदित्यनाथ की चेतावनी का असर एक यातायात पुलिस कर्मी पर हो रहा है बेअसर

### ईमानदार पुलिस अधीक्षक की खाकी पर बदनुमा दाग लगा रहा है एक भ्रष्ट यातायात पुलिसकर्मी

### सपा मानसिकता से ग्रसित एक यातायात पुलिस कर्मी योगी बाबा की जनता को प्रताड़ित कर उनकी छवि को कर रहा है धूमिल

**दैनिक समाज जागरण जिला संवाददाता आशुतोष श्रीवास्तव**

फतेहपुर। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को चेतावनी देते चले आ रहे हैं कि यदि किसी भी विभाग में कोई भी अधिकारी या कर्मचारी भ्रष्टाचार में लिप्त पाया गया तो संबंधित अधिकारी व कर्मचारी पर गंभीर कार्यवाही की जाएगी। मुख्यमंत्री की चेतावनी का असर भले ही समूचे प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारियों पर होता नजर आ रहा हो किंतु इस जनपद में सपा मानसिकता से ग्रसित एक यातायात पुलिस कर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त होकर मुख्यमंत्री की चेतावनी के खौफ से बेखौफ होता नजर आ रहा है जबकि जनपद के ईमानदार पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह ने सभी पुलिस कर्मियों पर अपनी पैनी नजर टिकाने के अलावा लगातार चेतावनी भी देते चले आ रहे हैं कि यदि कोई भी पुलिस कर्मी भ्रष्टाचार में लिफ्त पाया गया तो उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही करते हुए मुख्यमंत्री के निदेशों का पालन किया जाएगा। मालूम रहे कि शहर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ज्वालागंज चौराहा के समीप दिन 9 सितंबर 2023 को दोपहर में लगभग 12:30 बजे दो पहिया वाहन में सवार राहुल गुप्ता निवासी हरिहरगंज को चेकिंग के दौरान रोका गया और वाहन की चाभी निकाल ली गई जब युवक ने इस बात का विरोध किया तो सपा मानसिकता से ग्रसित यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव उपरोक्त वाहन चालक से गाली गलौज करने लगा जिस पर वाहन चालक से यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव से कहा सुनी हो गई। इसके बाद यातायात पुलिस कर्मी द्वारा वाहन के कागज देखे गए जो कि पूरी तरह से कंप्लीट




थे किंतु वाहन चालक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था। हुई कहा सुनी की खुन्नस के चलते यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव द्वारा वाहन चालक को परेशान करने हेतु तरह-तरह के सवाल पूछे जा रहे थे जब कि वहां किसी के निजी जिंदगी से संबंधित किसी भी तरह के सवाल का कोई मतलब नहीं था इसलिए वाहन चालक ने फिर इस बात का विरोध किया और कहा कि हेलमेट नहीं पहना है तो हेलमेट का चालान करो और जाने दो किंतु सपा मानसिकता से ग्रसित यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव को तो योगी सरकार की जनता को परेशान करने के अलावा चालान के नाम पर आम जनता से अवैध उगाही करने का काम किया जाता है और शायद यह काम अपनी जेब भरने के अलावा योगी सरकार को बदनाम करने के लिए भी किया जाता है जिससे आम जनता योगी सरकार में पूरी तरह से प्रताड़ित हो जाए। जहां जनता योगी सरकार को अपनी सुरक्षा और बेहतर व्यवस्था हेतु पसंद कर रही है वहीं सपा मानसिकता से ग्रसित रामानंद यादव जैसे कई सरकारी कर्मचारियो द्वारा आम जनता को प्रताड़ित किया जाता है जबकि जनपद के यातायात प्रभारी से लेकर ईमानदार पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह द्वारा पीड़ित आम जनता की सुरक्षा के अलावा उनकी समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाता है इसके बावजूद रामानंद यादव जैसे कुछ यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा आम जनता को प्रताड़ित किया जाता है ताकि योगी सरकार की बेहतर छवि पर बुरा असर पड़ सके। हैरत की बात तो यह है कि यातायात पुलिस कर्मी के पूछने पर वाहन चालक राहुल गुप्ता ने यह भी बताया कि यह वाहन मेरे मित्र आलोक रंजन का है। वाहन चालक ने हेलमेट नहीं पहन रखा था जिस पर वाहन चालक ने चालान कर वाहन को छोड़ने की बात कही और वाहन की चाभी मांगी किंतु यह कैसे संभव था जब रामानंद यादव पूरी तरह से एक भ्रष्ट यातायात पुलिस कर्मी है जिसकी चर्चा आम जनता में कई दिनों से बेशुमार है। यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव की रिश्वत लेने की बीमारी के चलते जब वाहन चालक ने कई वाहन स्वामियों से चालान के नाम पर अवैध वसूली करते देखा तो उपरोक्त यातायात पुलिस कर्मी की चालान के नाम पर रिश्वत लेने की मनसा समझ में आई तब वाहन चालक ने एक बार फिर यातायात पुलिस कर्मी से चालान करने को कहकर घर जाने की बात कही। किंतु वाहन चालक से हुई बहसबाजी व रिश्वत की रकम न मिलने की खुन्नस के चलते यातायात पुलिस कर्मी रामानंद यादव ने हेलमेट का 1000 रुपए के चालान के अलावा नंबर प्लेट का भी 5000 रुपए का चालान कर दिया जबकि वाहन के नंबर प्लेट को देख कर यह अंदाजा लगाया जा सकता है कि वाहन चालक द्वारा अपने अधिकारों की बात करने को लेकर हुई बहस बाजी के चलते खुन्नस में 6000 रुपए का चालान कर दिया गया। गौरतलब बात तो यह है कि ऐसे भ्रष्ट यातायात पुलिस कर्मियों को आम जनता के बीच बिना किसी कार्यवाही के छोड़ देना आम जनता की परेशानियों का कारण बनता जा रहा है जिस पर उपरोक्त यातायात पुलिस कर्मी भ्रष्टाचार में लिप्त होने के अलावा सपा मानसिकता से ग्रसित रामानंद यादव द्वारा प्रदेश के योगी सरकार की जनता को प्रताड़ित कर रहा है जिससे भाजपा सरकार की छवि भी धूमिल हो रही है। इतना ही नहीं जनपद के ईमानदार पुलिस अधीक्षक की खाकी पर भी बदनुमा दाग लग रहा है। गौरतलब बात तो यह है कि वाहन चालक के हेलमेट का चालान कर वाहन चालक राहुल गुप्ता को अपना वाहन लेकर क्यों नहीं जाने दिया गया और बिना कारण ही वाहन की नंबर प्लेट का अवैध रूप से ₹5000 का चलन भी कर दिया गया। इससे तो यह साफ जाहिर होता है कि वाहन चालक से चालान के नाम पर रिश्वत लेने की मंशा थी जो उपरोक्त यातायात पुलिस कर्मी को वाहन चालक से ना मिल सकी। वहीं वाहन चालक राहुल गुप्ता ने बताया कि और भी कई वाहन चालकों द्वारा 100% का चालान करने की बजाए उनसे चालान की रकम का 50 से 60% की अवैध उगाही की गई है। ऐसे भ्रष्ट यातायात पुलिस कर्मी पर यदि पुलिस अधीक्षक का चाबुक नहीं चला तो आम जनता की नजरों में योगी सरकार के अलावा समूचे पुलिस विभाग की छवि भी पूरी तरह से धूमिल हो सकती हैं। वाहन चालक ने कहा कि वह सोमवार को पुलिस अधीक्षक को मौखिक व लिखित रूप से अपनी आप बीती बताते हुए शिकायत करेगा इसके अलावा वह मुख्यमंत्री योगी से भी इस बात की शिकायत करेगा जिसके चलते रामानंद यादव जैसे भ्रष्ट व सपा मानसिकता से ग्रसित यातायात पुलिस कर्मियों द्वारा आम जनता प्रताड़ित न किया जा सके।

## कोटेदार ने कोटेदार को पीटकर किया लहुलुहान...!

**दैनिक समाज जागरण अतुल बाजपेयी**

विजयीपुर फतेहपुर क्षेत्र के गाजीपुर गांव में शनिवार जमीनी विवाद को लेकर धाता के केटमई कोटेदार नागेन्द्र सिंह को गाजीपुर के कोटेदार ने अपने साथियों के साथ मिलकर लाठी डंडों से जमकर पीटकर लहुलुहान कर दिया
धाता थाना क्षेत्र के केटमई गांव निवासी कोटेदार नागेन्द्र सिंह को उनके पिता के ननिहाल किशनपुर



घायल कोटेदार नागेन्द्र

थाना क्षेत्र के गाजीपुर में जमीन मिली थी जहां नागेन्द्र सिंह की जमीन में मिटटी डालने को लेकर गाजीपुर निवासी बीरेंद्र सिंह से कहासुनी हुई जिसके बाद गाजीपुर के कोटेदार बीरेंद्र सिंह अपने साथी शिवसिंह, अन्नू सिंह, कमल सिंह के साथ लाठी डंडा लेकर केटमई धाता कोटेदार नागेन्द्र सिंह को लाठी डंडों से जमकर पीटकर लहुलुहान कर दिया वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल कोटेदार की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर पीड़ित को मेडिकल के लिए भेज दिया

# संभल का इतिहास और भविष्य दोनों स्वर्णिम :: अजय शर्मा

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।भारतीय इतिहास संकलन समिति के सदस्यों ने इतिहास दिवस कार्यक्रम आयोजित करके संभल के इतिहास और भविष्य दोनों को स्वर्णिम बताया और संभल के आध्यात्मिक, सामाजिक, आर्थिक, औद्योगिक विकास के लिए समर्पित रहने का संकल्प लिया।

गुप्ता होटल में भारतीय इतिहास संकलन समिति के द्वारा इतिहास दिवस आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा तथा भारतीय इतिहास संकलन समिति के उपाध्यक्ष मनीष चौधरी ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया और पुष्पार्चन किया। जिला कोषाध्यक्ष पंकज सांख्यधर ने कहा कि भारत का गर्व और गौरव, यश और वैभव पाठ्यक्रमों में सम्मिलित किया जाए। इस उद्देश्य के साथ निरंतर सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक जागृति हेतु समर्पित भारतीय इतिहास संकलन समिति के द्वारा प्रतिवर्ष इतिहास दिवस का आयोजन अपने आप में महत्वपूर्ण विषय है। जिला महिला प्रमुख मीनू रस्तोगी ने कहा कि भारतीय इतिहास संकलन समिति अपने लक्ष्य प्राप्ति में सफलता के अत्यधिक निकट है। सेंट्रल बोर्ड आफ सेकेंडरी एजुकेशन में आमूल चूल परिवर्तन के पश्चात अब प्रत्येक प्रांत के शिक्षा बोर्ड में, उनके पाठ्यक्रमों में भारत और भारतीयता का ज्ञान देने वाला तथा संस्कृतिक शिक्षा देने वाला पाठ्यक्रम लागू कराया जा रहा है। उन्होंने माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती गुलाब देवी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि माध्यमिक शिक्षा में चंद्रयान 3 की सफलता का यश गान पाठ्यक्रमों में पढ़ाया जाएगा ऐसी घोषणा और



कार्य स्वागत करने योग्य है।

भारतीय इतिहास संकलन समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने कहा कि संभल पृथ्वीराज चौहान की राजधानी रहा। यहां से विश्व प्रसिद्ध सूफी संतों ने अपनी कीर्ति पताका संपूर्ण देश और विदेश में फहराई। देव निर्मित 68 तीर्थ 19 कूप यहां की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक धरोहर हैं। भगवान श्री कल्कि विष्णु का अवतार संभल में होने से संभल का केवल इतिहास ही नहीं बल्कि भविष्य भी स्वर्णिम है। अर्थात संभल का प्रत्येक युग का अपना इतिहास है। यहां का भविष्य भी इतना स्वर्णिम है कि भगवान श्री कल्कि अवतार के पश्चात संपूर्ण ब्रह्मांड और सृष्टि का संचालन संभल सरकार के द्वारा ही किया जाना तय है। ऐसे में हम संभल वासियों को अपनी धरोहर व इतिहास पर गर्व और गौरव है। यहां के सुंदर भविष्य निर्माण के प्रति हमें जागरूक और सक्रिय रहना चाहिए। उन्होंने भारतीय इतिहास संकलन समिति के अपने सभी कार्यकताओं को संबोधित करते हुए संभल के नव निर्माण, अच्छी व्यवस्था, शांति और सामाजिकता के लिए समर्पित रहकर अपनी पहचान बनाने का आह्वान किया। इतिहास दिवस कार्यक्रम को सफल बनाते हुए अरुण कुमार अग्रवाल, सुभाष चंद्र मोंगिया, आशा गुप्ता, विकास कुमार वर्मा, भारत मिश्रा, अतुल कुमार शर्मा, वैभव गुप्ता, मनीष चौधरी, शेखर सक्सेना, अत्यंत त्यागी, डॉक्टर सुरजीत कौशिक, अशोक कुमार गर्ग, संतोष कुमार गुप्ता, रोहित गुप्ता, अमित शुक्ला आदि ने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के जिला अध्यक्ष अजय कुमार शर्मा ने की और संचालन जिला सह मंत्री सुबोध कुमार गुप्ता ने किया।

# प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा को किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण**

संभल।हिंदू जागृति मंच के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें शिक्षा जगत में उल्लेखनीय कार्य करने वाले शिव शंकर शर्मा को सम्मानित किया गया ।

नगर में बहजोई रोड स्थित एक प्रसिद्ध रेस्टोरेंट में हिंदू जागृति मंच की सभा आयोजित की गई ।

सर्वप्रथम श्याम शरण शर्मा, मीनू रस्तोगी, सुमन शर्मा और अंकुर रस्तोगी ने सरस्वती माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण किये। विष्णु कुमार गुप्ता ने देशभक्ति गीत सुनाया जिसको उपस्थित सदस्यों ने दोहराया ।

इस अवसर पर शालिनी रस्तोगी ने कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संभल में पिछले दो वर्षों से प्रगति के नए-नए कार्य हुए हैं साथ ही छात्र संख्या बल भी लगभग दोगुना हो गया



जिसका पूरा श्रेय विद्यालय के प्रधानाचार्य शिव शंकर शर्मा को जाता है ।

सुनीता यादव ने कहा कि प्रधानाचार्य का व्यवहार बच्चों और अभिभावकों के प्रति सहानुभूति पूर्वक रहता है । विद्यालय में कार्य करने के साथ साथ सामाजिक कार्यक्रमों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उपस्थित सदस्यों ने प्रधानाचार्य को पटका पहनकर और सम्मान चिन्ह प्रदान करके शिक्षा जगत में और ज्यादा कार्य करने के लिए मनोबल बढ़ाया । शिव शंकर शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह गुर्जर, संजय गुप्ता, पंकज सांख्यधर, श्यामशरण शर्मा, सुमन शर्मा, सुनीता यादव, सरिता गुप्ता, शालिनी रस्तोगी, रूपाली गुप्ता, नीलम गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मीनू रस्तोगी एवं संचालन अंकुर रस्तोगी ने किया ।

## विश्व का सबसे बड़ा हिन्दू मंदिर, विशाल यज्ञ की सुंदरता देख हो जाएंगे हैरान, ये है लोकेशन

दिल्ली शहर एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्र है, जो अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के संगम के रूप में लोगों को आकर्षित करता है. यहां की धर्मिक और सांस्कृतिक धरोहर लोगों को प्रभावित करती है और उनके दर्शकों को भी आकर्षित करती है. दिल्ली में बना अक्षरधाम मंदिर, जिसे स्वामीनारायण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है, एक प्रमुख हिन्दू मंदिर है जिसका विशाल आर्किटेक्चर इसके ऐतिहासिक महत्व को दशार्ता है. इस मंदिर में हिन्दू साहित्य, संस्कृति, और कला का अद्भुत प्रस्तुतिकरण है और यह भारतीय संस्कृति की गरिमा को प्रकट करता है.

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम जो की 8 सितंबर से 13 सितंबर तक

**दैनिक समाज जागरण**

संभल। जिले में चल रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम जो की 8 सितंबर से 13 सितंबर तक सभी जगह होने है सभी ग्राम सभाओं, नगर निकाय, ब्लाक ,नगरीय छेत्रो में होने निश्चित हुए है इसमें भारतीय जनता पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकताओं से लेकर बड़े से बड़े पदाधिकारी को जाकर हर घर से मिट्टी एकत्रित कलश में एकत्रित करने हैं प्रत्येक गांव में 75 पौधे लगाकर अमृत वाटिका बनानी है पंच प्रण प्रतिगया कार्यक्रम करना है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशवासियों को पंचपरण में दिए गए कार्यक्रम इस प्रकार हैं विकसित



भारत के निर्माण का विराट लक्ष्य हो ,गुलामी की हर सोच से मुक्ति हो ,भारत की विरासत पर गर्व की भावना हो, देश की एकता ओर एकजुटता को निरंतर सशक्त करना हो, अपने कर्तव्य को सर्वोपरि रखना हो इन कार्यक्रमों के अंतर्गत संभल जिले में संभल, बहजोई ,चंदौसी, गवा गुन्नौर आदि जगह कलश द्वारा घर-घर जाकर जिले के पदाधिकारीओ व कार्यकताओं द्वारा मिट्टी को एकत्रित किया जा रहा है इसमें चंदौसी की विधायक उत्तर प्रदेश सरकार की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी जिला अध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंगल कमल कुमार कमल मंजू दिलेर राजेश शंकर राजू के साथ-साथ जिले के सभी पदाधिकारीओ सभी मोर्चों के अध्यक्षों एवं टीमों के साथ इस कार्यक्रम को जगह-जगह संपन्न किया जा रहा है सभी मंडल अध्यक्ष सभी ब्लॉक प्रमुख एवं नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायत के द्वारा यह कार्य संपन्न किया जा रहा है

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति में श्रेष्ठ कार्य करने और अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करने वाले राष्ट्रीय महासचिव कुसुम समेत 14 पदाधिकारियों को 17 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा।

**दैनिक समाज जागरण**

सम्भल। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता समिति में श्रेष्ठ कार्य करने और अपने दायित्वों का जिम्मेदारी के साथ निर्वाहन करने वाले राष्ट्रीय महासचिव कुसुम समेत 14 पदाधिकारियों को 17 सितंबर को सम्मानित किया जाएगा।

समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम ने बताया कि प्रत्येक वर्ष श्रेष्ठ कार्य करने वाले समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाता है। इसी क्रम में वर्ष 23 में श्रेष्ठ कार्य करने वाले समिति के पदाधिकारियों का चयन करने के लिए दस सदस्यीय एक निर्णायक कमेटी बनाई गई। जिसका सदस्य समिति के संरक्षक/ सलाहकार डॉ यू सी सक्सेना, सुशील कुमार भगत जी, डॉ शहजाद आलम, डॉ ए एच रजा, इंजीनियर सलमान अख्तर, मुशीर खां तरीन, डॉ मौहम्मद ओवैस, त्रिवेदी प्रकाश सर्राफ, विनोद कुमार खन्ना तथा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाहिद रजाइ को मनाया गया।



निर्णायक कमेटी ने इसमें सबसे श्रेष्ठ कार्य करने वाली समिति की राष्ट्रीय महासचिव कुसुम का एक मत से चयन किया। इसके बाद राष्ट्रीय महाप्रबंधक रूबी, राष्ट्रीय सचिव उपासना शर्मा, राष्ट्रीय सचिव साक्षी शर्मा, राष्ट्रीय परीक्षा नियंत्रक शशिबाला गौतम , साधना सरगम, तेजस्वी, रानी प्रजापति, अंशु चौहान, कविता प्रजापति, शिवानी शर्मा, रानी गौतम, गुलशन गौतम,राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता का चयन किया गया। जिन्हें 13 सितंबर को होने वाले समारोह में सम्मानित किया जाएगा। इस अवसर पर डॉ ए एच रजा को सामाजिक क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर समाज गौरव सम्मान से जबकि स्त्री रोग विशेषज्ञ के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने पर डॉ रूपाली गुप्ता एवं डॉ सुनीता गुप्ता को डॉ सुधा सक्सेना स्मृति अवार्ड से इसके साथ ही सम्भल में मोबाइल क्रांति के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वाले बिलाल अख्तर को सम्भल गौरव सम्मान से राष्ट्रीय अध्यक्ष हरद्वारी लाल गौतम, समाजसेवी डॉ अरविन्द कुमार गुप्ता, भाजपा नेता परीक्षित कुमार मोंगिया, शिक्षाविद डॉ शहजाद अहमद तथा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने सम्मानित किया।

# तीन दिन से हो रही लगातार बारिश से गरीब का गिरा मकान 6 लोग हुए घायल

## जिसमें एक मासूम की मौके पर हुई मौत परिजनों मचा हड़कंप

दैनिक समाज जागरण /सम्भल। थाना नखासा क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलारपुर कला निवासी मतीन पुत्र शब्बीर का लगातार हो रही बारिश से भरवाकर मकान गिर गया जिस मे की मतीम आयु 45 बर्ष पुत्र शब्बीर,शबाना आयु 42.बर्ष पत्नी मतीन, मोमीन 17 आयु बर्ष पुत्र मतीन, फैजान आयु 15 बर्ष पुत्र मतीन, उस्मान आयु 6 बर्ष पुत्र मतीम,हसनैन आयु 4 बर्ष पुत्र मतीन की मौके पर ही मौत हो गई,नाजिया पुत्री मतीन सभी लोग घायल हो गए मकान गिरने की आवाज सुनकर ग्रामीण घटनास्थल की ओर दौड़े मकान गिरने की खबर गांव में आंग की तरह फैल गई सूचना पर ग्राम प्रधान घटनास्थल पर पहुंचे और थाना पुलिस व एंबुलेंस को घटना के संबंध में सूचना दी सूचना पर थाना पुलिस व एंबुलेंस मौके पर पहुंचे और



सभी घायलों को जिला अस्पताल उपचार के लिए भर्ती कराया गया सूत्रों की माने तो बताया जा रहा है कि तीन-चार की हालत गंभीर बनी हुई है इस संबंध में थाना नखासा प्रभारी योगेश कुमार से जब बात की गई तो जानकारी देते हुए बताया गया है की घटना की सूचना मुझे प्राप्त हो गई है सूचना पाकर मौके पर तुरंत पुलिस को भेजा गया है और एंबुलेंस की सहायता से सभी घायलों को जिला अस्पताल में उपचार के भर्ती कराया गया है।

## प्रतिबंधित नशे की गोलियां के साथ पुलिस ने दो युवकों को दबोचा, रिपोर्ट दर्ज कर भेजा जेल

बिसौली आई एम खान। प्रतिबंधित नशे की ढाई सौ गोलियों के साथ पुलिस ने दो युवकों को दबोच लिया। बड़ी मात्रा में नशीली दवाओं के साथ



पकड़े गए दो युवकों में एक नगर के मोहल्ला गदरपुरा व दूसरा मदनजुड़ी गांव का है।

कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर मोहल्ला गदरपुरा के आसफपुर मार्ग को जोड़ने वाली सड़क पर बने पालिका के शौचालय के समीप दोनों युवकों को दबोचा। पकड़े गए युवकों ने अपना नाम गदरपुरा मोहल्ले का हासिम पुत्र महताब व मदनजुड़ी गांव निवासी टीटू पुत्र रामस्वरूप बताया। यहां बता दें कि मोहल्ला गदरपुरा समेत नगर के कई मोहल्लों में बड़ी संख्या में युवा वर्ग नशे का लती होता जा रहा है। काफी युवक सस्ती होने की वजह से नशीली गोलियों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कोतवाल संजीव कुमार शुक्ला ने बताया कि पकड़े गए युवकों के पास से ढाई सौ एल्प्राजोलम नामक नशे की गोलियां मिली हैं। दोनों को एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

## भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136 वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में मनायी

बिसौली आई एम खान। रामशरण वैद्य आदर्श इण्टर कॉलेज मई बसई में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136 वीं जयंती गौरव दिवस के रूप में मनायी गयी। कालेज के शिक्षकों व स्टाफ ने उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।



प्रधानाचार्य डॉ घनश्याम दास ने कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत प्रमुख महान स्वतंत्रता सेनानी थे जिन्होंने किसानों के उत्थान और अस्पृश्यता के उन्मूलन में महत्वपूर्ण कार्य किये। पंत उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री बने। साथ ही गृहमंत्री के तौर पर उन्होंने हिंदी को राष्ट्रभाषा बनाने का समर्थन भी किया। इस अवसर पर राकेश कुमार शर्मा, रामाधार शर्मा, प्रकाशवीर, सुधाकर शर्मा, विश्वेश पाठक, हरदीप सिंह, लखपति सिंह, मनोज कुमार, आनंद सिंह, रऊफ अहमद, विपिन कुमार, विनोद कुमार, नन्हू राम, अमित पाराशरी, आशीष उपस्थित रहे।

## लोकसभा चुनाव में कांग्रेस लाएगी शिक्षकों के लिए मैनीफेस्टो

# शिक्षक समाज की नींव, शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुरानी पेंशन बहाली कांग्रेस की प्राथमिकता

## शिक्षकों को जोड़ने के लिए शिक्षक मैनिफेस्टो में लोगों को शामिल कर कार्यक्रम चलाएगी कांग्रेस

**दैनिक समाज जागरण**

लखनऊ 10 सितम्बर 2023 / लोकसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर कांग्रेस पार्टी ने शिक्षकों के बीच में पैठ बनाने की कमर कस ली है। आज




उत्तर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय नेहरू भवन में हुई शिक्षक कांग्रेस की बैठक में शिक्षकों के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई और शिक्षकों के बीच में कांग्रेस के संगठन विस्तार पर भी रणनीति बनी, जिसमें शिक्षकों की सबसे बड़ी मांग पुरानी पेंशन बहाली को लेकर भी बात रखी गई और उसके साथ-साथ शिक्षक मेनिफेस्टो के माध्यम से शिक्षकों के बीच में संगठन विस्तार की रणनीति के साथ भाजपा सरकार द्वारा की जा रही शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की साजिश पर भी गंभीर चर्चा हुई और वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय जिसको भाजपा सरकार द्वारा समाप्त कर दिया हैं, उनके मानदेय के लिए आंदोलन की रणनीति बनी।

बैठक का संचालन डा प्रमोद कुमार ने किया, आज की शिक्षक कांग्रेस की बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, जिला-शहर अध्यक्ष, जिलों के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक के मुख्य अतिथि श्री दिनेश कुमार सिंह-प्रदेश महासचिव प्रभारी प्रशासन ने कहा कि उत्तर प्रदेश सेवा शिक्षा चयन आयोग का गठन कर भाजपा सरकार संविधान की अवहेलना कर रही है। चयन बोर्ड की धारा 18 व धारा 12 के द्वारा प्रदत्त मिली सेवा सुरक्षा को समाप्त कर शिक्षकों की नौकरी खत्म करना चाहती है। शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय सिंह ने शिक्षकों की बैठक में कहा कि भारतीय जनता पार्टी शिक्षकों के भविष्य को खतरे में डाल रही है, सरकार की नीतियां सिर्फ और सिर्फ निजीकरण की तरफ है जिससे शिक्षक जो समाज की नीव है और भारत के भविष्य के लिए दिन-रात काम करता है, उनके ही भविष्य को खतरे में डाला जा रहा है, श्री अजय सिंह ने कहा की भाजपा द्वारा सभी आयोगों को समाप्त कर जो उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग बनाया जा रहा है वह सीधे तौर पर संविधान प्रदत्त अधिकारों की अवहेलना है। चयन बोर्ड की धारा 18 और 12 का उल्लंघन है क्योंकि धारा 18 और 12 में शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करने के अधिकार हैं, जिनको भाजपा समाप्त कर निजीकरण की साजिश रच रही है।

शिक्षक बैठक में रुहेलखंड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर व शिक्षक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष यशपाल सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति भारत

### उत्तर प्रदेश सेवा शिक्षा चयन आयोग का गठन कर भाजपा सरकार कर रही है संविधान की अवहेलना, चयन बोर्ड की धारा 18 व धारा 12 के द्वारा प्रदत्त मिली सेवा सुरक्षा को समाप्त कर शिक्षकों की नौकरी खत्म करना चाहती है आदित्यनाथ सरकार

### वित्त विहीन शिक्षकों के मानदेय के लिए कांग्रेस करेंगी आंदोलन

की शिक्षा की नींव को हिलाने की साजिश है, नई शिक्षा नीति के दुष्परिणाम देश के लिए, शिक्षकों के लिए, युवाओं के लिए एवं छात्रों के लिए खतरनाक है, नई शिक्षा नीति कभी भी देश के हित में नहीं हो सकती है हम इसका विरोध करेंगे।

डॉ मार्तंड सिंह ने वित्तविहीन शिक्षकों की समस्याओं को उठाते हुए कहा कि वित्त विहीन शिक्षक जो सिर्फ मानदेय पर ही शैक्षणिक कार्य कर देश की सेवा कर रहे हैं, आज भारतीय जनता पार्टी ने उनके मानदेय को समाप्त कर दिया है, जिससे उनके परिवार और भविष्य दोनो संकट में हैं, हम वित्तविहीन शिक्षकों के मानदेय के लिए आंदोलन करेंगे।

बैठक में मुख्य रूप से शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ मार्तंड सिंह, प्रोफेसर यशपाल सिंह, प्रोफेसर पी0के0 पचौरी, श्री संजीव कुमार, श्री प्रमोद कुमार सिंह, डॉ0 एच0एन0उपाध्याय, कमलेश सिंह यादव, महासचिव श्रीमती निधि तिवारी, डॉक्टर एस के दुबे, डॉक्टर लोकेश शुक्ला, डॉ0 प्रवेश यादव, डॉ0 अमित राय, प्रदेश सचिव मनोज कुमार, फिरोज खान, नंदलाल यादव, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्या, डॉ0 विनोद कुमार सिंह, मोहम्मद मोबीन, शिव शंकर मौर्य, अरविंद कुमार, मोहम्मद शाहिद, शहर अध्यक्ष लखनऊ मोहम्मद आरिफ सहित सैकड़ो पदाधिकारी एवं शिक्षकगण मौजूद रहे।

# महंगाई, बेरोजगारी के खिलाफ माकपा ने दिया धरना, कहा -- मोदी सरकार की कॉर्पोरेटपरस्त नीतियां जिम्मेदार

दैनिक समाज जागरण

धमतरी। महंगाई और बेरोजगारी के खिलाफ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के देशव्यापी आह्वान पर सैकड़ों माकपाईयों ने आज यहां गांधी चौक पर धरना दिया और केंद्र में भाजपा नीत मोदी सरकार की कॉर्पोरेटपरस्त जनविरोधी नीतियों को जिम्मेदार ठहराया। माकपा ने भूमिहीनों को भूमि, आवासहीनों को आवास, वनभूमि पर अधिकार देने तथा चिटफंड में आम जनता के डूबे पैसों को लौटाने की भी पुरजोर मांग की और राज्य की कांग्रेस सरकार को भी अपने निशाने पर लिया। धरना में असंगठित क्षेत्र के मजदूर और महिलाएं भी बड़ी संख्या में शामिल थे। माकपा के राज्य सचिवमंडल सदस्य संजय पराते ने कहा किक महंगाई पर लगाम और बेरोजगारों को काम देने के वादे पर आई भाजपा सरकार ने आम जनता से धोखाधड़ी की है। आज जब पूरी दुनिया में कच्चे तेल के दाम वर्ष 2014 के स्तर से नीचे हैं, हमारे देश मे पेट्रोल-डीजल-गैस की कीमतें पहले की तुलना में तिगुनी हो गई है। इससे चौतरफा महंगाई बढ़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि अनाज मगरमच्छों के दबाव में मोदी सरकार जमाखोरों के खिलाफ कार्यवाही नहीं कर रही है। इसके कारण अनाज, तेल और सब्जियों सहित सभी चीजों की कीमतें बढ़ रही है। रोज कमाने वाले लोगों की आधी कमाई खाने पर ही खर्च होती है और अपनी दूसरी जरूरतों को पूरा करने के लिए उन्हें भूखों रहना पड़ रहा है। भूखी जनता के खाने पर भी मोदी सरकार जीएसटी लगा रही है। सभा को संबोधित करते हुए माकपा जिला सचिव समीर कुरैशी ने कहा कि इस सरकार की कॉर्पोरेटपरस्त नीतियों के कारण खेती और उद्योग-धंधे दोनों चौपट हो गए हैं। नतीजन, गांव और शहर दोनों जगह बेरोजगारी बढ़ी है। दो करोड़ नौजवानों को रोजगार देने के नाम पर आई सरकार ने करोड़ों लोगों को बेरोजगार कर दिया है और वे आत्महत्या करने पर मजबूर है,

# राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला सिरोही द्वारा महिला समूह बैठक एवम सम्मेलन का आयोजन

दैनिक समाज जागरण

राजस्थान सिरोही /संगठन में मातृ शक्ति की और अधिक भागीदारी तथा कार्यक्रमों में सक्रिय सहभागिता को लेकर राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय जिला सिरोही द्वारा महिला समूह बैठक एवम सम्मेलन का आयोजन दिनांक 10 सितम्बर रविवार को कोजरा चौराहा नेशनल हाईवे पिंडवाड़ा स्थित जय बाबा रामदेव होटल के सभागार में आयोजित किया जिसमें आबू-रोड सिरोही पिंडवाड़ा शिवगंज तथा रेवदर तहसील की 80 महिला शिक्षिकाएं शिरकत की उक्त जानकारी देते हुवे जिला संगठन मंत्री एवं कार्यक्रम की संयोजक मृदुला शर्मा ने बताया कि समारोह का शुभारंभ प्रातः 10:00 बजे से 10:30 बजे तक पंजीयन और अल्पाहार से प्रारंभ हुआ व उद्घाटन एवं बौद्धिक सत्र 10:30 बजे से 12:00 बजे तक रहा।कार्यक्रम में मुख्यवक्ता के रूप में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की प्रांतीय उपाध्यक्ष डॉक्टर कंचन चारण का उद्बोधन रहा।

कार्यक्रम की सहसंयोजक एवम जिला महिला मंत्री सरिता मीना ने जानकारी दी कि दितीय पारी में परिचर्चा मंथन एवं समस्याओं का संकलन सत्र रहा जो 12.15 से प्रारंभ होकर 1:30 बजे तक चला, जिसमें संभाग संगठन मंत्री ऋतु भटनागर पर्यवेक्षक की भूमिका में रह कर संगठन की रीति नीति और। कार्यक्रमों पर चर्चा की साथ ही भोजन उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

### सह संयोजक एवं जिला मंत्री सरिता मीना ने बताया कि

इस सम्मेलन में केवल महिला शिक्षिका ही भाग लेंगे अतिथि मुख्य वक्ता मंच संचालक आदि तमाम कार्य महिला ही करेंगे सम्मेलन में बौद्धिक उद्बोधन व खुला मंच का सत्र रखा गया जिसमें महिला शिक्षिकाओं की समस्याओं




का संकलन में महिला शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार को प्रस्ताव प्रेषित किए जाएगा। महिला शिक्षकों ने उपस्थित होकर सम्मेलन को सफल बनाया। शिक्षक संघ राष्ट्रीय सिरोही/ रिपोटर चंद्रकांत सी पूजारी

# शिक्षिकाओं को इनरव्हील क्लब ने किया सम्मानित

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। इनरव्हील क्लब ने शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। सितम्बर माह में शिक्षक दिवस एवं विश्व साक्षरता दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर निमार्ता पुरस्कार 2023 रूप में 11 शिक्षकों को प्रमाण पत्र व अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया। इनरव्हील भारत-इंडिया साक्षरता मिशन के माध्यम से एस.एच.आई.के .एस.एच.ए, कार्यक्रम राष्ट्र निमार्ता के माध्यम से उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन किया गया है। इनरव्हील के द्वारा पुरस्कृत शिक्षिकाओं के नाम डॉ. माधुरी सिंह, डॉ. पूनम मिर्जा, डॉ. मंजू पूनम सिंह, सुनीता सिंह, शोभा सिंह, अंजना सिंह, दीपमाला जायसवाल, नारायणी श्रीवास्तव, आरती शुक्ला, वंदना उपाध्याय हैं। संस्थाध्यक्ष सरोज सिंह ने कहा कि प्राइमरी एवं उच्च वर्ग विद्यालयों के शिक्षकों को उनके योगदान के लिये सम्मानित कर हम सभी गौरवान्वित हैं। शिक्षक हमें बिना किसी स्वार्थ के सफलता का रास्ता दिखाते हैं। संस्था सचिव सोभा सिंह ने कहा कि शिक्षक हमारे समाज के लिए महत्वपूर्ण स्तंभों में से एक है जो विद्यार्थी को शिष्टाचार के साथ-साथ सफलता का मार्ग भी दिखाते हैं। इस अवसर पर क्लब महिला मेम्बर मीना सिंह, रानी मिश्रा, अर्चना उपाध्याय, रश्मि सिंह, रंजना उपाध्याय, सोमा सिंह, मीना सिंह, ममता मिश्रा, अनविता सिंह आदि उपस्थित रहीं।




# समय आ गया है अब भारत ही करेगा दुनिया का नेतृत्व : कपिलमुनि

**नगर पालिकाध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली गयी कलश यात्रा**

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर। आज समूचे विश्व में भारत का डंका बज रहा है। वह दिन दूर नहीं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत समूचे दुनिया का नेतृत्व करेगा। उक्त बातें सरकार द्वारा चलाए जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित जनों को सम्बोधित करते हुए पालिकाध्यक्ष कपिलमुनि ने कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी जी के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश नित नई उचाईयों को छू रहा है। रोज विकास के नये आयाम लिखे जा रहे हैं। अब वह दिन दूर नहीं जब हमारा डेढ़ भारत समूचे विश्व का नेतृत्व करेगा। इस महाअभियान की शुरूआत भी जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत की मेजबानी के साथ शुरू हो चुकी है। पूरी दुनिया आज भारत और भारत के नेतृत्व की तरफ आशा भरी निगाहों से देख रहा है। इस अवसर पर स्थानीय नगर में सरकार द्वारा चलाये जा रहे मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को अपरान्ह नगर पालिका अध्यक्ष कपिलमुनि के नेतृत्व में एक विशाल कलश यात्रा निकाली गयी। गाजे-बाजे के साथ निकली कलश यात्रा नगर पालिका प्रांगण से प्रारम्भ होकर नगर के नई बाजार तिराहे पर पहुँचकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में शामिल भाजपाइयों ने नगर के प्रत्येक घरों से माटी एकत्र कर यात्रा में चल रहे कलश में एकत्र किया। इस अवसर पर पुष्पराज सिंह, राजेश गुप्त, वीरेन्द्र गुप्त, राजस्व निरीक्षक रामानुज शुक्ल, जलकल अभियन्ता शिवानन्द वास्को, लिपिक ओंकार नाथ मिश्र, लिपिक ज्ञान प्रकाश पटेल, भरत लाल आदि उपस्थित रहे।



# ए वन मार्ट पर अनिकेत सिंह का मना जन्मदिन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील के दुबिहां मोड़ पर स्थित ए वन मार्ट के प्रोपराइटर सुभाष सिंह कुशवाहा के पुत्र अनिकेत सिंह का जन्मदिन उनके शुभचिंतकों ने धूम धाम से मनाया।सभी की उपस्थिति में ए वन मार्ट के सामने केक काटा गया।सभी ने हैप्पी बर्थडे टू यू बोला।सभी को केक वितरण के बाद भोजन की भी ब्यवस्था की गई थी।इस अवसर पर सुभाष सिंह, रविकांत मिश्रा,अजय यादव,सुशील खरवार, विवेक पांडे, अभिषेक पांडे, भैया राजा, गोल्डन चौरसिया, रामनिवास वर्मा,श्रीनिवास,रोशन वर्मा, पिंटू वर्मा, सुनील यादव, विजय यादव,रितेश खरवार, शिवम, ध्रुव प्रसाद,अनुराग उपाध्याय,सुमित गुप्ता,रामाश्रय यादव, पंकज मौर्या गोलू इलेक्ट्रॉनिक दुबिहां मोड,अंकुश सिंह, पियूष सिंह,नीरज सिंह समेत ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।



# आरोपियों पर नाबालिक से छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज पुलिस आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

मुंगराबादशाहपुर, जौनपुर। स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव की निवासिनी एक किशोरी के साथ क्षेत्र के ही दो युवकों द्वारा छेड़छाड़ का मामला प्रकाश में आया है। बताते हैं कि स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गाँव निवासी लगभग 14 वर्षीय किशोरी जो एक प्राइवेट स्कूल की छात्रा है से विगत 30 अगस्त को क्षेत्र के ही युवकों द्वारा रास्ते में जबरन रोककर डरा-धमका कर छेड़छाड़ किया और शिकायत करने पर जान से मार डालने की धमकी दिया। डरी सहमी किशोरी जब बदहवाश हालत में घर पहुँची और परिजनों से घटना के सम्बन्ध में पूरी बात बताया तो परिजनों के पैरों तले जमीन खिसक गयी। पीड़ित किशोरी के पिता द्वारा थाने पर लिखित तहरीर देकर घटना की सूचना दी गयी। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने अंकित सिंह व कृष्ना सिंह के विरुद्ध नामजद मुकदमा धारा-354, 504, 506 आईपीसी व 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत पंजीकृत कर आरोपियों की तलाश कर रही है। घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से जहाँ एक तरफ स्थानीय थाना पुलिस की कार्यप्रणाली पर लोग सवालिया निशान लगा रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ पीड़िता व उसके परिजनों में दहशत व्याप्त है। लोगों का कहना है कि जमीन कब्जाने व तमाम अनैतिक कार्य करने में माहिर मुंगरा की जाबाज पुलिस एक मुकदमे में नामजद आरोपियों की घटना के 10 दिनों बाद भी गिरफ्तारी करने में नाकाम साबित हो रही है।

# जेसीआई चेतना ने लगवाया वॉटर प्यूरीफायर

**दिलीप कुमार जायसवाल ब्यूरो चीफ**

जौनपुर। जेसीआई सप्ताह के अंतर्गत जागेश्वर नाथ मन्दिर में संस्थाध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में कार्यक्रम आयोजित किया गया। संस्थाध्यक्ष सोनी जायसवाल ने बताया कि जागेश्वर नाथ मंदिर के प्रांगण में श्रद्धालुओं की सेवा में शुद्ध पेयजल के लिये वॉटर प्यूरीफायर मशीन लगाया गया। कार्यक्रम संयोजक ममता कश्यप रहीं। कार्यक्रम के प्रारंभ में संस्थाध्यक्ष द्वारा जागेश्वर नाथ मंदिर के पुजारी को पुष्प भेंट करते हुए अंगवस्त्र भेंट किया गया। इसके बाद जागरूकता अभियान चलाया गया। जल है तो जीवन है, जल है तो कल है स्लोगन लिखे हुए पंपलेट और स्टीकर नगरवासियों में वितरण किया गया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष सरला महेश्वरी, चेयरपर्सन मीरा अग्रहरि, प्रतिमा गुप्ता, अंजना गुप्ता, मंजू जायसवाल, ममता केसरवानी, रिंकी जायसवाल, ज्ञानेश्वरी गुप्ता, निशा गुप्ता आदि उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन प्रतिमा साहू ने किया। आभार कार्यक्रम संयोजक ममता कश्यप ने व्यक्त किया।



# भारतीय तुरैहा समाज के जिलाध्यक्ष का शपथ ग्रहण समारोह भव्यता से

**रीतेश ऋषभ, समाज जागरण**

सहतवार (बलिया) : क्षेत्र के आदित्य मैरिज हॉल के प्रांगण में भारतीय तुरैहा समाज के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष चुने जाने पर शपथ ग्रहण समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिले के कोने-कोने से अधिकांश तुरैहा समाज के लोग उपस्थित रहे। बता दे की रविवार को आदित्य मैरिज हाल के प्रांगण में भारतीय तुरैहा समाज का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस कार्यक्रम मे नवागत जिलाध्यक्ष सुभाष तुरैहा को शपथ दिलाया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान सुभाष तुरैहा ने अपने संबोधन में कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसे जिम्मेदारी को बखूबी से अपने समाज के लिए अपने समाज के हित के लिए निभाऊंगा। कोई भी सरकार आयी हमारे समाज का उत्थान आज तक नहीं हुआ है। हमारे समाज का आज तक चरित्र प्रमाण पत्र भी तहसील स्तर से नहीं बनाया गया है। मैं अपने जिला अध्यक्ष के रहते कार्यकाल में अपने समाज का प्रमाण पत्र बनवाने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। सभा की अध्यक्षता मनोज जी एवं संचालन मुन्नू प्रसाद ने किया। इस कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से शिवजी, गुलाब जी, राम भजन, पन्नालाल, रामेश्वर रामसेवक एवं पंचानन मौजूद रहे।

# उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के सम्मान में प्रमुख बृजेंद्र सिंह द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवर में जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के सम्मान में ब्लाक प्रमुख बृजेंद्र सिंह द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के सम्मानित भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी, सम्मानित नागरिकगण, क्षेत्र पंचायत सदस्य उपस्थित थे।एल जी मनोज सिन्हा अपने शुभचिंतकों एवम पूर्व परिचितों से मिले। उनका कुशल क्षेम जाना। इस अवसर पर उप राज्यपाल मनोज सिन्हा को अंग वस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।ब्लाक प्रमुख बृजेंद्र सिंह द्वारा एक सहभोज कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नीरजशेखर, पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी, भाजपा जिलाध्यक्ष भानु प्रताप सिंह, पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह, कालीचरण राजभर, नरेंद्र नाथ सिंह, जिला प्रमुख संघ के अध्यक्ष अवधेश राय, किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मंत्री कृष्णानंद राय, सुनील सिंह, श्यामराज तिवारी, सत्यदेव ग्रुप आफ कॉलेजेस गाजीपुर के प्रबंध निदेशक डॉ. सानंद सिंह, डॉ. विजेंद्र कुमार सिंह, निदेशक प्रमोद सिंह, नथुनी सिंह, अरविन्द राय चेयरमैन डालिम्स सनबीम स्कूल गांधीनगर, हिमांशु राय प्रबन्धक जय बजरंग आई टी आई लट्ठूडीह, टुनटुन सिंह, देवेंद्र सिंह देवा, देवेन्द्र सिंह, नन्हे सिंह, प्रसुन्न सिंह, नागा सिंह, गुड्डू सिंह, जितेन्द्र श्रीवास्तव, विनोद राय, सतीश राय, ओम प्रकाश कुशवाहा, धन्नू सिंह, अनिल यादव,रामआशीष प्रजापति, बेचन राम, अमित पांडेय समेत ढेर सारे लोग उपस्थित थे।



# प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की सीयर ब्लॉक इकाई का पुनर्गठन, अभय अध्यक्ष, सुभाष महामंत्री

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ की सीयर ब्लॉक इकाई का पुनर्गठन रविवार को बीआरसी परिसर में किया गया। इसमें अभय सिंह ब्लॉक अध्यक्ष, द्वारिकानाथ प्रसाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुभाष पटेल महामंत्री, सुरेश प्रसाद कोषाध्यक्ष, भार्गव प्रसाद उपाध्यक्ष, नरेंद्र गौतम मीडिया प्रभारी, नवीन कुमार यादव मंत्री, दीनानाथ राम संगठन मंत्री, राम प्रेम प्रवक्ता, रूमा सिंह उपाध्यक्ष व विनोद कुमार यादव संरक्षक चुने गए। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षामित्र विभिन्न प्रकार की समस्याएं झेल रहे हैं। इनसे छुटकारा पाने के लिए संघर्ष करना होगा। यह संघर्ष संगठित होकर ही किया जा सकता है। इतिहास गवाह है कि संगठित होकर और संघ के दम पर बड़ी-बड़ी लड़ाइयां जीती गई हैं। कहां कि सीयर ब्लाक इकाई के पुनर्गठन से संगठन को काफी बल मिलेगा।जिला मंत्री हरेराम यादव ने कहा कि स्थाईकरण समेत विभिन्न मांगों को लेकर नौ अक्टूबर को संघ की ओर से लखनऊ में धरना प्रस्तावित है। इसमें जिले के अधिक से अधिक शिक्षामित्र को प्रतिभाग करना है। बैठक में जिला मंत्री अजय श्रीवास्तव, जिला कोषाध्यक्ष राकेश पाण्डेय के अलावा अनूप कुमार, ज्ञानप्रकाश, संतोष यादव, मनोज कुमार, मनीष मौर्य, राजाराम यादव, देवेंद्र प्रसाद, हरेंद्र यादव सहित सैकड़ों शिक्षामित्र मौजूद रहे।



# गौरव दिवस के रूप में मनी भारत रत्न गोविंद बल्लभ पंत की जयंती

**रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण**

सिकंदरपुर (बलिया) : तहसील सभागार में भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती को "गौरव दिवस" के रूप में मनाया गया। तहसील के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा उनके तैल चित्रपर पुष्प अर्पित कर मनाया गया। इस दौरान उपजिलाधिकारी सिकंदरपुर रवि कुमार पासवान ने उनके जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत एक प्रसिद्ध स्वतन्त्रता सेनानी के साथ वरिष्ठ भारतीय राजनेता भी थे। वे उत्तर प्रदेश राज्य के प्रथम मुख्यमन्त्री और भारत के चौथे गृहमंत्री थे। सन 1957 में उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया गया। कहा कि पं. गोविंद बल्लभ पंत ने आजादी में अमूल्य योगदान दिया। जिसे देश कभी नहीं भूल सकता है। इन महान विभूति को आगे भी याद रखा जाएगा। इस दौरान निर्भय सिंह, हरेराम यादव, उमाशंकर, परवेज आलम, सुनील कुमार, कमलेश आदि मौजूद रहे।

# शोतोकान कराटे के अवनीश पाठक राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

**शशिकांत ओझा, समाज जागरण**

बलिया : लखनऊ के आयोजित प्रतियोगिता में शोतोकान कराटे एसोसिएशन के खिलाड़ी 14 से 15 वर्ष में वैभव गुप्ता 45 किलो भार वर्ग में हनी सोनी 55 किलो भार वर्ग में ब्रोंज मेडल प्राप्त हुआ वही शानदार प्रदान करते हुए 65 किलो भार वर्ग में अवनीश पाठक को गोल्ड मेडल प्राप्त हुआ। अवनीश पाठक नेशनल कराटे प्रतियोगिता इंडिया ऑगेर्नाइजेशन ऑर्गनाइजेशन के तत्वाधान में उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय चयनित हुआ। इन खिलाड़ियों के उपलब्धि पर एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ कुंवर अरुण सिंह प्रमोद जी सराफ, उपाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल अभिषेक सिंगल अजीत कुमार पांडे एवं एसोसिएशन के सचिव एल बी रावत तथा संयुक्त सचिव कमल यादव सुमित पाठक वारिस अली,अर्जुन पांडे कोषाध्यक्ष,छात्रसाल आदि ने इनको हार्दिक बधाई शुभकामनायें दी।



# यूपी में जनता लड़ेगी 2024 का लोकसभा चुनाव, नहीं खुलेगा भाजपा का खाता

**-बोले रामगोविंद चौधरी**

**'सपा के राष्ट्रीय सचिव ने कहा घोसी उपचुनाव में जनता ने दिया है संदेश**

**शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण**

बलिया : सपा के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि लोकसभा 2024 का चुनाव समय पर हो या समय से पहले, इस चुनाव को आम जनता लड़ेगी और इस लड़ाई में भारतीय जनता पार्टी और उसकी सहयोगी पैसा पार्टियों का खाता भी यूपी में नहीं खुलेगा। यह कहना है पूर्व मंत्री रामगोविंद चौधरी का। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और उत्तर प्रदेश के पूर्व नेता प्रतिपक्ष रामगोविंद चौधरी ने कहा है कि इसका संदेश घोसी की जनता ने उप चुनाव में दिया है। देश के अन्य क्षेत्रों में भी लोग वैसा ही जवाब देने के लिए तैयार खड़े हैं। बस चुनाव का एलान होने दीजिये। अपने स्थानीय जगदीशपुर स्थित आवास पर पार्टी के विधानसभा क्षेत्र के जोन प्रभारियों को सम्बोधित करते हुए कहा है कि घोसी में केवल भाजपा उम्मीदवार और पार्टी नहीं, अडानी, अम्बानी और ललित मोदी जैसों के लिए एजेंट के रूप में काम कर रही डबल इंजन की पूरी सरकार चुनाव लड़ रही थी, हुआ क्या! बुरी तरह हार हुई उनकी। प्रशासनिक गुंडई नहीं होती तो यह अंतर एक लाख से अधिक मतों का होता। उन्होंने कहा है कि इस बार घोसी में केवल भाजपा उम्मीदवार और उनकी पार्टी की हार नहीं हुई है, इस बार दलबदल की हार हुई है। जातिवाद की हार हुई है। नफरत की हार हुई है। पैसे की हार हुई है और उस प्रशासनिक गुंडई की भी हार हुई है जो पूरे चुनाव में उम्मीदवार और उसकी सत्ता पार्टी के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही थी। कहा है कि समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी के रूप घोसी में सुधाकर सिंह की जीत भी केवल सपा की जीत नहीं है, यह लोकतन्त्र की जीत है, संविधान की जीत है, सदभाव की जीत है, समाजवाद की जीत है और उन सभी राजनीतिक कार्यकतार्ताओं की जीत है जो भारतीय संविधान और लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं।



# वीर अब्दुल हमीद के 58वें शहादत दिवस पर दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

**बिकास राय ब्यूरो चीफ गाजीपुर दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। वर्ष 1965 के भारत और पाकिस्तान के बीच हुए भीषण युद्ध में पाकिस्तान को अमेरिका से मिले सात पैटर्न टैंक को नष्ट करने वाले दुल्लहपुर क्षेत्र धामुपुर निवासी वीर अब्दुल हमीद का 58 वां शहादत दिवस 10 सितंबर को उनके पैतृक गांव धामपुर में उनके नाम से बने शहीद पार्क में मनाया गया। हर बार तो इस मौके पर काफी भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता था लेकिन, इस बार जिला प्रशासन के कोई उच्च अधिकारी नही मौजूद थे। परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद को श्रद्धांजलि देने मुख्य अतिथि मोसीम रजा,ज़िला पंचायत अध्यक्ष सपना सिंह, उपजिलाधिकारी कमलेश सिंह , खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम , जखनिया विधायक वेदी राम ग्राम सचिव राजकमल गौरव, सरवन सिंह ,सिटी हड्डी अस्पताल सर्जन डॉ केपी सिंह ,समाजसेवी अनिकेत चौहान ने कार्यक्रम स्थल पर पहुंच कर शहीद को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के आयोजक वीर अब्दुल हमीद के पुत्र जैनुल हसन और उनके पोते परवेज आलम जी के द्वारा किया गया। पूर्व राज्य मंत्री वक्फ हज अध्यक्ष मोहसिन रजा ने बताया कि ऐसे लोग देश की धरोहर होते हैं उनके लिए जो कुछ भी किया जाए वह कम होगा, देश के सच्चे सपूतों में इनकी गिनती होती है। वहीं सेना की तरफ से ब्रिगेडियर राजीव नारायण विशिष्ट सेवा मेडल की तरफ से लाए गए पुष्प चक्र को शहीद के प्रतिमा पर अर्पित किया। 39 जीआरसी की तरफ से ब्रिगेडियर राजीव नारायण विशिष्ट सेवा मेडल एवं कर्नल कुमार मनोज सिंह भी अन्य सेना के अधिकारी मौके पर उपस्थित थे। उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर सलामी लेते हुए माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किया। हर साल आर्मी की तरफ से यहां पर बैंड की धुन और सलामी का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मौके पर उपस्थित ग्रामीणों ने जखनिया विधायक वेदी राम से शहीद के सम्मान में गांव में वीर अब्दुल हमीद के नाम प्रवेश द्वार एवं शहीद के पार्क को पर्यटक स्थल की मांग की। विधायक ने कहा की मैं शासन से मांग कर रहा हूं ,इसकी आवाज मैं विधान सभा में उठा चुका हूं ,जल्द ही शासन से अनुमति मिल जाएगी। डा. राम मनोहर लोहिया पीजी कालेज झोटारी के संस्थापक लालजी यादव और अर्श पब्लिक स्कूल के प्रबंधक अनिल यादव ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# मां ओर बेटे की नाराजगी फायदा उठाकर घर बिकवाने लगे नगर के सहजादे लाचार मां ने पुलिस अधीक्षक दरबार में लगाई मदद की गुहार

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ**

एक मां अपने बच्चे को नो माह गर्भ में रख कर उसकी परवरिश करती है। मां बाप अपने पुत्र को बचपन से जवानी तक हर एक सुख सुविधा का ख्याल रखते हैं। उसके बाद मां बाप अपने बेटे की शादी कर जीवन साथी तलाश कर लाते हैं। क्योंकि मां-बाप अपने बेटे की बहू इसलिए हैं कि बूढ़ापा में सहारा मिल सके। शादी चन्द महीनों बाद ही सास बहू के दरमियान एक नफरत पैदा हो जाती है फिर वही बेटा जिसे मां बाप ने पढ़ाया लिखाया पाल-पोस कर किसी काबिल बनाया वह ही मां बाप का दुश्मन बन जाता है जब परिवार में तकरार होती है तो कुछ लोग उसका फायदा उठाकर परिवार की आपसी नाराजगी दूर करने जगह आग में तेल डालने का काम करते हैं। ऐसा ही एक मामला नगर प्रकाश में आया। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर मोहल्ला मंझोली निवासी यासमीन फातिमा का अपने बेटे सुल्तान के बीच मकान के बटवारे को लेकर एक विवाद चल रहा है नगर के बड़े घर के कुछ सहजादे परिवार का नाराजगी का फायदा उठाकर घर बिकवाने चाहते हैं ।जिसके संबंध में पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन को नाम दर्ज तहरीर देकर कार्यवाही करने की मांग है।



# मूसलाधार बारिश शहर से लेकर गांव तक बाढ़ जैसी हालत :अस्पताल बना तालाब कही भरभरा गिर दीवार घरों में भरा पानी

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़**

लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के चलते नगर की नचना नदी सहित क्षेत्र के तालाब और नदी नाले उफान पर नगर के सीएचसी व आवास तक पहुंचा पानी, भारी वर्षा के चलते गन्ना व धान की खेती को भी भारी नुकसान पहुंचने की संभावना बनी । प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार के मध्य रात्रि से लगातार पड़ रही मूसलाधार वर्षा के चलते नगर के बीचों-बीच बहने वाली नाचना नदी उफान पर होने के कारण आसपास के घरों में पानी भर गया है नगर के ही मोहल्ला मझौली स्थित एक प्राइमरी स्कूल की दीवार लगभग 100 फीट भरभरा गिर जाने के कारण बड़ा हादसा होने से टला तथा धामपुर मार्ग स्थित सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र अफजलगढ़ में भारी वर्षा एवं उत्तर की ओर से टूटी दीवार के पास नाले से पानी आने के कारण अस्पताल परिसर और कर्मचारी आवास में पानी जाने के कारण मरीजों सहित आवासीय कर्मचारियों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार वर्षा के कारण नगर के सब्जी मंडी जमा मस्जिद, डुडा कालोनी,गड्ढा कॉलोनी सहित क्षेत्र में जनजीवन अस्त व्यस्त हो गया लोग घरों में कैद होकर रह गए। खेत खलिहान पानी से लबालब भर गए हैं किसानों का मानना है कि धान की अगेती बोई गई फसल तथा गन्ने की खेती को भारी नुकसान हो सकता है।



# तलहा मकरानी के लिए मूसलाधार बारिश में भी 408 वा रिकार्ड धरना

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

किरतपुर - रेल मंत्रालय नई दिल्ली की यह केसी रणनीति बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन उत्तर रेलवे से रन थ्रो होकर निकल जाती सिद्धबली गढ़वाल दिल्ली एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12037 12038 अप डाउन के स्टोपेज की मांग को लेकर आज मूसलाधार बारिश में भी 408 वां साप्ताहिक सांकेतिक लगातार थरना संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट के नेतृत्व में दिया गया है।

संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी ने कहा शीघ्र ही सत्याग्रह एक प्रतिनिधि मंडल रेल मंत्रालय नई दिल्ली जाकर नई अध्यक्ष बनी श्रीमती जया वर्मा सिंन्हा इंडियन रेलवे बोर्ड से भेट करेगा पिछले 408 सप्ताह से लगातार धरना मांग पत्र रजिस्ट्री द्वारा जारी है एवं वर्ष 2018 में माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद में जनहित याचिका दायर की जा चुकी है और बिजनौर प्रस्तावित दौरे पर आए नगीना बिजनौर सहारनपुर लोकसभा चुनाव 2024 प्रभारी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णवी से भी कई बार भेंट कर चुके हैं और उनके आश्वासन अभी तक कोरे ही साबित हो रहे है। देश की शायद यह पहली मांग हो जिसके लिए नगीना लोकसभा सांसद ने दो बार संसद के प्रश्न काल में उक्त मांग उठाई है परंतु रेल मंत्रालय ने इस पर अभी ध्यान नहीं दिया ऐसा आंदोलन भी ना होता हो पर बसी किरतपुर रेलवे स्टेशन को जहां दिल्ली आने और जाने के लिए कोई ट्रेन नहीं है रेल मंत्रालय भारत सरकार इस और ध्यान भी नहीं दे रहा है हा क्यों यह रेल मंत्रालय ही जानता होगा जब के इसी सत्याग्रह की बदौलत लखनऊ चंडीगढ़ एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज हुआ जिसे समस्त 3 लाख क्षेत्र जनता को अब तक के इतिहास की सबसे बड़ी सहूलियत व आराम मिला वहीं रेल मंत्रालय को भारी भरकम राजस्व की प्राप्ति हो रही है। देश में रेल मंत्रालय नई दिल्ली लगातार ट्रायल स्टॉपेज दे रहा है जिसके लिए शायद इतना बड़ा रेलवे बोडड्ड से प्राप्त हुआ सत्याग्रह को उक्त मांग पत्र मुख्यालय बडौदा हाऊस नई दिल्ली विचार धीन होना बताया है।

जनहित में सत्याग्रह दिल्ली ट्रेन स्टोपेज मिलने तक जारी रहेगा।

आज मूसलाधार बारिश में भी धरने पर बैठने वालो में संयोजक तलहा मकरानी एडवोकेट समाजसेवी, खुरसीर्द अहमद भाई जी, चौधरी जगबीर सिंह आदि




# कस्बा इन्चार्ज ने पैथोलॉजी लैब का फीता काट कर किया उद्धाटन।

**अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ**

रविवार को नगर के मौहल्ला बेगम सराय स्थित डॉक्टर बंगाली के सामने स्मार्ट पैथोलॉजी लैब का उद्धाटन कस्बा इन्चार्ज एसआई गोपाल सिंह ने फीता काटकर किया। लैब टेक्नीशियन मौहम्मद शाहवेज ने बताया कि उनका मकसद कम खर्चे पर मरीज को सही जांच उपलब्ध कराना है सभी जांच कंप्यूटराइज मशीन द्वारा की जाएंगी जिससे जनता को इसका ज्यादा से ज्यादा फायदा पहुचे इस अवसर पर चेयरपर्सन पति जावेद विकार,शेख इरशाद हुसैन सेक्रेटरी,शेख इस्लामुद्दीन नेता जी, पूर्व सभासद हनीफ सिद्दीकी, डॉक्टर तस्लीम अहमद, डॉक्टर मौहम्मद अकरम, डॉक्टर निपेंद्र सिंह चौहान, डॉक्टर मौहम्मद जीशान, डॉ मनोज कुमार पोद्दार, डॉक्टर वसीम अहमद, डॉक्टर मोहम्मद असलम, डॉक्टर बी के विश्वास, डॉक्टर अब्दुल मलिक , इशरत अली पत्रकार,शेख मौहम्मद यूसुफ पत्रकार, अजमल हुसैन पत्रकार, अमानत अली पत्रकार, कफील अहमद पत्रकार, सिराजुद्दीन मलिक पत्रकार, मौहम्मद शाहवेज बबीता रोहिल्ला आदि मौजूद थे ।




# चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम जल भराव की समस्या को लेकर कर रहे हैं कड़ी मेहनत

**ब्यूरो शमीम अहमद सिद्दीकी दैनिक समाज जागरण बिजनौर**

नजीबाबाद मे बारिश होने के बाद जनता कई सालों से जल भराव की समस्या से जूझ रही है जल भराव की समस्या के समाधान को लेकर नवयुक्त चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम दिन रात कड़ी मेहनत में लगे हुए है मूसलाधार बारिश होने पर भी वह जल भराव की समस्या को देखते हुए वह गली मोहल्ले सड़कों पर निरीक्षण करने निकल जाते है जल भराव होने पर वह गरीब जनता को खाद्य सामग्री भी वितरण करते नजर आते है चेयरमैन इंजीनियर मुअज्जम ने जल भराव की समस्या के समाधान के लिए बाहर की टीम बुलाकर शहर का निरीक्षण कराया उन्होंने बताया कि वह जब तक इस समस्या का समाधान नहीं करा देंगे वह चैन से नहीं बैठेंगे अभी हाल ही में हुई मूसलाधार बारिश से जल भराव को लेकर उन्होंने गुरुद्वारा आदर्श नगर मोहल्ला मुगलुशाह डबल फाटक के नालों तालाबों व सड़कों का सड़क पर पैदल घूमते हुए निरीक्षण किया

# एमपी के मन में मोदी, नवयुवक बड़े उत्साह के साथ भारी संख्या में मतदाता सूची में ले रहे सदस्यता

अनूपपुर। भाजपा जिला अध्यक्ष रामदास पुरी के निर्देश पर जिले के नगर परिषद बरगवां अमलाई पर नये युवाओं को मतदाता सूची में जोड़ने के लिए नवयुवक को जागरूक करने के उद्देश्य से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

आगामी दिनों होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भाजपा ने अब तक पुरे देश में मतदाता सदस्यता अभियान चलाकर नव युवाओं को 18 वर्ष पुरे होने पर उन्हें मतदाता सदस्यता दिलाई जा रही है जिससे वे अपने मत का उपयोग कर सकें।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिला अध्यक्ष रवि राठौर ने बताया कि अनूपपुर जिले के अंतर्गत रहने वाले हर नवयुवक को तलाश कर उन्हें सदस्यता मोबाइल 7000230230 एप्प मिस्ट काल के माध्यम से आनलाईन पंजीयन एवं सदस्यता दिलाई जा रही है।



विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है, भाजपा ने पुर्व में राजनीतिक दल है जो 18 करोड़ लोगों को जोड़ा गया था अब एमपी में मोदी सदस्यता अभियान बड़े स्तर पर प्रारम्भ किया गया है जिसमें बड़े उत्साह के साथ नवयुवक सदस्यता लें रहे हैं।

शिविर में जिला भाजपा अध्यक्ष रामदास पूरी, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रश्मि खरे ,भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य राम नारायण उरमलिया, संदीप पुरी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रवि राठौर ,चंद्रिका द्विवेदी, राकेश गुप्ता मनीष तिवारी, प्रदीप मिश्रा नगर पालिका परिषद पषान के उपाध्यक्ष अजय यादव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नगर पालिका परिषद् धनपुरी क्षेत्रान्तर्गत कई स्थानों में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना 2023" का किया गया सीधा प्रसारण

**विजय तिवारी**

शहडोल, शासन निर्देशानुसार मुख्यमंत्री जी के मुख्य आतिथ्य में "मुख्यमंत्री लाडली बहनायोजना 2023ह्व अन्तर्गत पंजीकृत अंतिम रूप से पात्र समस्त महिलाओं के आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों में माह ड्ड सितम्बर 2023 की मासिक आर्थिक सहायता राशि के अंतरण का राज्य स्तरीय कार्यक्रम दिनॉक - 10.09.2023 दिन रविवार को दोपहर 1.00 बजे से आयोजित किया गया, उक्त कार्यक्रम का वेबकास्ट एवं दूरदर्शन पर सजीव प्रसारण का नगर पालिका सभागार धनपुरी द्वारा सीधा प्रसारण एल०ई०डी० के माध्यम से किया जावेगा। इसके साथ ही वार्डों में आंगनबाड़ी केन्द्र में निम्नानुसार आयोजित किये गये । नगर पालिका कार्यालय सभागार धनपुरी वार्ड क्र0 झ्र 1 से 28 में, वार्ड क्र0 झ्र 1 कालेज तिराहा स्थित सांस्कृतिक मंच धनपुरी वार्ड क्र0झ्र1, 2, 3, वार्ड क्र0झ्र5 पानी टंकी के पास स्थित सामुदायिक भवन धनपुरी वार्ड क्र0 झ्र 4, 5, 6, वार्ड क्र0-10 सामुदायिक भवन सरदार वल्लभ भाई पटेल धनपुरी नं0 झ्र 3 वार्ड क्र0 – 7, 8, 9, 14, वार्ड क्र0 - 11 शा०प्रा०पा० अमराडण्डी स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र धनपुरी वार्ड क्र0 - 10, 11, 12, 13, वार्ड क्र0 - 17 विलियस शा०प्रा०शाङ्क स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र धनपुरी वार्ड क्र0- 15, 16, 17, 18, वार्ड क्र0 - 21 स्वामी विवेकानन्द बाजार रंगमंच धनपुरी वार्ड क्र0 – 19, 20, 21, वार्ड क्र0झ्र24 ज्वालामुखी के पास स्थित सामुदायिक भवन धनपुरी वार्ड क्र0 - 22, 23, 24, 25, वार्ड क्र0 - 27 चीपहाउस सामुदायिक भवन धनपुरी वार्ड क्र0 – 26, 27, 28 में आयोजित किये गये तथा उक्त कार्यक्रम में पी०एम० स्वनिधि योजना के तहत हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये । उक्त कार्यक्रम में श्रीमती रविन्दर कौर छाबड़ा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् धानापुरी, सभापति भोला पनिका एवं नारायण जायसवाल पार्षद, श्री प्रभात वरकड़े, मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं समस्त नगर पालिका कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे । वार्ड क्र0 – 9 एम0आर०एफ० सेन्टर के पास वृक्षारोपण किया गया शासन निर्देशानुसार वार्ड क्र० - 9 एम0आर0एफ0 सेन्टर के पास वृक्षारोपण किया गया ।




उक्त कार्यक्रम में श्रीमती रविन्दर कौर छाबड़ा, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद् धनपुरी, सभापति आनन्द कचेर, पूर्व पार्षद अरविन्द सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री प्रभात वरकड़े, जीवेश मिश्रा, राजेश अग्रवाल, पुरुषोत्तम गुप्ता, स्व०निरी0 नगर पालिका कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे ।

## पटना विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों ने दिया व्याख्यान

# "मनोवैज्ञानिक अनुसंधान में नए रुझान" पर स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में विशेष व्याख्यान का अयोजन

### मनोविज्ञान गतिशील विज्ञान है और संवेदनशील भी:प्रो.एम आई रहमान




मधेपुरा। भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के उत्तरी परिसर में अवस्थित स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग में छात्र छात्राओं और विशेष रुप से शोधार्थियों के लिए एक विशेष व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रोफेसर एम आई रहमान की अध्यक्षता में यह आयोजन आहूत की गई जिसमें मुख्य वक्ता के रुप में पटना विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के सेवानिवृत विभागाध्यक्ष प्रोफेसर इफ्तिखार हुसैन और विशेष वक्ता के रुप में पटना विश्वविद्यालय के ही स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉक्टर शेओ सागर प्रसाद ने भाग लिया। दोनों वक्ताओं को स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग की ओर से अंगवस्त्र, मिथिला पाग और गुलदस्ता देकर आदर और सम्मान अर्पित किया गया। शोधार्थी मंजीदा फरुवी, सोनल कुमारी एवम सुप्रभा भारती ने शोधार्थियों की ओर से कलम भेंट किया। स्वागत भाषण देते हुए प्रोफेसर एम आई रहमान ने दोनों विद्वानों का हार्दिक अभिनंदन किया और खुशी का इजहार करते हुए कहा कि आपलोगों की आगमन से हमारे शोधार्थी और विद्यार्थी गर्व महसूस कर रहे हैं। आपके ज्ञान से हमारे विद्यार्थियों की क्षमता और कौशल का विकास होगा ऐसा हमारा पूर्ण विश्वास है। प्रोफेसर इफ्तिखार हुसैन ने अपने भाषण में कहा कि मनोविज्ञान आज के युग का बहुचर्चित विज्ञान है। मनोविज्ञान ने न केवल सामाजिक उत्थान के कार्य में सफलता प्राप्त की है बल्कि मानव और मानव मूल्यों को बेहतर बनाने में कामयाब हो रहा है। हम न केवल व्यवहार को समझने की चेष्टा कर रहें हैं बल्कि व्यवहारों पर आधारित कुरीति और मानसिक विकारों को भी दूर करने में सफल हो रहे हैं। आज के आधुनिक युग में मानसिक स्वास्थ्य और उसका देखभाल मनोविज्ञान की मुख्य प्रथिमिकता है। उन्होंने शोधार्थियों का आह्वान करते हुऐ कहा कि मनोविज्ञान के छात्र होने के नाते हमारी कई जिम्मेदारियां हैं, हमें आगे बढ़कर मानसिक स्वास्थ के विभीन्न आयामों पर सोचना होगा और नई नई विधियों से अनुसंधान करना होगा। उन्होंने आने वाले कल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चुनौतियों की भी चर्चा की ओर छात्र छात्राओं को सचेत किया कि आप अपने शोधों से इस से संबंधित मानसिक विकारों को दूर करने के लिए भी आगे बढ़ें। डाक्टर शीओ सागर प्रसाद ने विद्यार्थियों और शोधार्थियों का आह्वान करते हुऐ कहा कि हम विकसित विज्ञान के छात्र हैं अतः हमारी सोच विकसित होनी चहिए। मनोवैज्ञानिक शोध में नए नए आयाम सामने आ रहे हैं और नई तकनीक और नई नई विधियां विकसित हो रही हैं हमें आगे बढ़कर नई पद्धतियों को अपनाना होगा। उन्होंने बुद्धि और व्यक्तित्व पर विस्तार पूर्वक अपनी बातें रखीं। उन्होंने बताया कि हमें पुरानी धारणाओं से उपर उठकर सोचना होगा और मनोविज्ञान के क्षेत्र में नया कुछ कर दिखाना होगा। उन्होंने मनोविज्ञान विभाग की सराहना करते हुए कहा कि यहां उत्तम शोध को बढ़ावा दिया जा रहा है विशेष रुप से साईबर साइकोलॉजी के क्षेत्र में बीएनएमयू मनोविज्ञान विभाग में जो शोध हुए हैं उसकी भूरी भूरी प्रशंसा की। डॉक्टर आनन्द कुमार सिंह ने अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापन दिया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी इन विद्वानों का सहयोग मनोविज्ञान विभाग को मिलता रहेगा। डॉक्टर सिकंदर कुमार इस अवसर पर उपस्थिति थे। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर एम आई रहमान ने विशेष रुप से शोधार्थी मंजीदा फारुकी, सुप्रभा भारती और सोनल कुमारी के सहयोग की सराहना की और उन्होने शोधार्थियों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी इस प्रकार के प्रोग्राम का आयोजन विभाग में होता रहेगा।

# सदर अस्पताल रोड पर अवैध मछली बेचने वालों को से हटाने की मांग यूथ प्रोग्रेसिव सर्कल ने उठाई

अररिया। अररिया यूथ प्रोग्रेसिव सर्कल के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी ने जिला प्रशासन अररिया से सदर अस्पताल रोड पर से अवैध मछली बेचने वालों को सड़क पर से हटाने की मांग की है बताते चलें कि ये मछली बेचने वालों की वजह से इस रोड पर रोजाना छोटी बड़ी दुर्घटना घटित होती रहती है और जिला प्रशासन मूकदर्शक बन कर तमाशा देखते रहते हैं इन मछली बेचने वालों को हटाने की मांग करने वालों में संस्था के जिला अध्यक्ष मुजफ्फर हाशमी, गंगा प्रसाद राय, जाकिर हुसैन, मो०अजहरुल हक,लाल खान,राणा,सरफराज,शमीम आलम,किरण झा आदि शामिल हैं।



# स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में नगर परिषद जैतहरी सबसे आगे नगर परिषद जैतहरी में किए नए कीर्तिमान स्थापित

जैतहरी ।नगर परिषद जैतहरी जिले की पुरानी नगर परिषदों में से एक है जैतहरी नगर परिषद का जो बाजार है वहां लगभग 87 ग्राम से ऊपर के लोगों का आवागमन बना रहता है और एक बड़े बाजार के रूप में अनूपपुर जिले में जाना जाता है। ऐसे में नगर परिषद का विकास एक महत्वपूर्ण विषय माना जा सकता है किंतु पुराने परिषद की स्थिति देखते हुए लोगों के मन में कई सवाल उत्पन्न हो रहे थे जिसे वर्तमान अध्यक्ष उमंग गुप्ता ने अपने काम के जज्बे से खत्म किया और सबके लिए एक नया कीर्तिमान स्थापित किया पूर्व परिषद की अव्यवस्था को दुरुस्त करते हुए एक नया आयाम स्थापित किया नगर विकास की बात करें तो पूर्व की नगर परिषद में जो अव्यवस्थाएं थी वह जग जाहिर है नगर परिषद की व्यवस्था के नाम पर और विकास के नाम पर पैसों की केवल बंदर बांट किया गया था यह देखने में आ रहा था लेकिन नगर परिषद की जनता ने इस बार युवा उमंग गुप्ता को अध्यक्ष के लिए चयन किया और नगर परिषद की कमान उनके हाथों में दे दी गई ।

शुरूआती दौर में उमंग गुप्ता को पिता के अनुभव का मिला लाभ शुरूआती के दौर में उमंग गुप्ता के द्वारा परिषद को समझने में निश्चित ही कुछ समय लगा लेकिन उमंग गुप्ता के द्वारा अपने पिता अनिल गुप्ता के अनुभव का अच्छा लाभ मिला और उसी जज्बे के द्वारा एक कार्य करने की लगन को आम जनता के सामने पेश किया जो की एक मिसाल बनकर आज सामने उभर के आ रही है ।

अनूपपुर कलेक्टर अशीष वशिष्ठ के पहल को बनाया लक्ष्य कलेक्टर महोदय आशीष वशिष्ठ के पहल पर स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 के लिए जिस प्रकार से उमंग गुप्ता ने अपना पूरा दम खम झोक दिया है जैतहरी कार्यों से यह स्पष्ट होता है की उमंग गुप्ता अध्यक्ष अपनी अनुभव से स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 में जैतहरी नगर परिषद को प्रथम श्रेणी में लाकर रख देंगे।

उमंग गुप्ता के कार्यों को विपक्षी भले ही अनदेखी कर ले लेकिन जनता के सामने उन्होंने एक मिसाल कायम की है ।नगर परिषद के राठौर चौक की पुराने हालत शायद ही किसी से छुपी रही हो लेकिन वर्तमान में उन्होंने उस व्यवस्था को कायाकल्प योजना से राठौर चौक की कायाकल्प बदल दी है ।

उमंग गुप्ता के द्वारा जैतहरी नगर परिषद की एकमात्र वाटिका जिसको उन्होंने प्रथम प्राथमिकता के आधार पर साज सज्जा से और सफाई की दृष्टिकोण से आज ऐसी हालत में रख दी है कि लोग वहां जाने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

सर्वे के आधार पर देखा जा सकता है कि स्वच्छता में यदि कोई नगर परिषद इनाम योग है तो वह जैतहरी नगर परिषद है। नगर परिषद में हम नगर की बिल्डिंगों की बात करें, नगर की सफा साफ-सफाई की व्यवस्था की बात करें ,कचरा संधारण की बात करें ,सभी में नगर परिषद जैतहरी अव्वल दर्जे में दर्ज है ।

कचरा संधारण एवं उनके रीसाइक्लेशन में जैतहरी नगर परिषद ने एक अलग अभियान बनाकर रखा हुआ है ।नगर की जनता के लिए कचड़ा संग्रहण डिब्बे का किया घर घर बटवारा, सफलता का पहला पड़ाव । कचरा संग्रहण के लिए उमंग गुप्ता ने घर-घर कचरा संग्रहण डिब्बे का रखने की निर्देश नगर पालिका परिषद को किया इस विषय को लेकर कुछ वरिष्ठ जनों के द्वारा काफी विरोध भी किया गया और कुछ नहीं तो कचरा डिब्बे में भी भ्रष्टाचार के आरोप लगाए लेकिन इन सब बातों को अनदेखी करते हुए उमंग गुप्ता ने अपने दृढ़ इरादे से नगर परिषद की जनता को कचरे की डिब्बा का वितरण किया उनका उद्देश्य साफ तौर पर नजर आ रहा था कि जो कचरा नालियों में और सड़कों पर फेंक दिया जाता है उसे कचरे को नगर के वीडियो को कचरे के डिब्बे में रखने से एक साथ सफाई की दृष्टिकोण से नई पहल होगी और वह आज लोगों के सामने जनता के बीच में एक बड़ी योजना के रूप में उभर कर सामने आ रहा है उनकी सफलता का यह पहला पड़ाव था।नगर परिषद जैतहरी की जनता ग्रामीण क्षेत्र से बिलॉन्ग करती है और उनकी आदत में सुधार करवा कर उन्हें एक अलग आयाम देने की जो योजना उमंग गुप्ता अध्यक्ष के द्वारा तैयार की गई थी वह भी काबिले तारीफ है । पूरे नगर परिषद जैतहरी में सभी घरों में एक कचरा डिब्बा रखवाया गया है जिसमें घर की कचरे को इस डिब्बा में रखने की अपील अध्यक्ष के द्वारा की गई है ।

# जिले की दो सांसदों को लड़ाया जा सकता है विधानसभा चुनाव

शहडोल। भाजपा के सूत्रों के अनुसार, प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए पूरी तरह आश्वस्त है। लेकिन इसके बाद भी पार्टी टिकट वितरण में काफी सतर्कता बरत रही है। इसी रणनीति के तहत उन सीटों पर अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जहां सर्वे की रिपोर्ट पार्टी की हालत खस्ता बता रही है। इन सीटों पर मौजूदा सांसदों को मैदान में उतारने का मन बना रही है। सूत्रों की मानें तो इन सांसदों से चुनाव लड़ने में उनकी राय मांगी गई है। भारतीय जनता पार्टी द्वारा पहली सूची जारी कर भले चुनावी बाजी मार ली है. लेकिन प्रदेश में करीब दर्जन सीटें ऐसी भी है, जहां प्रत्याशी चयन करने में पार्टी सतर्कता बरत रही है। दरअसल, पार्टी कराए गए सर्वे में इन सीटों पर पाटीकी खस्ता बनाई जा रही है। ऐसे में भाजपा के रणनीतिकार इन सीटों पर अप्रत्याशित ढंग से सांसदों को टिकट दे सकती है। सूत्रों के अनुसार, प्रदेश में भाजपा सरकार बनाने के लिए पूरी तरह है। इसी के तहत उन सीटों पर अधिक दिया जा रहा है जहा सर्वे की रिपोर्ट में पार्टी की मुसीबत बनी हुई है। पार्टी इन सीटों पर मौजूदा सांसद को मैदान में उतारने का मन बना रही है। सूत्रों की मानें तो इन सांसदों से उनकी राय मांगी गई है । दो दर्जन से ज्यादा ऐसी सी है, जहां वर्तमान में पार्टी के विधायक हैं, लेकिन उन्हें फिर से टिकट नहीं दिया जा रहा है कारण कि उनकी स्थिति विधानसभा क्षेत्र में सही नहीं बताई जा रही है।

जिताऊ प्रत्याशी की तलाश

पार्टी हर सीट पर जांच परख और सर्वे के आधार पर टिकट तय करने की रणनीति पर काम कर रही है ऐसे में जिला प्रत्याशी की तलाश में कुछ सांसदों को भी चुनावी मैदान में उतारा जा सकता है । शहडोल संसदीय क्षेत्र की सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह को शहडोल जिले की जैतपुर सीट या फिर अनूपपुर जिले की अनूपपुर विधानसभा सीट से भाजपा संगठन विधानसभा चुनाव में उतार सकती है। इस सीट से अनूपपुर से वरिष्ठ मंत्री बिसाहू लाल सिंह विधायक है, लेकिन ऐसा कहा जा रहा है कि दूसरे कारणों से पार्टी उनको टिकट देने से बच सकती है। इसी तरह इस संसदीय क्षेत्र में आने वाले जैतपुर है जहां से मनीषा सिंह विधायक हैं और पिछला चुनाव मात्र 4000 मतों से जीती थी। सूत्र बताते हैं कि मनीष सिंह का क्षेत्र में काफी विरोध हो रहा है और आए दिन मुदार्बाद के नारे भी लग रहे हैं। ऐसे में पार्टी जीत के फामूर्ले पर फोकस करा से मनीषा का टिकट काटा जा सकता है और सांसद हिमाद्री सिंह को यहा से चुनाव लड़ने को कहा जा सकता है। हालांकि जैतपुर विधानसभा सीट से जिला पंचायत शहडोल की सदस्य श्रीमती रामवती सिंह गुड्डी भी प्रबल दावेदार हैं और क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं जनता जनार्दन उनके पक्ष में भी दिखाई दे रहे हैं। सांसद हिमाद्री सिंह के अलावा शहडोल जिले के अंतर्गत व्यवहारी विधानसभा सीट सीधी संसदीय सीट के अंतर्गत आता है और यहां से सांसद रीती पाठक हैं उन्हें भी सिहावल विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाया जा सकता है यहां से सांसद रीति पाठक को मैदान में उतार सकती है। भाजपा संगठन गुजरात का फामूर्ला मध्य प्रदेश में अपना सकती है।

## पैसा के सामने में पुलिस मैनुअल एवं वर्दी की गरिमा को बेच दिया हैं?

# मुख्यमंत्री जी नगर थानाध्यक्ष अपने पद और पावर का खुल्लम खुला किया है दुरुपयोग

*ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों के सगे संबंधियों के चल – अचल संपति की भी जांच हो*

अररिया। अररिया नगर थानाध्यक्ष के द्वारा मनगढ़ंत एवं झुठा केस पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर के दर्ज करने और थाना प्रभारी शिव शरण साह ,संजीव कुमार सिंह अरविन्द कुमार सिंह और थाना के मुन्सी को निलंबित करने के संबंध में अररिया काली बाजार निवासी उपेंद्र प्रसाद यादव ने माननीय मुख्य मंत्री एवम डिप्टी सीएम को स्मार पत्र भेजकर न्याय देने की गुहार लगाया है।

**प्रसंग अररिया नगर थाना कांड संख्या 501/ दिनांक 21/05/2023 के संदर्भ में ,**

पीड़ित श्री यादव ने अनुरोध किया है कि अररिया नगर थाना में दिनांक 21 /05/2023 से पहले का मुकदमा अररिया जिला के थाना में लंबित हैं। यह मुकदमा को अररिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी और आरक्षी अधीक्षक के कार्यालय में केस लंबित है उसका सुपरविजन ,अनुसंधान नही किया हैं? पर इन पदाधिकारियों के द्वारा झुठा केस में तुरंत अनुसंधान करता हैं, ? जो केस सही रहता है उस केस का अनुसंधान नहीं किया गया है? लेकिन इन लोगों का मुख्य काम है किसी भले लोगों को, निर्दोष लोगों को, दलाल के द्वारा मुकदमा करा करके और पैसा लेकर के निर्दोष लोगों को अनुसंधान कर मुझे फंसाया गया ।इतना ही नहीं इन पदाधिकारियों द्वारा बिना कागज देखे , परखे गलत अनुसंधान कर निर्दोष लोगों को केस में सुपरभिजन/अनुसंघान कर फंसा दिया है ?और निर्दोष लोगों (मेरे )लोगो को पकड़ कर थाना ले जाता है ? ओर थाना में छ हजार रुपया लेकर छोड़ दिया जाता हैं?

**जिसका उदाहरण है ?**

अररिया नगर थाना मुकदमा नंबर 501/2023 दिनांक -21/05/ 2023 में संजीव कुमार सिह दो लोगो को पकड़ कर ले गया और छ हजार रुपये लेकर एक आदमी को छोड़ दिया हैं।



अतः श्रीमान से अनुरोध है कि भवदीय अपने स्तर से पहल करते हुए झूठे केस में निर्दोष लोगों को फंसाया गया है ? इसलिए भवदीय से अनुरोध है कि पूरे मामला को न्यायिक जांच कि जाय ? और नगर थाना के संजीव कुमार सिंह और अन्य पदाधिकारी ने इस केस में अपने पद और पावर का खुल्लम खुला दुरुपयोग किया है ?

इसको लेकर के इन्वेस्टिगेशन/अनुसंधान किया जाय और ओचक निरीक्षण नगर अररिया एवं जिला के सभी थानें की संचिकाएं कि जांच कराया जाए? या किस परिस्थिति में यह मामला दर्ज किया गया है? पैसा के सामने में / पुलिस मैनुअल एवं वर्दी के गरिमा को बेच दिया हैं? और पुलिस वाले पर से आम लोगो का विश्वास उठता जा रहा हैं ? निर्दोष लोगों की हत्या अररिया पुलिस के नीचे से लेकर के जिला-स्तर के उच्च पदाधिकारी करवा रहे हैं? भू माफियाओं से पैसा लेकर के पैसा के बल पर थाने में फर्जी मुकदमा करके उसको फंसाया जाता है? और उसके बाद जमीन खाली करने के लिए कहता है और पैसा मांग करता है जो गरीब लोग पैसा देने में असंभव हो जाते हैं जिसके कारण उनके ऊपर में डीएसपी से सुपरविजन करवाने या करवा कर एसपी से भी सुपरविजन करवा लेता है ?और इसके बाद न्यायालय से वारंट निकल करके गिरफ्तारी कर थाना में भूखे प्यासे 24 घंटा रखता है ?उसके बाद उसको न्यायालय से जेल पहुंचा देता है ?जो दुर्भाग्यपूर्ण है? और पूर्वाग्रह से ग्रसित है?

इसलिए ऐसे भ्रष्ट पदाधिकारियों के सगे संबंधियों के चल - अचल संपत्ति की जांच आर्थिक अपराध इकाई बिहार से या केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो भारत सरकार से, या निगरानी विभाग से कराया जा सकता है? जिससे कि जिले में हत्या एवं अपहरण का झुठा मुकदमा निर्दोष लोगों पर नहीं हो सके ?और निर्दोष लोगों एवं बेगुनाहों को बचाया जा सकता है ।

# क्या शिवराज के राज में चल रहा जंगल राज, सोहागपुर रामपुर बटुरा में खुले आम माफिया की चल रही कोयले की अवैध खदान..?

जैतहरी । जांच के नाम पर खानापूर्ति, आखिर मुख्य सरगनाओं तक, कब पहुंचेगा कानूनी हंटर.. अनूपपुर जिले के सम्पूर्ण कोयलांचल नगरी में आज कोयला सरगना का गिरोह जगह जगह सक्रिय हो चुके हैं लेकिन पुलिस प्रशासन द्वारा ऐसे कारोबारी के खिलाफ किसी भी प्रकार की ठोस कार्यवाही नहीं की जा रही है जिसके कारण कोल माफियाओं द्वारा खुलेआम अवैध रूप से कोयले खदान का संचालन किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार प्रशासन की मिलीभगत सोहागपुर क्षेत्र के रामपुर बटुरा में कोल माफिया खुले आम करा रहे कोयले का अवैध उत्खनन व ट्रैकों से परिवहन,काले हीरे के काले कारोबार में विजय, बद्री ,बड्डे अशोक ,मुन्ना स सहित नवजोत.?... सिंह ...?......होरा..?.... नाम सुर्खियों में है। माफियाओं की ऊंची पहुंच पकड़ के आगे प्रशासन नतमस्तक ..?,अवैध कोयले से भरे ट्रकों को पुलिस पकड़ी भी है तो वाहन चालकों पर मामला दर्ज कर बड़े मगरमच्छों पर कार्यवाही करने से डरती है आखिर क्यों..? मिली जानकारी के अनुसार 5 दिन पूर्व एक ट्रक भी पकड़ा था लेकिन अभी तक ट्रक के मालिक का पता लगाने में पुलिस सफल नहीं हो पाई है।

# लोक नृत्य एवं रंगोली बनाकर दिया गया मतदान का संदेश

शहडोल 10 सितंबर 2023- कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती वंदना वैद्य के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला मुख्यालय के एमएलबी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहडोल की छात्राओं द्वारा लोक नृत्य एवं रंगोली बनाकर लोगों को मतदान का महत्व बताया गया। इस अवसर पर सहायक आयुक्त आदिम जाति कल्याण विभाग श्री आनंद राय सिन्हा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।



# विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह का उदाकिशुनगंज में हुआ भव्य स्वागत

उदाकिशुनगंज । विधान परिषद सदस्य संजय कुमार सिंह सहरसा जिले के धबौली जाने के क्रम में उदाकिशुनगंज में भव्य स्वागत हुआ उदाकिशुनगंज की सीमा पर इस यात्रा के मधेपुरा जिला संयोजक जदयू सहकारिता एवं किसान प्रकोष्ठ का जिला अध्यक्ष सुमन कुमार सिंह ने सैकड़ों साथियों के साथ उनका स्वागत उदाकिशुनगंज के सीमा पर किया, सरयुग चौक पर शांति इंटरप्राइजेज के कुलकुल कुमार सिंह ने उनका फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया ।आदित्य अस्पताल के निदेशक डॉ संतोष कुमार संत की आवास पर उनका भव्य स्वागत हुआ ।पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हम आज धबौली में धन्यवाद देने जा रहे हैं क्योंकि विगत दोनों बिहार के विश्वकर्मा माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने महाराणा प्रताप की जो आदमकद प्रतिमा राजधानी पटना में लगाई थी उसमें जहां-जहां से लोगों ने शिरकत की थी उन लोगों को मैं जाकर धन्यवाद ज्ञापित कर रहा हूं ।इस मौके पर प्राचार्य रविंद्र कुमार रमन, इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ संतोष कुमार यादव, डॉ एके मिश्रा, संजीव कुमार सिंह,निर्भय कुमार,दिल खुश कुमार, अमृत कुमार,दिपक कुमार शिवम कुमार , शंभू सिंह,राणा राम कृष्ण, कुंदन सिंह मुखिया,कुल कुल सिंह, रविंद्र कुमार सिंह रामू, डॉ चन्द्रभान सिंह, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे। लगभग 400 से ऊपर गाड़ी की एकाएक। उदा किशुनगंज पहुंच जाने से आधा घंटे जाम एवं अफरातफरी स्थिति बनी हुई थी।



# इंडिया नाम को आधार बनाकर संविधान बदलना चाहती है भाजपा- मंजर खान

अररिया। इंडिया नाम को आधार बनाकर संविधान बदलना चाहती है भाजपा आरएसएस ।पुलहा में आयोजित अंबेडकर परिचर्चा के दौरान राजद के कद्दावर नेता सह भावी लोकसभा प्रत्याशी जनाब मंजर खान ने कही।उन्होंने कहा कि संविधान निमार्ता बाबा साहेब डॉ भीम राव अम्बेडकर के द्वारा निर्मित संविधान के खिलाफ आरएसएस भाजपा साजिश कर रही है संविधान के सभी अनुच्छेद पर सवाल उठाया जा रहा है।



उन्होंने बताया कि संविधान के पहले अनुच्छेद-1 में लिखे इंडिया जो कि भारत है इसे हटाना चाहती है भाजपा आरएसएस । जनाब मंजर ने कहा अंबेडकर के संविधान से सभी अनुच्छेद को हटा कर बिना तिली का माचिस डब्बा बनाने की कोशिश किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नए नोटो पर इंडिया लिखने वाले मेक इन इंडिया स्किल इंडिया सानिंग इंडिया का नारा देने वाली भाजपा सरकार को इंडिया नाम से ही नहीं इंडियन से भी नफरत है। इंडियन की एकता से घबरा गई है मोदी सरकार ।विपक्ष ने अपना गठबंधन का नाम इंडिया क्या रखा देश के नाम के खिलाफ बोलने लगे पीएम ।श्री खान ने कहा कि मोदी सरकार देश से इंडिया नाम हटाने के लिए लाखो करोड़ बर्बाद कर देगी फिर से नोटों की छपाई करेगी देश व विश्व स्तर पर फैले सैकड़ों सरकारी संस्थाओं से नाम हटाने में भारत की गाढ़ी पूंजी बर्बाद किया जाएगा। भाजपा महंगाई बेरोजगारी जैसे गंभीर सवालों को दबाने के लिए इंडिया भारत का विवाद खड़ा कर रही है। नौ सालों से देश बेहाल है।

# केक काटकर मंत्री शाहनवाज आलम का समर्थकों ने मनाया जन्म दिन

अररिया। पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री मरहूम तस्लीम साहब के आवास पर उनके शहजादे सह बिहार सरकार के काबीना मंत्री जोकीहाट के राजद



विधायक जनाब शाहनवाज आलम का जन्मदिन उनके फोटो युक्त केक काटकर मनाया गया। इस मौके पर उनके प्रतिनिधि शादिक हाशमी (चिम्पु ) तंजील अहमद (झुन्नु )पप्पू पासवान जकी अख्थर अंसारी सन्जिर आलम शाहबाज आलम सिकन्दर कुमार आदि उपस्थित थे। सबों ने उनके उज्वल भविष्य की कामना करते हुए उनके दीर्घ जीवन की कामना किया।

# कानपुर में करोड़ों की जमीन हड़प बैठा योगी का नेता ,परेशान किसान ने की आत्महत्या

## – 6 करोड़ 29 लाख का फर्जी चेक दिया और फिर धमका कर वापस भी ले लिया ,मुख्यमंत्री को सुसाइड नोट लिखकर ट्रेन से कट मरा किसान

**सुनील बाजपेई**

कानपुर ` इस महानगर में आजकलतरह-तरह की जुगाड़ और ऊंची पहुंच वालेभू माफिया सक्रिय हैंऐसे हीएक भूमाफिया ने धोखाधड़ी करके किस कीकरोड़ों की जमीन हड़प ली ' उसे रजिस्ट्री कराई लेकिन चेक फर्जी दी और फिर उसे वापस भी ले लिया । मामला कोर्ट में चल रहा था । इन्हीं हालातो से आहत किसान ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखने के बाद ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली` चकेरी पुलिस एफआईआर दर्ज करने के बाद मामले की जांच करने में जुटी हुई है` वही समाचार लिखे जाने तक आरोपी भाजपा नेता को गिरफ्तार नहीं किया जा सका है` घटना को लेकरआसपास के किसानों में भी रोष व्याप्त है । इस घटना का संबंध चकेरी थाना क्षेत्र से है, जहां के अहिरवां स्थित 6.29 करोड़ रुपये की जमीन (साढ़े छह बीघा) हड़पे जाने से आहत चकेरी गांव निवासी किसान बाबू सिंह यादव (52) ने ट्रेन से कटकर जान दे दी। मिली जानकारी के मुताबिक खुदकुशी से पहले उसने मुख्यमंत्री के नाम एक सुसाइड नोट भी लिखा है। इसमें अपनी मौत का जिम्मेदार श्यामनगर में रहने वाले भाजपा नेता को बताया है। परिजनों ने भी आरोप लगाया कि भाजपा नेता ने मार्च में उक्त राशि का चेक देकर जमीन की रजिस्ट्री कराई, इसके तुरंत बाद कोई खामी बताकर चेक वापस ले लिया। पैसा न देने पर कोर्ट में वाद दाखिल किया गया। इस बीच भाजपा नेता ने जमीन किसी और को बेच दी। भाजपा नेता की धोखाधड़ी से आहत होकर मौत को गले लगाने वाले चकेरी गांव के किसान बाबू सिंह यादव अपनी पत्नी बिटान, दो बेटियों बीएससी फाइन ईयर की छात्रा रूबी व इंटर की छात्रा काजल के साथ रहते थे । उनके नाम अहिरवां में साढ़े छह बीघा जमीन थी। कुछ दलालों की उनकी जमीन पर नजर पड़ी तो बाबू सिंह को तरह-तरह के प्रलोभन देने लगे। जमीन के 6.29 करोड़ रुपये दिलवाने का भरोसा देकर श्यामनगर में रहने वाले एक भाजपा नेता से मुलाकात करवाई गई। धर्मेंद्र के मुताबिक इसी साल 18 मार्च को रजिस्ट्री कार्यालय में ले जाकर उन्हें 6.29 करोड़ की चेक देकर अपने नाम रजिस्ट्री करवा ली। और उसी दिन बाहर ले जाकर चेक वापस ले लिया। इसके बाद उन्हें टहलाना शुरू कर दिया। इसकी शिकायत लेकर वे पुलिस, प्रशासन के पास भी गए पर कोई सुनवाई नहीं हुई। जमीन का कोर्ट में वाद दाखिल कर दिया। फिलहाल पुलिस घटना की जांच के बाद आरोपियों को गिरफ्तार करने की बात कह रही है जबकि परिजन आरोपी भाजपा नेता की तत्काल गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं`

# सेल्फी लेते दो युवक घोगरा नाला में बहे,30 घंटे बाद भी नहीं मिला सुराग

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 सितम्बर )मोबाइल से ली जाने वाली सेल्फी आमजन खास्-कर नौजवानों के लिए परेशानी व मौत का सबब बनती जा रही हैं, आये दिन सेल्फी के चक्कर में नौजवान असमय मौत के मुँह में समा रहें हैं। ऐसा ही एक घटना रूपझर थाना क्षेत्र के बिठली पुलिस चौकी के आमा नाला-दुगलई के बीच घोगरा नाले पुलिया के नीचे घटित हुई जहाँ पत्थरों के ऊपर खड़े होकर सेल्फी ले रहें दो युवक फिसल गए और नाले के तेज बहाव में गिरकर बह गए जिनका समाचार लिखें जाने तक कोई सुराग नहीं मिला, घटना शनिवार सुबह दस बजे की बताई जा रही हैं। आमा नाला से भगतपुर मार्ग पर सड़क में पुलिया का निर्माण कार्य जारी है। जहां पर सुखदेव गोंड उम्र 21 वर्ष ग्राम छोटी घोंदी निवासी, गोविंदा पिता चमरू सिंह गोंड उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम हरार्नाल व प्रहलाद पिता तुलसी गोंड उम्र 23 वर्ष ग्राम कोरका निवासी तीनों शनिवार को सुबह दस बजे गांव के लिए आ रहे थे।इसी दौरान घोगरा नाले के पुलिया के पास पहुंचते ही गो-विंदा गोंड और प्रहलाद गोंड ने सुखदेव को शैंपू लेने के लिए दुकान भेज दिया और वे दोनों पुलिया के नीचे पत्थरों में चले गए। सुखदेव शैंपू लेकर आया तो उस जगह दोनों नहीं दिखे। सुखदेव ने आसपास तलाश किया लेकिन वे दोनों वहां नहीं मिले तो घर जाकर परिजनों को इसकी सूचना दिया। शनिवार को देर शाम तक दोनों के परिजनों ने खोजने का प्रयास किया लेकिन दोनों के नहीं मिलने पर बिठली पुलिस चौकी को इसकी सूचना दी गयी। वहीं इस मामले पर रुपझर पुलिस का कहना हैं तीनों युवक शनिवार को पुलिया निर्माण कार्य से घर लौट रहे थे। इसी बीच घोगरा नाले के पुलिया के पास पत्थरों पर दो युवक चढ़कर सेल्फी लेने का चक्कर में नाले में गिरकर बह गए होंगे। शैम्पू लेने गया युवक जब वापस आया तो दोनों को वहाँ न पाकर इसकी सूचना परिजनों को दिया।परिजनों ने घटना की जानकारी पुलिस को दिया तत्पश्चात एसडीईआरएफ व होमगार्ड की टीम ने तलाशी अभियान चलाया लेकिन रवि-वार शाम तक युवकों का कहीं पता नहीं चल पाया।सोमवार को एक बार फिर से तलाशी अभियान चलाया जायेगा।

# पति ने पत्नी की थी बेरहमी से पिटाई, इलाज के दौरान पत्नी की हुई मौत,पति को भेजा गया जेल

**-समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 सितम्बर )मलाजखंड पुलिस थाना अंतर्गत पत्नी के अवैध रिश्ते से गुस्साए पति ने पत्नी की इतनी बेरहमी से पिटाई की, कि उसने सप्ताहभर बाद दम तोड़ दिया आरोपी पति को मलाजखंड पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया।

**घर में ही प्रेमी संग पकड़ी गयी थी पत्नी**

थाना प्रभारी भूपेंद्र पंद्रे ने बताया कि मलाजखंड थाना क्षेत्र में रहने वाले एक ग्रामीण की पत्नी के दूसरे गांव में रहने वाले व्यक्ति से अवैध रिश्ते थे। एक सितंबर की रात पत्नी अपने प्रेमी के साथ अपने ही घर में थी। दोनों को आपस में बातचीत करते हुए पति ने देख लिया। पति ने आवेश में आकर पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर दी। अगले दिन गांव के बुजुर्गों ने इस मामले में बैठक बुलाई। बैठक के बाद पत्नी अपने प्रेमी के साथ उसके घर चली गई, लेकिन कुछ दिन बाद पत्नी की हालत बिगड़ने लगी। पति की मारपीट से महिला को अंदरूनी चोटें आई थीं, जिसके कारण उसकी हालत खराब होने लगी। प्रेमी व उस्-के स्वजनों ने उसे बिरसा अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन उपचार के दौरान महिला की मौत हो गई। पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया, जिसे जेल भेज दिया गया है। बताया गया कि आरोपित पति खेती-किसानी का कार्य करता है जिसके तीन बच्चे भी हैं।

# ग्रामीण स्थाई पटेलों के अधिकार एवं सम्मानजनक मानदेय के लिए किया महापंचायत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 सितम्बर )बिरसा तहसील अंतर्गत बिरसा के मां दुर्गा प्रांगण में ग्रामीण स्थाई पटेल संघ के द्वारा महापंचायत की गई। बिरसा के दुर्गा प्रांगण में तहसील के पटेलों को जगाने तथा सरकार से अपने हक की लड़ाई लड़ने के लिए पटेल संघ के पदाधिकारी ने ली महापंचायत ग्रामीण स्थाई पटेल संघ मध्यप्रदेश द्वारा 10 वर्षों से सरकार के संपर्क में हैं परंतु आज दिनांक तक सरकार द्वारा सिर्फ उन्हें आश्वासन ही दिया जा रहा है जबकि 1959 की धारा 222 पटेलों की नियुक्ति एवं धारा 228 में पटेलों के अधिकार दिए गए हैं एवं सम्मानजनक मानदेय लगभग सभी प्रदेशों में दिया जा रहा है लेकिन मध्य प्रदेश में अभी तक पटेलों को वह सम्मान तथा सम्मानजनक मानदेय नहीं मिल पा रहा है जबकि उल्टाकर कांग्रेस के दिग्विजय सिंह की सरकार के समय पंचायत राज लाने के बाद पटेलों से उनका हक छीन लिया गया तब से लेकर अभी तक ग्रामीण स्थाई पटेल संघ अपनी हक की लड़ाई लड़ रहे हैं और उन्हें सिर्फ और सिर्फ को 10 वर्षों से आश्वासन ही दिया जा रहा है और आज दिनांक तक ग्रामीण स्थाई पटेलों को कुछ लाभ प्राप्त नहीं हुआ जबकि गांव में कोई भी सामाजिक कार्य होता है या कोई तकलीफ आती है तो उसमें स्थाई पटेलों की अहम भूमिका रहती है मोहनलाल शरणागत प्रदेश अध्यक्ष मध्य प्रदेश ग्रामीण पटेल कल्याण



संघ ने बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में पटेलों के हक को छीन कर कांग्रेस की सरकार ने पंचायत राज लेकर आई और उन्होंने बताया कि गत 10 वर्षों से सरकार से वह अपनी मांग को लेकर लड़ाई लड़ रहे हैं और बदले में उन्हें सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा है तथा चुनाव से पहले उनकी मांग अगर पूरी नहीं होती है तो उन्होंने बताया कि वह सरकार का समर्थन नहीं करेंगे और उग्र आंदोलन करेंगे कृष्ण कुमार लील्हारे जिला अध्यक्ष ग्रामीण पटेल संघ ने भी बताया कि कांग्रेस के शासनकाल में जो हमारा छिन गया इस हक को पाने के लिए ग्रामीण के सभी पटेलों को हम जगाने का काम कर रहे हैं और अपने सम्मान तथा हक के लिए उन्हें जागरूक कर रहे हैं उन्होंने बताया कि पटेलों के राज में गांव में उनके आदेश के बिना कोई परिंदा भी पर नहीं मरता था तथा सभी प्रश-ासनिक अधिकारियों का सम्मान हुआ करता था कई अधिकारियों के साथ मारपीट हो जाती थी तब गांव का स्थाई पटेल ही सामने आकर बचाव करता था उन्होंने कहा कि हम प्रश-ासन की मदद करना चाहते हैं सम्मान करना चाहते हैं तथा मुख्यमंत्री जी से भी उन्होंने कहा कि आप हमारा ध्यान रखिए हम आपका ध्यान रखेंगे उनकी मांग पूरी अगर नहीं हुई तो सरकार का समर्थन नहीं करेंगे तथा उग्र आंदोलन करेंगे।

# शहर से लेकर गांव तक की एक चुटकी मिट्टी कलश में एकत्रित कर देश के कोने-कोने से मिट्टी इकट्ठा करके राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास कलश वाटिका का किया जाएगा निर्माण

**मल्हार से लिया गया मिट्टी -चंद्र प्रकाश सूर्या**

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 103 संस्करण मन की बात में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का जिक्र किया था। इसके पश्चात देश में यह कार्यक्रम की शुरूआत की गई है इसी के तहत मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत मल्हार में मेरी मिट्टी मेरा देश कार्यक्रम की शुरूआत की गई, कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश सूर्या, प्रदेश सदस्य रामनारायण भारद्वाज, जिला मंत्री एस कुमार मनहर, मंडल अध्यक्ष राजकुमार साहू, महामंत्री रंजीत सिंह ठाकुर , उपाध्यक्ष पृथ्वी पाल राय लोकनाथ बंजारे सभी ने पातालेश्वर भगवान की प्रांगण से एक-एक चुटकी मिट्टी कलश में अर्पण किया कार्यक्रम का शुरूआत पातालेश्वर मंदिर से की गई प्रत्येक घर में जाकर तुलसी चौरा की मिट्टी नगर पंचायत की माता बहनों ने अपनी घर की मिट्टी लाकर उसे कलश में रखा, मां डिंडेश्वरी के मंदिर तक जाकर वहां भी मां डिंडेश्वरी की भूमि से मिट्टी कलश में डाला गया यह कार्यक्रम भारतीय अखंडता का प्रतीक है शहर से लेकर गांव तक प्रत्येक घर की एक चुटकी मिट्टी कलश में एकत्रित की जा रही है देश के कोने-कोने से मिट्टी इकट्ठा करके राष्ट्रीय युद्ध स्मारक के पास कलश वाटिका का निर्माण किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से दिलीप पांडे राजकुमार वर्मा जगत शिव कुमार एवं सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति इकट्ठा हुए।

# जोगी कांग्रेस के कार्यकर्ता सम्मेलन मे पचपेडी पहुँचे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी कहा मेरी लड़ाई छत्तीसगढ़ में भाजपा कांग्रेस से नहीं बल्कि गरीबी से हैं

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। जिले के मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के पचपेड़ी में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन हुआ छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव के लिए कुछ माह बाकी हैं ऐसे में सभी राजनीतिक दल अपना-अपना शक्ति प्रदर्शन करने में लगे हैं इतनी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए इस परिवर्तन के संकल्प लेने के लिए पहुंचे हैं इस दौरान अमित जोगी ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी लड़ाई छत्तीसगढ़ में भाजपा कांग्रेस से नहीं बल्कि गरीबी से है आयोजित सम्मेलन में आगामी चुनाव को लेकर कार्यकताओं को तैयार रहने की बात कही गई अमित जोगी ने इस अवसर पर 10 कदम, गरीबी खत्म का नारा दिया उन्होंने कहा, पहले कदम में हमारी सरकार आने



पर किसानों का धान पर चार हजार प्रतिक्विंतल खरीदी करेगा छत्तीसगढ़वासियो को आवासहीन लोगो को 2इलङ मकान मिलेंगे प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी समेत पार्टी के स्थानीय नेता और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए।उदयचरण बंजारे, विश्वर गुलहरे, प्रशांत त्रिपाठी ,कृष्णकुमार निर्णेजक, मालिक राम डहरिया, सत्येंद्र गुलेरी, चंद्र प्रकाश कुर्रे, ठान सिंह भार्गव,मनोहर यादव,लक्ष्मी बर्मन, छात्रधारी महिलांगे ,संजीव खरे ,श्रीमती रंजिता खांडे,श्रीमती सुमिरन गुलेरी,जयसिंह लहरे ,रामेश्वर गाडेवाल,रंजीत खांडे,लोकेश डहरे,संतोष मरकाम,सुरेश खटकर,प्रदीप मार्शल,रामखिलावन राय,सुंदर राय,सुरेश निर्णेजक ,योगेश गड़े वाल ,अंकित मिश्रा साथ ही बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे ।

# सेवा भारती संस्कार केन्द्रों में जन्माष्टमी उत्सव मना

रायसेन - सेवा भारती ,सेवा बस्ती संस्कार केन्द्रों में रक्षाबंधन एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम के दौरान बाल स्वरुपों द्वारा भगवान कृष्ण और राधा पर आधारित गीतों को प्रस्तुत किया । जिससे पूरे वातावरण को भक्तिमय कर दिया। इस मौके पर छोटे बच्चों ने कृष्ण और राधा पर आधारित नृत्य प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष नारायण कुशवाह ने कहा श्रीकृष्ण भगवान विष्णु का अवतार हैं। वह धर्म और न्याय का सूचक हैं। वह प्रेम और युद्ध में पूर्ण निपुण हैं। भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कायरता से वीरता, विषाद से प्रसाद की ओर जाने का दिव्य संदेश श्री मद्भगवदगीता के माध्यम से दिया। इस आनन्दोत्सव के अवसर पर सेवा भारती के पालक प्रताप पटेल, चंद्र शेखर शर्मा, सदस्य रघुनाथ कुशवाह, राजकुमार यादव, अमन कुशवाह, अमित विश्वकर्मा , कु. नंदनी कुशवाह , कु स्वाती विश्वकर्मा, शोभा कुशवाह ,शोभा यादव उपस्थित थीं।



# ग्राहक बनकर आये बदमाशों ने सराफा दुकान से लाखों का चैन लेकर हुआ फरार, सीसीटीवी में कैद हुई घटना

## चैन को पसंद करने के दौरान चैन लेकर भागा युवक, महिला साथी गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 सितम्बर )रविवार को नगर के व्यस्त बाजार से एक स-रार्फा दुकान से दिन दहाड़े हुई लूट से व्यापारियों में आक्रोश हैं।शहर में बदमाश इतने बेखौफ हो चुके हैं कि वो व्यस्ततम बाजार में भी खुलेआम लूट की वारदात को अंजाम दे रहे हैं। महावीर चौक के पास एक ज्वेलरी दुकान में लूट की घटना हो गई। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर अफरातफरी मच गई। एक तो भाग गया, लेकिन महिला को पकड़ लिया गया है।

**ग्राहक बनकर दिया घटना को अंजाम**

शनिवार रात को मेन रोड, महावीर चौक के पास स्थित मां ज्वेलर्स दुकान में एक पुरुष और महिला पहुंचे और दुकान संचालक पीयूष सोनी से सोने की चेन व अन्य जेवर दिखाने को कहा। दुकानदार ने उनके सामने ट्रे में सोने की चेन रखकर दी। चेन पसंद करने के बहाने दोनों ने एक घंटे तक ट्रे से चैन को उठाते और रख देते।दुकान संचालक का ध्यान जैसे ही उन पर से हटा युवक ने मुठ्ठी में 106 ग्राम की लगभग 5 से 6 सोने की चेन लेकर भाग गया,जिसकी अनुमानित कीमत छह लाख रुपये बताई गई है। इससे पहले कि महिला भी भाग निकलती, दुकानदार ने महिला को पकड़ लिया और दुकान का चैनल गेट बंद कर दिया। जबकि पुरुष सोने की चेन लेकर मौके से भाग निकला। इस पूरे घटनक्रम के बाद दुकान में शोर मच गया। पल भर में वहां भीड़ जमा हो गई। दुकान में दाखिल होने, जेवर देखने से लेकर लूट करने तक की हरकत वहां लगे सीसीटीवी में कैद है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दुकानदार व भीड़ ने महिला को कोतवाली पुलिस के हवाले कर दिया है, जिसे लेकर पुलिस कोतवाली ले गई, जहां उससे पूछताछ की जा रही है। दुकान संचालक पीयूष सोनी ने बताया कि दोनों की आपस में बातचीत से दोनों



बुआ व भतीजे लग रहे थे, लेकिन वारदात के बाद जब महिला से पुरुष के बारे में पूछा गया, तो उसने देर तक कोई जवाब नहीं दिया।

**आये दिन हो रही चोरियो से व्यापरियो में आक्रोश**

कारोबारियों ने इसे पुलिस की लचर गश्त का नतीजा बताया। सराफा व्यापारी मोनिल जैन ने पुलिस प्रश-ासन से सराफा बाजार जैसे संवेदनशील इलाके में गश्ती बढ़ाने की मांग की। महीनेभर पहले एक लुटेरे ने दिनदहाड़े एक घर में घुसकर बुजुर्ग महिला की गर्दन पर हसिया रखकर लूट की वारदात को अंजाम दिया था। करीब चार महीने पहले एक ज्वेलरी दुकान के मालिक की दुकान में काम करने वाला कारीगर बड़ी मात्रा में सोना लेकर फरार हो गया था। हालांकि, कारीगर को पुलिस ने कुछ दिनों में गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन बुजुर्ग महिला से लूट का आरोपित आज भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जबकि इस घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज पुलिस के पास उपलब्ध हैं।

**आदतन अपराधी है दोनों आरोपी**

पुलिस सूत्रों के अनुसार, शनिवार रात ज्वेलरी दुकान में लूट की वारदात करने वाले महिला व पुरुष आदतन अपराधी हैं। पुलिस के हत्थे चढ़ी आरोपित महिला और फरार पुरुष आरोपित के नामों का खुलासा अभी पुलिस ने नहीं किया है, लेकिन आ-रोपित महिला किरनापुर के लवेरी की ग्राम की रहने वाली बताई जाती है, जिस पर लोगों को जबरन झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर रुपये ऐंठने के आरोप हैं। इसके अलावा फरार आरोपित महाराष्ट्र के गोंदिया आमगांव का रहने वाला बताया गया है, जो पहले भी अपने ही घर में चोरी कर चुका है। बताया गया कि आरोपित पुरुष ने लोगों से काफी उधार लें रखा था जिसे चुकाने के लिए उसने महिला के साथ ज्वेलरी दुकान में लूट की वारदात को अंजाम दिया है, लेकिन अफसोस महिला चोर को दुकानदार ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन शातिर पुरुष चोर भागने में सफल हो गया जिसकी तलाश पुलिस सरगर्मी से कर रही हैं।

# मवेशी चराने गए वृद्ध की नाले में डूबने से हुई मौत

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय ब्यूरो चीफ**

बालाघाट।( 11 सितम्बर )तिरोड़ी थाना अंतर्गत हीरापुर तिल्लीटोला से प्रवाहित होने वाली राजीव सागर बांध की बड़ी नहर के पानी में वृद्ध की शनिवार दोपहर दो बजे के करीब डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव बरामद किया।मृतक की पहचान ग्राम हीरापुर निवासी गौरीशंकर पिता नत्थू नेवारे 65 वर्ष के रूप में हुई है।मृतक मवेशी चराने गया हुआ था।

**पुलिया पर मृतक का कपड़ा देख ग्रामीणों को हुआ संदेह**

बताया गया कि गौरीशंकर नेवारे पूरे गांव की सालों से मवेशी चराने का काम करता था, जिसने रोज की तरह शनिवार को भी मवेशियों को राजीव



सागर बांध से निकली नहर की तरफ वाले जंगल में चराने को लेकर गया था। इसी दौरान ग्रामीणों ने उसके कपड़े नहर की पुलिया पर देखे। जिस पर उन्हें संदेह हुआ और इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर गांव के युवाओं की सहायता से शव को बाहर निकाल कर पंचनामा कार्रवाई पूरी की। शव का पोस्टमार्टम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में कराकर स्वजनों को सौंप मर्ग कायम किया है।अनुमान लगाया जा रहा हैं कि मृतक नाले में नहाने गया होगा जिसमे वह बह गया

# जिले में अब तक 968.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज बीते 24 घंटे में हुई 38.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**रायसेन, 10 सितम्बर 2023**

जिले में 01 जून 2023 से 10 सितम्बर 2023 तक 968.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 455.1 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 10 सितम्बर 2023 तक जिले के वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 788.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1147.2, बेगमगंज में 1014.8, सिलवानी में 833.2, गौहरगंज में 712, बरेली में 1268.4, उदयपुरा में 1182.8, बाड़ी में 833, सुल्तानपुर में 820.6 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 1087 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

बीते 24 घंटे में 38.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 10 सितम्बर 2023 को प्रातः 08 बजे तक 38.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वषार्मापी केन्द्र रायसेन में 56 मिलीमीटर, गैरतगंज में 52.2, बेगमगंज में 24, सिलवानी में 17.6, गौहरगंज में 73, बरेली में 22, उदयपुरा में 19, बाड़ी में 47, सुल्तानपुर में 26.2 तथा वषार्मापी केन्द्र देवरी में 45 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# महिला मटकी फोड़ कार्यक्रम में शामिल हुई डॉ. उज्वला, कहा महिलाओं को हर क्षेत्र में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए आगे आना चाहिए

**समाज जागरण ब्यूरो विवेक देशमुख**

बिलासपुर। महिला मटकी फोट प्रतियोगिता का आयोजन मराठा सेवा संघ प्रणित जिजाऊ ब्रिगेड बिलासपुर द्वारा किया गया, जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में आम आदमी पार्टी की प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ.उज्वला कराड़े शामिल हुई प्रतियोगिता मराठा समाज की महिलाओ ने आंख में पट्टी बांधकर मटकी फोड़ने के प्रतिस्पर्धा में भाग लिया। इस कार्यक्रम में मराठा समाज ने भगवान कृष्ण के जयकारों के साथ माहौल भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान मटकी फोड़ टीम के सदस्यो ने मौजूद हर श्रद्धालु का उत्साह बढ़ाया। इससे पहले हुए सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने सभी को बांधे रखा। इस अवसर पर डॉ. उज्वला ने कहा कि



ऐसे कार्यक्रमों में बच्चो को भी शामिल करें ताकि सनातन धर्म-संस्कृति के संरक्षण की अलख जगाई जा सके। सनातन धर्म और संस्कृति का संरक्षण तब भी संभव है जब हम भावी पीढ़ी को इससे रूबरू कराएंगे। बालक-बालिकाओं की बचपन से ही ऐसे धार्मिक आयोजनों में भागी-दारी सुनिश्चित करने से भावी पीढ़ी में धर्म, संस्कृति और राष्ट्र भक्ति के स्थायी भाव जागृत होंगे।आयोजन स्थल पर कृष्ण भगवान की जयकारों, नंद घर आयो आनंद भयो से लेकर हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की नारे लगे। कार्यक्रम के अंत में डॉ. उज्वला ने सफल आयोजन के लिए महिला टीम को बधाई दी।

कार्यक्रम में देवेंद्र कुर्रे जिला उपाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ आम आदमी पार्टी बिलासपुर आयोजन, समिति के समस्त पदाधिकारी एवं भारी मात्रा में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गांव तथा नगरों में विकास रथ नागरिकों को दे रहे शासकीय योजनाओं की जानकारी

**रायसेन, 10 सितम्बर 2023**

शासकीय योजनाओं का लाभ जन-जन तक पहुंचाने के लिए रायसेन जिले की सभी विधानसभाओं में विकास रथ चलाए जा रहे है। जिनके माध्यम से शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुए नागरिकों को योजनाओं की जानकारी देते हुए लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विकास रथ में लगी एलईडी के माध्यम से नागा-रकों को मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ, किसान कल्याण के चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए का लाभ लेने के लिए जागरूक किया जा रहा है। विकास रथ के माध्यम से 09 तथा 10 सितम्बर को सांची तथा उदयपुरा विधानसभा क्षेत्रों में शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया गया।




# लाड़ली बहनों के लिए त्यौहार है महीने की 10 तारीख- स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी

## स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी के मुख्य आतिथ्य में गैरतगंज में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना कार्यक्रम सम्पन्न

रायसेन। स्वास्थ्य मंत्री डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा गैरतगंज में आयोजित मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत जिला स्तरीय कार्यक्रम का माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्जवलन कर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में उन्होंने उपस्थित लाड़ली बहनों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अब प्रदेश में हर महीने की 10 तारीख लाड़ली बहनों के लिए किसी त्यौहार से कम नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शि-ावराज सिंह चौहान द्वारा प्रारंभ की गई मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत 10 जून को पहली बार एक-एक हजार रू की राशि बहनों के बैंक खाते में जमा की गई। तभी से हर महीने की 10 ता-रीख को एक-एक हजार रू की राशि बहनों को प्रदान की जा रही है। पिछले महीने की 27 तारीख को मुख्यमंत्री श्री चौहान ने राखी पर्व पर उपहार के रूप में 250 रू की राशि भी लाड़ली बहनों के बैंक खाते में जमा की थी और आज फिर एक-एक हजार रू की राशि बहनों के बैंक खाते में जमा की है। अक्टूबर महीने से लाड़ली बहनों के बैंक खाते में 1250 रू की राशि सरकार द्वारा जमा की जाएगी। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्णय लिया है कि प्रदेश में लाड़ली बहनों को अब सावन माह की रसोई गैस 450 रुपये में मिलेगी। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में सभी गैस कनेक्शनधारी महिलाओं और गैर उज्जवला योजना में गैस कनेक्शनधारी लाड़ली बहनों को श्रावण मास में 450 रुपए गैस रिफिल के लिये दिए जाएंगे। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री श्री चौहान ने निर्णय लिया है कि मुख्यमंत्री अंत्योदय आवास योजना अब मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के रूप में जानी जाएगी। इस योजना



को सभी वर्गों के आवासहीन पात्र परिवारों के लिए मान्य किया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान के नेतृत्व में सरकार महिलाओं की आर्थिक समृद्धि और सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्रीशिवराज सिंह चौहान की सरकार बच्चों के लिए, युवाओं के लिए, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए हर वर्ग के लिए काम कर रही है। सरकार द्वारा स्कूली शिक्षा के साथ-साथ महा-विद्यालय और उच्च शिक्षा के लिए अनेक सुविधाएं विद्यार्थियों को दी जा रही हैं। खेती को लाभ का व्यवसाय बनाने तथा किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए सिंचाई के रकबे में लगातार वृद्धि की जा रही है। किसानों को पर्याप्त मात्रा में बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। खाद-बीज पर सब्सिडी दी जा रही है। साथ ही उन्नत और तकनीकी खेती का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ चौधरी ने गैरतगंज क्षेत्र में किए जा रहे विकास और निर्माण कार्यो का उल्लेख करते हुए कहा कि गैरतगंज विकास के किसी भी मामले में पीछे ना रहे। इसके लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, रोजगार, बिजली, सौंदर्यीकरण हर क्षेत्र में पिछले तीन साल में तेजी से काम किए गए हैं और अनेक काम अभी प्रगतिरत है। कार्यक्रम स्थल पर मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यक्रम का एलईडी के माध्यम से लाईव प्रसारण भी देखा गया। इस अवसर पर नगर परिषद अध्यक्ष जिग्नेश जैन सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता राजू रंजन दुबे काराकाट रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत काराकाट प्रखंड क्षेत्र के मानिक परासी गांव में उच्च माध्यमिक विद्यालय के समीप विश्व हिंदू परिषद के बैनर तले एक कार्यक्रम आयोजित की गई। जिस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीताराम तिवारी ने की। कार्यक्रम की शुरूआत विश्व हिंदू परिषद के बिहार प्रदेश सचिव रजनीश सिंह पटना सहित अन्य गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर किया।उसके बाद कार्यक्रम स्थल पर विद्यमान देवी-देवताओं का मंत्रोच्चार के साथ आह्वान किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम के दौरान काराकाट विधानसभा के विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष सुमंत कुमार तिवारी के द्वारा आगत अतिथियों को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रदेश सचिव रजनीश



सिंह ने कहा कि विश्व हिन्दू परिषद की स्थापना वर्ष 1964 में हुई। इसके संस्थापकों में स्वामी चिन्मयानंद, एसएस आपटे, मास्टर तारा सिंह थे। उन्होंने कहा कि पहली बार 21 मई 1964 में मुंबई के संदीपनी साधनाशाला में एक सम्मेलन हुआ। उन्होंने कहा कि यह सम्मेलन आरएसएस सरसंघचालक माधव सदाशिव गोलवलकर ने बुलाई थी। इस सम्मेलन में हिंदू, सिख, जैन और बौद्ध के कई प्रतिनिधि मौजूद थे। सम्मेलन में गोलवलकर ने कहा कि भारत के सभी मताबलंवियों को एकजुट होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हिंदू , हिन्दुस्तानियों के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द है और यह सभी धर्मों से ऊपर है। इस मौके पर प्रिंस कुमार तिवारी,मृत्युंजय तिवारी, कमलाकांत तिवारी,सतेंद्र कुमार मिश्रा, हरिओम कुमार, बब्लू ब्राह्मण, गोविंद तिवारी,प्रेम रंजन तिवारी, अभय तिवारी,अनिल सिंह, मनीष तिवारी सहित मानिक परासी के समस्त ग्रामीण जनता मौजूद रहे।

# पिकअप की चपेट में आने से बालिका की मौत, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**दैनिक समाज जागरण नसीम साह, नोखा रोहतास**

रोहतास जिले के नोखा थाना क्षेत्र के नोखा बस स्टैंड स्थित लकड़ी टाल बास के समीप एक अज्ञात पिकअप की चपेट में आने से एक 5 वर्षीय बालिका की मौत इलाज का दौरान हो गई। इसके बाद ग्रामीणों ने सासाराम से शव को लाकर के सड़क पर रखकर आरा- सासाराम मुख्य पथ को जाम कर दिया। उक्त सड़क पर आगजनी कर आक्रोस व्यक्त किया। घटना के बारे में बताया जाता है कि शनिवार की रात्रि में एक पिकअप जो नोखा से सासाराम जा रही थी, तेज गति से पिकअप वैन की चपेट में आने से सकता राम उर्फ शक्का डोम की 5 वर्षीय पुत्री कुसुम कुमारी घायल हो गई। जहां पर परिजनों द्वारा आनन फानन में नोखा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए ले गए। जहां पीएचसी प्रभारी चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर अजय प्रताप द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ऑक्सीजन देकर बेहतर इलाज के लिए एंबुलेंस से सासाराम हेतू भेज दिया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।



रविवार की सुबह में परिजन शव को नोखा लाकर सड़क पर रखकर सड़क को जाम कर दिया। करीब डेढ़ घण्टा तक आवागमन बाधित कर रखा। परिजनों द्वारा मुआवजे की मांग की गई। इसके बाद नोखा थाने के पुलिस सत्येंद्र पासवान, निशांत कुमार,बसंत कुमार ने घटना स्थल पहुंचकर के परिजनों को समझा बुझा कर सड़क जाम को हटवाया। पुलिस ने शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सासाराम हेतू भेज दिया। सड़क जाम के कारण आरा-सासाराम मुख्य पथ पर सड़क के दोनों तरफ लंबी लाइन लग गई। हालांकि जाम कर रखे लोगों ने जाम के दौरान दो एंबुलेंस आने के बाद जाम को हटा कर एंबुलेंस को जाने का रास्ता भी दिया। जाम के कारण लोग परेशान रहे। थाना अध्यक्ष उमेश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि मृतक बालिका कुसुम कुमारी के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया है।पुलिस मामले की जांच में लग गई है। वही लगाएंगे कैमरे से पिकअप वैन की खोजबीन की जा रही है।

# तेजी से फैल रही पशुओं में लंपी रोग, पशुपालक हो रहे परेशान

## *पशुचिकिस्क कुंभकर्ण के नींद में, कैसे होगा क्षेत्र के बीमार पशुओं का इलाज*

**दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज, रोहतास**

रोहतास जिले के बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में फैल रही पशुओं में लंपी रोग से पशुपालकों में भय का माहौल बना हुआ है।चिकित्सकों ने रोग ग्रस्त पशु को अलग बांधने के साथ-साथ उसे मक्खी मच्छर से बचाने की सलाह दे रहे है। चिकित्सकों के अनुसार यह लंबी वायरस के लक्षण हैं। बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के सभी प्रखंड के साथ- साथ क्षेत्र के गांव देहात में पशुओं में विशेषकर गायों में अचानक से ऐसा रोग फैल रहा है, जिससे गाय के शरीर पर छोटी-छोटी गांठ बन जाती हैं , बुखार आ जाता हैं । साथ ही रोग ग्रस्त गाय दूध देना भी कम कर दे रही है। बिक्रमगंज निवासी आशुतोष कुमार ने बताया कि शुक्रवार शाम को उनकी दो गाय को बुखार चढ़ गया, जिसके कुछ देर बाद गायों के शरीर पर छोटी-छोटी गांठ बन गई। देखते ही देखते रातभर में इन गांठों में तेजी से वृद्धि हो गई। पूरे शरीर पर हजारों गांठ नजर आने लगीं। काराकाट प्रखंड अंतर्गत कुरूर गांव निवासी राजेश सिंह, संसारडिहरी गांव निवासी सामाजिक कार्यकर्ता मनोज कुमार पांडेय सहित कई पशुपालकों की गाय भी इस अज्ञात बीमारी की चपेट में आ गई हैं। गायों में फैले इस रोग के लक्षण लंपी वायरस रोग बताया जा रहा हैं। पीड़ित पशु पालकों द्वारा पशुपालन विभाग से इस रोग से बचाव के लिए टीकाकरण अथवा अन्य उपचार शुरू किए जाने की मांग की गई है। उधर पूरी अनुमंडल क्षेत्र में दावथ, सूर्यपुरा, बिक्रमगंज,काराकाट प्रखंडों में यह बिमारी तेजी से फैल रही है। जिसकी रोकथाम अति आवश्यक है। पूरे इलाका में मच्छर , मक्खी , किट-पतंगे बहुत तेजी से फैल रही है। ग्राम पंचायत के द्वारा नाली का सफाई हो रहा है ना



स्वास्थ्य विभाग की ओर से ब्लीचिंग पाउडर या कीटाणु नाशक कोई दवा का छिड़काव किया जा रहा है। पूरे इलाके में महामारी आने की संभावना बढ़ गई है। वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है मगर कोई भी व्यवस्था सरकार की तरफ से नहीं हो रही है, जिसे किसान और मजदूर गरीब और लाचार लोग अपने आप को बेसहारा महसूस कर रहे हैं। देहाती क्षेत्रों में लंपी रोग की चपेट से छह मवेशियों की मौत हो गई है, जबकि करीब सैकड़ो मवेशी इस बीमारी की चपेट में हैं। बहुत लोगों ने बताया कि पशु चिकित्साधिकारी को सूचित किया, लेकिन पशु चिकित्सा विभाग की टीम अभी तक गांव नहीं पहुंची है।

**बीमारी की लक्षण :**

गाय के शरीर पर बनी गांठे व बुखार का आना लंपी वायरस के लक्षण हैं । रोग ग्रस्त पशु को अन्य स्वस्थ पशुओं से अलग बांधे, साथ ही वहां साफ- सफाई का भी ध्यान रखें। पशुओं में लक्षण दिखने पर उसे अस्पताल लाकर इलाज कराएं। क्षेत्र के पशुपालकों ने बताया कि पशुओं के इलाज के लिए सरकारी कोई व्यवस्था नहीं किया जा रहा है। जो एक भयावह महामारी की तरफ फैल रहा है। चिंता होती है कि पशुओं का कोई अनहोनी ना हो जाय, इसको लेकर लोगों ने बिहार सरकार, जिला पशु चिकित्सा पदाधिकारी रोहतास से मांग किया है कि पशुओं का समुचित इलाज करवाया जाय और कोई वैक्सीन है तो पशुओं को दिलवाया जाय ताकि पशुओं की जान बचाया जा सके।

# रेलवे सुरक्षा बल ने यात्रियों को ट्रेन में छूटे हुए बैग को सही सलामत किया वापस

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र,डेहरी ऑन सोन रोहतास**

रेलवे सुरक्षा बल ने मंडल डीडीयू ऑपरेशन अमानत रविवार को अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन कैंपिंग ड्यूटी स्टाफ प्रधान आरक्षी जितेंद्र कुमार द्विवेदी सूचना दिया कि गाड़ी संख्या 12397 अप के एस वन बोगी के दिल्ली डोर में एक यात्री का दो ट्रॉली बैग एक हरा रंग व दूसरा लाल रंग का छूट गया है। उक्त सूचना पर गाड़ी संख्या 12397 अप डेहरी ऑन सोन स्टेशन आने के उपरांत ड्यूटी में तैनात अधिकारी व रेल्वें सुरक्षा बल के द्वारा एस वन बोगी को अटेंड कर दोनों ट्रॉली बैग उतार कर




रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट में रखा गया व इसकी सूचना यात्री के मोबाइल संख्या 9661579858 पर दिया गया। सूचना पर औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र के कोठारी ग्राम के यात्री मदन साव पिता भिखर साव पहुचे। बताया जाता है कि अपनी पत्नी रेखा देवी व तीन छोटे छोटे बच्चों के साथ रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पहुँच अपना ट्रॉली बैग मांग करते हुए बताएं कि दोनों ट्रॉली बैग में हम सभी का पहनने का पुराना इस्तेमाली कपड़ा, सोने का जूतिया, सोने के कान की बाली चांदी का जितिया व आधार कार्ड राशन कार्ड इत्यादि है। जिसकी कीमत लगभग 16 हजार रुपए की है जिसे उचित पहचान व सत्यापन करने के उपरांत सही सलामत दोनों ट्रॉली बैग के मालिक को सही सलामत लौटाया गया। वहीं दूसरी तरफ यात्री ने आरपीएफ को धन्यवाद दिया।

# विभीषण इलेवन को हरा कर उरमा इलेवन(बंगाल ) बना चैंपियन

**नंदा रजक, दैनिक समाज जागरण , प्रखण्ड संवाददाता, पटमदा**

पटमदा : बोड़ाम प्रखंड सटे हुए नीमडीह प्रखंड के बाड़ेदा पंचायत के जिलपा लाया मैदान, बूढ़ीबासा में एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन जिलपा लाया कमिटी की ओर से किया गया जिसमें बंगाल और झारखण्ड के आठ टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ पोखोरिया पंचायत के पंचायत समिति देवजानी दास ने की उनके साथ शिक्षक मजनू अंसारी, केसब गोप और कमिटी के सदस्य उपस्थित थे। फाइनल मैच उरमा इलेवन और विभीषण इलेवन के बीच खेला गया जिसमें विभीषण इलेवन टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते 4 ओवर में 50 रन बनाकर उरमा इलेवन टीम को जीत के लिए 4 ओवर में 51 रन का लक्ष्य दिया जिसके जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी टीम 3.5 ओवर में ही 51 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया इस तरह उरमा इलेवन( बंगाल )टीम चैंपियन बना।

# वरिष्ठ लोगों के बंद रेलवे किराए को पुनः चालू करने को लेकर हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण राज कुमार सिंह कोचस रोहतास**

रोहतास जिले के कोचस प्रखंड मुख्यालय के समक्ष नेशनल सीनियर सिटीजन ने रेलवे किराए में रियायत को लेकर बैठक की। बैठक की अध्यक्षता सत्यनारायण सिह एवं सनचालन एन, एस,सी एसो सनयुक्त सचिव एवं पुर्व पैक्स अध्यक्ष सुरेन्द्र दुबे ने किया। बैठक में एक अक्टूबर अन्तर्राष्ट्रीय ब्रिद्ध दिवस रोहतास जिला एसोसिएशन द्वारा कुशवाहा भवन सासाराम में मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विचार विमर्श किया गया। साथ ही भारत सरकार से बरिष्ठ लोगों के बन्द किए गए रेलवे किराये को पुनः लागू करने बिहार सरकार से वरिष्ठ नागरिकों का



पेशन चार सौ रुपए से बढा कर दो हजार करने के लिए मांग किया गया। रोहतास जिला एशोसिएशन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीयब वरिष्ठ दिवस पर सत्तर साल।से उपर के नागरिक को एवं एशोसिएशन के रष्ट्रीय कर्यकारणी में रोहतास जिला से चुने गए पदाधिकारियों को भी सम्मनित किया जाएगा। बैठक में सत्यनारायण सिह पुर्व पैक्स अध्यक्ष, सुरेन्द्र दुबे, पारस नाथ सहाय इलियट, अन्सारी राम, निवास सिह, हिरा प्रसाद साह, सर्वेयर पाठक, जनार्दन सिंह, केदार नाथ पान्डेय, श्री कान्त सिंह, शिव दुलार सिंह, राम जी सिंह, राम व्रत, भगत राम, अशिश पान्डेय, रामा शन्कर पान्डेय, भरत पान्डेय, अजय पान्डेय, श्री कान्त दुबे आदि लोग उपस्थित रहे।

# पोल-खोल अभियान के तहत जदयू ने निकाला मशाल जुलूस, भाजपाइयों को बताया विकास के लिए बाधक

**दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज,रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत बिक्रमगंज मे नगर के शहीद चौक से रविवार को जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष उर्फ ललन सिंह के आह्वान पर पोल खोल अभियान के तहत बिक्रमगंज जदयू के प्रखंड अध्यक्ष सजय वर्मा व नगर अध्यक्ष के नेतृत्व में मशाल जुलूस निकाला गया। नगर के शहीद चौक से लेकर तेन्दुनी चौक तक मशाल जुलूस में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामील हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा ने तेंदुनी चौक पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आगामी 2024 के लोकसभा चुनाव में नरेन्द्र मोदी को उखाड़ फेंकने को लेकर पार्टी नेतृत्व ने शंखनाद कर दिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकसभा चुनाव की तैयारी में कार्यकताओं को अभी से लग जाने को कहा है। वहीं नगर अध्यक्ष इरशाद खान ने कहा कि केंद्र सरकार पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित विरोधी है, जो जाति आधारित गणना का विरोध कर साबित किया है। गणना का विरोध कर केंद्र की सरकार ने अपनी दोहरी नीति को उजागर किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिहार सरकार के द्वारा किए जा रहे गणना को रुकवाने के लिए पहले तो हाई कोर्ट फिर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करवाई। इसे रोकने के लिए हलफनामा दायर किया कि यह बिहार सरकार के द्वारा नहीं कराया जा सकता। जबकि जो जाति आधारित गणना हो रही है, वह जाति गणना सर्वे है। जिसका अधिकार बिहार सरकार को है। आगामी लोकसभा चुनाव में जनता उखाड़ फेंकने का काम करेगी। एक-एक कार्यकताओं को अपना



बूथ जितने को कहा गया है। इसके लिए हम सब पूरी तरह से तैयार हैं। कार्यक्रम में जिला महासचिव विजय कुमार चौधरी, नगर अध्यक्ष इरशाद खान, जिला उपाध्यक्ष हसनैन खां, नगर उपाध्यक्ष अहसान खान, जिला सचिव सुरेश चौधरी, जिला सचिव रामेश्वर चौधरी, नगर उपाध्यक्ष मो. मुमताज, आनंद रजक, अनिल कुमार, राजेश सोनकर, जिला सचिव अभिषेक पटेल, सभाचंद चौधरी, बिपिन बिहारी सिंह सहित कई लोग शामिल थे।

# शिक्षको की लापरवाही कभी भी ले सकती है छात्र - छात्राओं की जान, विभागीय अधिकारी नही ले रहे संज्ञान

**दैनिक समाज जागरण राजू रंजन दुबे काराकाट रोहतास**

रोहतास जिले के काराकाट प्रखंड अंतर्गत मानिकपारसी गांव के उच्च माध्यमिक विद्यालय एवं मध्य विद्यालय के प्रांगण में घास-पात जंगली पेड़-पौधों का भरमार लगा हुआ है। वहीं स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए स्कूल में लाखों रुपए खर्च करके शौचालय तो जरूर बनाया गया है लेकिन अगल-बगल जंगल झाड़ी लगा हुआ है। स्कूली कैंपस में लगी झाड़ियों में कभी भी बिसैला सर्प, कीड़े - मकोड़े, बिच्छू, झाड़ी-जंगल और घास-पात के बीच छुपकर डस सकते हैं। भगवान ना करे किसी के साथ अनहोनी हो, परंतु अगर अनहोनी किसी दिन हो जाए तो इसका जिम्मेदार कौन होगा ? मिली जानकारी के अनुसार कुछ दिन पहले ही काराकाट प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी इस विद्यालय का निरीक्षण भी किए है। सवाल यह है कि विद्यालय के निरीक्षण के बाद भी स्कूल की स्थिति जस का तस ही दिखाई दे रही है। गांव के लोगों का माने तो ना कभी सुचारू रूप से स्कूल खुलता है और ना ही ठीक ढंग से पढ़ाई होती है। बिहार सरकार द्वारा करोड़ों रुपए खर्च करके स्कूल बनाई जा रही है , परंतु शिक्षको की




लापरवाही और मनमानी के कारण सब किए गए खर्च व्यर्थ ही नजर आ रहे है।

**क्या कहते है गांव के लोग :**

गांव के अभिभावकों से पूछा गया तो लोगों ने कहा कि यहां के शिक्षकों की हिटलर साही और मनमानी चरमों सीमा पर है । अगर कोई उनको कुछ कहता है तो वह सीधे हरिजन एक्ट लगाने की बात करते हैं। सैकड़ो लोगों ने कहा कि प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार सरकार के अपर मुख्य सचिव के के पाठक इस मामला को गम्भीरता से लें और कठोर से कठोर कार्रवाई करें। अन्यथा स्थानीय गांव के लोग आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। लोगों का कहना था कि इस तरह के मानसिकता रखने वाले शिक्षक अगर उनके बच्चों को पढ़ाते है तो उन सभी बच्चों का भविष्य खतरा में ही नजर आ रहा है। ऐसे शिक्षक पर कार्रवाई हो, जो अभिभावकों को हरिजन एक्ट में फसाने की धमकी देकर अपना मनमानी ढंग से स्कूल चला रहे है।

# मीटर नही लगवाने पर 20 गांवों के उपभोक्ताओं पर होगी कार्रवाई

**दैनिक समाज जागरण बिक्रमगंज,रोहतास**

विद्युत आपूर्ति अवर प्रमंडल बिक्रमगंज कार्यालय में मीटर अधिष्ठापन एजेंसी के साथ सहायक विद्युत अभियंता बिक्रमगंज राज कुमार के नेतृत्व में हुई बैठक के उपरांत मीटर लगाने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है। इस क्रम में प्रशाखा बिक्रमगंज सहित कई प्रशाखाओं के 20 गांवों के उपभोक्ताओं ने मीटर लगाने से इंकार कर दिया है।सहायक विद्युत अभियंता राज कुमार ने बताया कि अवर प्रमंडल बिक्रमगंज के ग्रामीण क्षेत्रों में लगभग 81 हजार एवं शहरी क्षेत्र में 9 हजार 827 उपभोक्ता हैं। कुछ उपभोक्ताओं के परिसर में मीटर नहीं लगा है तथा कुछ उपभोक्ताओं के परिसर में मीटर जल गया है या दोषपूर्ण है। उस स्थिति में शीर्ष कंपनी के निदेर्शानुसार मीटर बदलने का कार्य युद्ध स्तर पर शुरू किया गया है। उपभोक्ता के परिसर में मीटर लगाने हेतु अधिकृत संवेदक द्वारा जाने पर उपभोक्ता मीटर लगाने से इंकार कर दे रहे हैं।उन्होंने बताया कि सभी कनीय विद्युत अभियंता से जानकारी प्राप्त की गई है। जिसमे संबंधित कनीय अभियंताओं ने बताया है कि प्रखंड दिनारा के ग्राम-कुंड, खरवत, करहंसी, भानपुर, गिरधरियां, बेलवईयां, प्रखंड बिक्रमगंज के शिवपुर, गोटपा, जोन्ही, मानपुर, रकसियां, बड़कागांव, प्रखंड दावथ के बोधचातर, महुअरी, बभनौल, प्रखंड संझौली के राजनडीह, अमैठी, मसोना, तिलई, औराई, उदयपुर, गरूरा के उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर लगवाने से इनकार किया जा रहा है। जिससे कि ऊक्त ग्राम के उपभोक्ताओं पर विभाग द्वारा आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। शीर्ष कंपनी द्वारा निर्देशित की गई है कि जो भी उपभोक्ताओं के द्वारा मीटर बदलने या लगाने से इंकार किया जाता है, तो बिहार विद्युत आपूर्ति संहिता 2007 के कंडिका 7.4 (जी) के धारा 6.32 का उल्लंघन मानते हुए संबंधित उपभोक्ता का विद्युत संबंध विच्छेदित कर कार्रवाई की जाय।




# भाजपा कार्यकताओं ने किया शहीदों के परिजनों को सम्मानित

**समाज जागरण संवाददाता:- वेद प्रकाश पालीगंज अनुमण्डल**

पालीगंज/ भाजपा की ओर से चलाई जा रही कार्यक्रम मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को भाजपा कार्यकताओं ने पालीगंज के अलग अलाव गांवों में पहुंचकर शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया जानकारी के अनुसार मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत भाजपा के पालीगंज मंडल द्वारा शक्ति केंद्र धरहरा पंचायत के बालीपाकर गांव निवासी शाहिद संजय सिंह उर्फ.लोहा सिंह की पत्नी मंजू देवी को भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रवक्ता डॉ. उषा विद्यार्थी ने फूल माला तथा अंगवस्त्र से सम्मानित किया। जानकारी के अनुसार संजय सिंह उर्फ लोहा सिंह दिनांक 3 दिसम्बर 2013 को औरंगाबाद के तनमा थाना अंतर्गत नवीनगर गांव में बम ब्लास्ट में शहीद हो गए थे। वही शक्ति केंद्र रामपुर नगमा पंचायत के तोड़नी गांव में अमर



शहीद वीर हरदेव सिंह के परिजन कमलेश सिंह को सम्मानित किया गया। कमलेश सिंह झंडा आंदोलन के दौरान सन 1930 ईस्वी में नागपुर जेल में शहीद हुए थे। जबकि शक्ति केंद्र अकबरपुर पंचायत के रानीपुर गांव में शहीद राम कृत सिंह के परिजनों को सम्मानित किया गया। रामकृत सिंह अरवल में वर्ष 1942 को शहीद हुए थे मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पालीगंज के पूर्व बिधायक सह भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रवक्ता डॉक्टर उषा विद्यार्थी के साथ पालीगंज मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र शाही, मंडल प्रभारी वीरेंद्र शर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष बंशीधर शर्मा, पंचायती राज प्रकोष्ठ पटना जिला ग्रामीण के अध्यक्ष सुनील शर्मा, पूर्व पटना जिला उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कुमार, कन्हाई शर्मा, राजेश्वर सिंह, कुंदन कुमार, राजेश कुमार, सिंधु कुमार, उदय सिंह, अजय सिंह, विकास सिंह व शंकर सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।

# पत्नी के हत्याकांड मामले में अभियुक्त पति गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार,रोहतास ब्यूरो**

रोहतास जिले के संझौली थाने की पुलिस ने रविवार को गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के बसौरा ग्राम से छापेमारी कर एक हत्याकांड के मामले में एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने बताया कि थाना कांड संख्या- 29/23 के मामले में अभियुक्त बसौरा गांव निवासी सुनील कुमार महतों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जो पत्नि के हत्याकांड मामले में अभियुक्त था। गिरफ्तार आरोपित को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# गांव-गांव पहुंच भाजपा के झूठ का पोल खोलेगी कांग्रेस

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी,राजपुर रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत राजपुर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकताओं की बैठक रविवार को कांग्रेस कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष प्रेमा देवी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक के उपरांत पार्टी के मीडिया प्रभारी अजय ब्रह्मचारी ने बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि विगत 10 वर्षों से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के महंगाई, बेरोजगारी एवं भ्रष्टाचार के विरुद्ध दो अक्टूबर गांधी जयंती के दिन से गांव गांव व शहर बाजार जाकर कांग्रेस कार्यकर्ता इनके झूठ का पोल खोलेगे। सोशल



मीडिया पर फेक वीडीओ बनवाकर झूठा प्रचार प्रसार करने की भाजपा के लोगों की मानसिकता को आम जनता के समक्ष उजागर किया जाएगा। जनजागरण अभियान चलाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार की गलत नीतियों के चलते जनता उत्पीड़न की शिकार है। गरीबी घटने के बजाय बढ़ती जा रही है। भाजपा गरीबों को छुपाने व दबाने का काम कर रही है। इसके विरुद्ध क्षेत्र के हर गांव व बाजार चट्टी पर पहुंच लोगों को जागरूक किया जायेगा। मौके पर सरोज तिवारी,शइद अहमद,निजामुद्दीन अंसारी,रामजीत पाण्डेय,मदन पाण्डेय, मंटू तिवारी,राजेंद्र उपाध्याय,संजय तिवारी,किशुन चौधरी समेत अन्य मौजूद रहे।

# पडरिया पंचायत में स्वच्छता मिशन व कचरा उठाव का हुआ जांच

**दैनिक समाज जागरण मंटू तिवारी, राजपुर रोहतास**

रोहतास जिला अंर्तगत राजपुर प्रखंड के पड़रिया पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ बिहार मिशन अंतर्गत बने शौचालय का ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोहम्मद दानिश द्वारा जांच पड़ताल किया गया। जानकारी प्रदान करते हुए बीसी ने बताया कि ठोस एवं तरल अवशिष्ट प्रबंधन एवं गांवों में हो रहे कचरा उठाव एवं नाली गली की साफ सफाई के कार्यक्रम का घर-घर जाकर फीडबैक प्राप्त किया गया। लोगों से जानकारी ली गई कि सभी गांव में सफाई कर्मी प्रतिदिन कचरा उठाव के लिए घर-घर जा रहे हैं अथवा नहीं।



इस दौरान उक्त पंचायत के कई गांव के लोगों से प्रति माह लिए जाने वाले तीस रूपए स्वच्छता शुल्क की राशि को वसूल किया गया। स्वच्छता शुल्क की राशि नहीं देने वालों को जागरूक करते हुए इसे जमा करने की अनिवार्यता को समझाया गया। मौके पर उक्त पंचायत के स्वच्छाग्रही समेत कई अन्य मौजूद रहे।

# रेलवे ट्रैक पर अज्ञात युवक का मिला शव, पुलिस कर रही पड़ताल

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार, व्यूरो रोहतास**

रोहतास जिले के शिवसागर थाना क्षेत्र अंतर्गत शिवसागर स्टेशन से एक किलोमीटर पश्चिम दिशा से रविवार को रेलवे ट्रैक के किनारे से एक अज्ञात युवक का शव पुलिस ने बरामद किया है। स्थानीय लोगों की सुचना पर मौके पर पहुंची स्थानीय थाने की पुलिस ने शव को सदर अस्पताल सासाराम में पोस्टमार्टम कराने हेतु भेज दिया है । इस सम्बंध में अपर थानाध्यक्ष संजय कुमार यादव ने बताया कि शिवसागर स्टेशन से एक किलोमीटर पश्चिम दिशा में रेलवे ट्रैक के किनारे से अज्ञात युवक का शव बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम द्दष्टया युवक की मौत किसी ट्रेन से गिरकर हुई है। युवक सर के साथ अन्य जगहों पर कटे का निशान मिला है। युवक पीला रंग का फुल शार्ट व ब्लू रंग का जींस पहना हुआ है। युवक का पहचान अभी तक नहीं हुआ है। शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद पहचान हेतु सदर अस्पताल के शव गृह में रखा गया है। अपर थानाध्यक्ष ने बताया कि उक्त युवक कहां का हैं और कैसे उसकी मौत हुईं हैं। सभी बिंदुओं पर पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

# पुलिस ने एक शराबी को किया गिरफतार

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास**

रोहतास जिले के डालमियानगर थाने की पुलिस ने शनिवार की देर शाम को थाना क्षेत्र के पूर्णवासी बिघा से एक शराबी को गिरफतार किया। थानाध्यक्ष खुशी राज ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि एक शराबी शराब पीकर हो हंगामा कर रहा है। गिरफ्तार शराबी पूर्णवासी बिघा निवासी घनश्याम तिवारी के पुत्र राघवेन्द्र तिवारी को मेडिकल जांच में शराब पीने की पुष्टि के बाद न्यायिक हिरासत में दिया गया।

# जाप नेता आलोक सिंघानिया को सामाजिक कार्यकताओं ने किया सम्मानित

**दैनिक समाज जागरण कमलेश कुमार मिश्र, डेहरी आन सोन रोहतास**

जाप के वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता आलोक सिंघानिया को पार्टी के नेताओं, कायस्थ समाज की महिला कार्यकताओं व स्थानीय सामाजिक कार्यकताओं ने रविवार को समाज के प्रति उल्लेखनीय कार्य करने को लेकर आलोक सिंघानिया को उनके निवास पर अंग वस्त्र व गुलदस्ता देकर सम्मानित किया। कायस्थ समाज की महिला अध्यक्ष



प्रीति श्रीवास्तव ने बताया कि डालमियानगर क्वार्टर की समस्या मॉडल स्कूल की समस्या सहित महिलाओं व गरीब दुखिया के समस्याओं को दूर करने को लेकर तन मन और धन से लगातार इनके द्वारा किए गए प्रयास सराहनीय कार्य है। डालमियानगर के क्वार्टर की समस्या को दूर करने को लेकर इनके द्वारा किया गया प्रयास हम लोगों को प्रेरणा देती है। मौके पर आशा सिंह, लाल साहब, विनोद सिंह, सरफुद्दीन अंसारी, सागर यादव,असगर अंसारी के अलावे जाप के वरिष्ठ नेता व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# पुलिस ने शराब साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक समाज जागरण मनोज कुमार रोहतास ब्यरो**

रोहतास जिले के कछवां थाने की पुलिस ने देशी महुआ शराब के साथ कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली की थाना क्षेत्र के मंगरांव सामुदायिक भवन में रख शराब बेचा जा रहा है। मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी अभियान चलाकर उक्त स्थल से 12 लीटर देशी महुआ शराब के साथ मंगरांव निवासी कन्हैया सिंह के पुत्र मनोज सिंह को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गाय। उक्त आरोपी के विरूद्ध मामल दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया।

### कहीं भी नहीं हो रही सुनवाई

# सीएम सिटी में हादसे को न्यौता दे रहा है बिजली का खम्बा

**महेश शर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

करनाल, सितम्बरः करनाल सीएम सिटी मे जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा किसी की कोई सुनवाई नहीं हो रही है। शहर की शिव कॉलोनी में बिजली के एक खंभे से किसी भी पल जबरदस्त हादसा हो सकता है। यह खम्बा शिव कॉलोनी गली नंबर एक जलघर नंबर 15 , घर के पास लगा हुआ है। इसकी शिकायत क्षेत्र के वासी कई बार बिजली विभाग को दे चुके हैं। मुख्य अभियन्ता तक लोगों ने अपील की है।
राम नगर के जो परिवार इसके आसपास रहते हैं उनके अनुसार कई बार राम नगर बिजली बोर्ड को इसकी सूचना दी गई । लेकिन रामनगर करनाल बिजली बोर्ड विभाग के अधिकारियों द्वारा कोई करवाई आज तक नही की गई ।इस समस्या से पीड़ित एक महिला का कहना है बिजली के खंभे की तारें उनकी छत के ऊपर से गुजर रही है और बिजली की तारों का जंजाल छत पर बना हुआ है, बिजली का खंभा छत की और टेढा



हुआ पड़ा है परिवार के छोटे छोटे बच्चे कई बार हादसा होने से बचे हैं। बच्चो का छत पर जाने से उनकी हर समय निगरानी रखनी पड़ती है। छत पर कपड़े चादर इत्यादि सुखाने के लिए तार का इस्तेमाल करने से परहेज करना पड़ता है। हर समय जान का खतरा बना हुआ है।
इस मामले में एक पीड़िता का कहना है एक बार बच्चा पतंग को पकड़ने के लिए छत पर तारों को छूते- छूते बाल बाल बच गया । समय पर ध्यान न दिया जाता तो मेरे बच्चे के साथ हादसा हो गया होता। करनाल रामनगर बिजली बोर्ड के अधिकारियों द्वारा आज तक कोई करवाई नही हुई, जबकि बिजली के खंभे को हटाकर दूसरे स्थान पर आसानी से लगाया जा सकता है ।
बिजली की तारों को पास से गुजर रही गली के बीचों बीच किया जा सकता है, जबकि करनाल सिटी से बिजली के पुराने खम्बो को हटाकर नए लगाए जा रहे हैं। जब शहर के मोहल्ले- बस्तियों में ऐसे काम चलाए जा रहे हैं तो राम नगर की इस समस्या का समाधान करने में विभाग को किसी विशेष व्यवस्था की जरूरत नहीं है।जायज मांग स्वीकार करके हमारी समस्या का निपटान कर दिया जाता है तो बच्चों के साथ साथ आस पड़ोस के परिवारों का भी बचाव होगा। कोई हादसा भी नहीं होगा और लोग सुख चैन से रह पाएंगे। इसलिए बिजली विभाग को समुचित कदम उठाने चाहिएं ताकि बच्चे भी सुरक्षित रह सकें।

# ट्राईसिटी मैट्रो प्रोजेक्ट में पंजाब ने हरियाणा को पेमेंट मामले में पछाड़ा

**विनोद कश्यप प्रभारी**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा/पंजाब**

चण्डीगढ़, सितम्बरः ट्राइसिटी मैट्रो प्रोजेक्ट में अब कहा जा रहा है कि पंजाब ने पेमेंट मामले में हरियाणा को पछाड़ दिया है और इस मामले पंजाब आगे निकल गया है।
ट्राइसिटी मैट्रो प्रोजेक्ट में जीतनी राशि खर्च होने का अनुमान लगाया गया था।उसमें से पंजाब की ओर से लगने वाले अपने हिस्से की राशि का भुगतान 1 करोड़ 37 लाख रुपए का भुगतान पंजाब ने कर दिया है।
लेकिन वही हरियाणा अभी तक अपने हिस्से का भुगतान नहीं कर पाया और उसके हिस्से की एक करोड़ सैंतीस लाख रुपये की राशि अभी तक परियोजना के लिए नहीं आई।
तीनों शहरों मोहाली-चंडीगढ़-पंचकूला के लिए यह मेट्रो प्रोजेक्ट महत्वपूर्ण हैं इसकी कुल लागत 10,570 करोड़ रुपए है, जिसमें राज्य, केंद्र और एक ऋण देने वाली एजेंसी लागत को शेयर करेगी। प्रोजेक्ट का पहला चरण 66 से 77 किलोमीटर तक बढ़ाया गया है।





**2027 से हो सकता है इसका शुभारंभ**

जानकारी के अनुसार इस प्रोजेक्ट की 2027 में शुरू होने की उम्मीद की जा रही है। साथ ही आपको` बता दें इस प्रोजेक्ट का दूसरा चरण 2037 के बाद डेवलेप किया जाएगा।

प्रोजेक्ट की वैकल्पिक विश्लेषण रिपोर्ट और विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) की तैयारी के लिए अपने हिस्से का भुगतान पहले ही कर दिया है, लेकिन संघ शासित चण्डीगढ़ प्रशासन हरियाणा के योगदान का अभी भी इंतजार कर रहा है। पंजाब ने 25 अगस्त को अपने हिस्से का 1.37 करोड़ रुपये का भुगतान कर दिया था।

**कुल 40 फीसदी राज्यों और केंद्र` देगा ऋण**

डीपीआर तैयार करने वाली कंपनी रेल इंडिया टेक्निकल एंड इकोनॉमिक सर्विसेज ने काम शुरू करने से पहले यूटी प्रशासन से लिखित सहमति मांगी है। आपको बता दें इस मेट्रो परियोजना में लगने वाली कुल लागत लगभग 10,570 करोड़ रुपए है, जिसमें 20 फीसदी राज्यों द्वारा, 20 फीसदी केंद्र द्वारा और शेष 60 फीसदी ऋण देने वाली एजेंसी द्वारा भुगतान किया जाएगा।

**हरियाणा सरकार नहीं ले पा रही फैसला**

जानकारी के अनुसार हरियाणा सरकार अभी भी इस बात पर निर्णय नहीं ले पा रही है कि धनराशि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के माध्यम से दी जाए या नया मद बनाया जाए।

# जे जे पी राष्ट्रीय व राज्यकारिणी की चयन को लेकर बैठक

## अजय चौटाला को एक बार फिर बनाया गया जननायक जनता पार्टी (जे जे पी ) अध्यक्ष

विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा/ पंजाब

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा के हिसार में हो रही जननायक जनता पार्टी (जेजे पी) की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में एक अहम फैसला लिया गया है। जिसमे अजय सिंह चौटाला को एक बार फिर जेजेपी के



जे जे पी अध्यक्ष पद फिर मिला अजय सिंह चौटाला को ( चित्र में अजय चौटाला पार्टी के अन्य पदाधिकारियों के साथ बीच में। (2)
अजय सिंह चौटाला, अध्यक्ष, जे जे पी

राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने अजय सिंह चौटाला के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का समर्थन किया है। बैठक में जननायक जनता पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी व प्रदेश कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी, मंत्री, विधायक, चेयरमैन, सभी जिला अध्यक्ष, सभी हलका प्रधान, सभी प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रदेश प्रभारी, प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के जिला संयोजक, सभी युवा हलका अध्यक्ष शामिल थे।

# हरियाणा के एक पहलवान की नेशनल हाईवे पर कार का संतुलन बिगड़ने से हुई मौत, 3 पहलवान हुए घायल

दैनिक समाज जागरण हरियाणा डेस्क

चण्डीगढ़, सितम्बरः हरियाणा में नेशनल हाईवे नंबर 152-डी पर कैथल जिले की सीमा में स्विफ्ट कार पलटने से एक राष्ट्रीय कुश्ती पहलवान जो बहादुरगढ़ के गांव कसार निवासी परीक्षित की मौत हो गई। साथ ही तीन अन्य पहलवान भी घायल हो गए। हादसे के बाद उपचार के लिए घायलों को कैथल के सिविल अस्पताल में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने पहलवान गौरव और माऊली को चंडीगढ़ पीजीआई में रेफर किया । कार में सवार पहलवान गौरव ने बताया कि संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ है।

बताया जा रहा है कि कार में बहादुरगढ़ के गांव कसार निवासी 20 वर्षीय परीक्षित, उत्तर प्रदेश के मथुरा निवासी पहलवान गौरव, महाराष्ट्र निवासी पहलवान मऊली लिशम, बहादुरगढ़ निवासी गौरव चंडीगढ़ की तरफ आ रहे थे। इस दौरान कैथल के चंदलाना के पास स्विफ्ट कार का संतुलन बिगड़ गया। इस कारण कार पलट गई और इसमें परीक्षित की मौके पर ही मौत हो गई।

सडक हादसे की सूचना के बाद पुलिस और नेशनल हाईवे की टीम मौके पर पहुंची और घायलों को कैथल के सिविल अस्पताल में लाया गया। यहां चिकित्सकों ने पहलवान गौरव व माऊली को पीजीआई चंडीगढ़ में रेफर किया । सभी पहलवान शनिवार को बहादुरगढ़ से पंजाब के जिला जालंधर जिले के फिल्लोर में आयोजित राष्ट्रीय कुश्ती दंगल में भाग लेने के लिए जा रहे थे। कार में सवार पहलवान गौरव नेता ने बताया कि संतुलन बिगड़ने से हादसा हुआ है।
मृतक पहलवान परीक्षित के चाचा संजय ने बताया कि पहलवान परीक्षित 64 किलोग्राम भार वर्ग में खेलता था। तीन भाइयों में मझला था। उसके पिता नरेश कुमार की करीब तीन साल पहले कोरोना महामारी के चलते मौत हो गई थी। वह दिल्ली पुलिस में थे। पिता की मौत के बाद मुश्किल से परिवार संभला था, लेकिन अब भतीजे की मौत से परिवार पूरी तरह से टूट गया है। भतीजा परीक्षित 12वीं कक्षा की पढ़ाई पूरी करने के बाद बहादुरगढ़ शहर में स्थित ब्रिगेडियर होशियार सिंह अखाड़े में कुश्ती का प्रशिक्षण ले रहा था। उनका सपना देश के लिए स्वर्ण पदक जीतने का था, लेकिन उनकी मौत से परिवार के सपने पूरी तरह से टूट गए हैं। ढांड पुलिस थाना से एसआई अजमेर सिंह ने बताया कि संतुलन बिगड़ने से कार पलटी है। इसमें एक युवक की मौत हुई है, जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस ने मामले में धारा 174 के तहत कार्रवाई की है।

# हरियाणा से चावल और चीनी का संयुक्त अरब अमीरात को किया जाएगा निर्यात

अदिति गौड़ संवाददाता दैनिक समाज जागरण हरियाणा

चंडीगढ़, सितम्बरः हरियाणा राज्य सहकारी आपूर्ति और विपणन महासंघ लिमिटेड ( हैफेड) के अध्यक्ष कैलाश भगत ने बताया कि जल्द ही संयुक्त अरब अमीरात को चावल और चीनी निर्यात करने के लिए यूएई और हरियाणा सरकार के बीच एक समझौता होगा जिसके बाद हरियाणा से चावल और चीनी का निर्यात किया जाएगा। उन्होंने यह जानकारी आज संयुक्त अरब अमीरात में बासमती चावल के निर्यात से जुड़े कई व्यवसायियों से मुलाकात के बाद दी है।
हैफेड के अध्यक्ष कैलाश भगत इन दिनों एक प्रतिनिधिमंडल के साथ यूएई में गए हुए हैं। उनके साथ प्रतिनिधिमंडल में हैफेड के प्रबंध निदेशक डॉ. जे. गणेशन तथा महाप्रबंधक (विपणन) श्री रजनीश शर्मा भी हैं।
हैफेड अध्यक्ष श्री कैलाश भगत ने बताया कि संयुक्त अरब अमीरात में बासमती चावल के निर्यात से जुड़े कई व्यवसायियों से मुलाकात की है। इनमे दुबई स्थित बासमती चावल के एक प्रमुख निर्यातक के साथ बैठक हुई, जिसके बाद 1000 मीट्रिक टन के निर्यात सौदे को अंतिम रूप दिया गया। हैफेड के अध्यक्ष ने कहा कि इस सौदे ने देश से बड़े पैमाने पर निर्यात बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त किया है। इसके अलावा ,खाद्य से संबंधित संयुक्त अरब अमीरात की एक अग्रणी सरकारी कंपनी, सिलाल फूड एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक श्री अब्दुल्ला अतीक अलदारमाकी के साथ भी बैठक हुई है जो कि सफल रही।
डॉ जे. गणेशन ने बताया कि हैफेड ने हाल ही में सऊदी अरब के एक प्रमुख आयातक से लगभग 850 करोड़ रुपये मूल्य के 85000 मीट्रिक टन बासमती चावल के निर्यात ऑर्डर खरीदे हैं जिसमें से 62000 मीट्रिक टन का निर्यात ऑर्डर सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया है और शेष निष्पादन की प्रक्रिया में है। उन्होंने आगे बताया कि सऊदी अरब में सफल निर्यात से उत्साहित होकर हैफेड ने अन्य देशों में भी अपने निर्यात कारोबार का विस्तार करने की योजना बनाई है। बासमती चावल के निर्यात के लिए हैफेड किसानों से सीधे बासमती धान की व्यावसायिक खरीद भी कर रहा है।
उन्होंने आगे जानकारी दी कि जल्द ही संयुक्त अरब अमीरात को चावल और चीनी निर्यात करने के लिए यूएई और हरियाणा सरकार के बीच एक समझौता होगा इस समझौते को अंतिम रूप देने के लिए सिलाल फूड एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक अब्दुल्ला अतीक अलदरमाकी चंडीगढ़ का दौरा करेंगे।

# गैंगस्टर आमना ऊबा की वीडियो हुई लीक

## जेल प्रबंधन हुआ हताश और बना अफरातफरी का माहौल

दैनिक समाज जागरण हरियाणा, पंजाब डेस्क

चण्डीगढ़ 10 सितम्बरः आमना ऊबा नाम के गैंगस्टर की एक वीडियो संगरूर जेल से लीक होने से जेल क्षेत्र में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है। इस वीडियो में आमना ऊबा के सिर पर टोपी पहने अपने लोअर की दोनों पॉकेट में हाथ डाले बेरोक टोक बाहर निकल रहा है। गैंगस्टर अपनी बैरक से पूरी टेंशन निकलता हुआ दिखाई देता है। जेल अधीक्षक के आदेश पर गैंगस्टर के बैरक की तलाशी ली गई है। इस तलाशी के दौरान बैरक से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ तो जेल प्रशासन के होश उड़ने लगे। अधीक्षक ने पुलिस बल को बुलाया और आमना ऊबा के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

वैसे पंजाब की जेलों में अन्य गैंगस्टर की वीडियो पहले भी अनेकों बार वायरल होने के मामले प्रकाश में आए हैं। जिनमें अपराधी जेलों के भीतर नशा सामग्री के अलावा वीडियो के इस्तेमाल करने की जानकारी देते हुए दिखाई पड़ते हैं। बठिंडा की हाई सिक्योरिटी जेल से कुख्यात गैंगस्टर लारेंस बिश्नोई का कथित साक्षात्कार भी जारी होने की बात सामने आ चुकी है।
पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने समय- समय पर जेलों में विभिन्न प्रकार के पुख्ता प्रबंधन और कानून व्यवस्था की मजबूती की बात कही है।

लेकिन गैंगस्टर हर बार जेलों में बैठे- बैठे वीडियो बनाकर जारी करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जेल के अंदर से अबकी बार फिर वीडियो जारी होना केवल पंजाब पुलिस और पंजाब पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं। इस से साफ जाहिर होता है की पंजाब की जेलों में गैंगस्टरों के पास मोबाइल होना और उनसे वीडियो तैयार करने के मामलों में अब तक कोई कमी आई है।

# हरियाणा में परिवार पहचान पत्र के लिए अब होगा जन्म तिथि सत्यापन

**विनोद कश्यप प्रभारी दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

चण्डीगढ़, 10 सितम्बरः हरियाणा में परिवार पहचान पत्र यानि फैमिली आईडी में बड़ी अपडेट आई है। अब विभाग की तरफ से बच्चों की 18 साल तक के बच्चों की डीओबी टैगिंग (जन्म प्रमाण पत्र का सत्यापन) होगी। हरियाणा में विभाग की तरफ से इसके लिए पूरे प्रदेश भर के 22 जिलों में खंड स्तर पर जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। कस्बाई और ग्रामीण के अलावा शहरी दायरे को अलग-अलग हिस्सों में बांटकर प्रत्येक जोन में जोनल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।
ये अधिकारी प्रत्येक परिवार पहचान पत्र में दर्ज बच्चों के जन्म प्रमाण पत्र, उनके स्कूल के शैक्षणिक मार्कशीट के अलावा वोटर आईडी कार्ड की जानकारी भी पोर्टल पर अपलोड करेंगे। प्रदेश में सबसे अधिक बच्चे नूंह जिला में हैं, जबकि सबसे कम बच्चे चरखी दादरी जिला में हैं। इनकी पोर्टल पर डीओबी टैगिंग की जानी हैं।
प्रदेशभर में परिवार पहचान पत्र में दर्ज परिवार का डाटा लगातार अपडेट किया जा रहा है। परिवार में 18 से 40 साल तक के व्यक्ति की जानकारी पहले ही दर्ज की जा चुकी है, जबकि अब शून्य से 18 साल तक के बच्चों की जन्म प्रमाण से जुड़ी डीओबी टैगिंग का काम अब शुरू किया है। इसके तहत प्रत्येक जिले के खंड स्तर पर जोनल अधिकारियों को इस कार्य की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जोनल मैनेजर नगर पालिका और नगर परिषद दायरे के अलावा ग्रामीण (आउटर) दायरे में आने वाले सभी बच्चों के डीओबी टैगिंग कराएंगे।
इसके लिए प्रत्येक परिवार को अपने परिवार में शामिल बच्चों के जन्म प्रमाण पत्रों को ऑनलाइन अपलोड कराना होगा। जिन बच्चों के वोटर आईडी कार्ड बने हैं उन्हें भी अपलोड किया जाएगा। इसी के साथ इन बच्चों की शैक्षणिक परीक्षा की मार्कशीट को भी अपलोड किया जाएगा।

# रोहतक पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाया सर्च अभियान

## खोखराकोट, करतारपुरा व गढ़ी मौहल्ला में चलाया अभियान, मादक पदार्थों के अवैध धंधे में शामिल आरोपियों को चिन्हित कर की गई छापेमारी

**कैलाश वर्मा संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण हरियाणा**

रोहतक, 10 सितम्बरः रोहतक पुलिस अधीक्षक हिमांशु गर्ग के दिशा निदेर्शानुसार जिला रोहतक पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ आज सर्च अभियान चलाया गया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मेधा भूषण के नेतृत्व में 29 टीमों का गठन कर छापेमारी के लिए रवाना किया गया। छापेमारी के दौरान उप पुलिस अधीक्षक डा. रविंद्र सिंह, उप पुलिस अधीक्षक महम संदीप, उप पुलिस अधीक्षक शहर विवेक कुंडु, उप पुलिस अधीक्षक सांपला राकेश भी मौजूद रहे है। इसके अलावा प्रभारी थाना सिविल लाईन, आर्यनगर, पुरानी सब्जी मंडी, अर्बन एस्टेट, पीजीआईएमएस, सीआईए-1, सीआईए-2, एवीटी स्टाफ, एएनसी स्टाफ, पीओ स्टाफ अपनी-2 टीमों सहित अभियान में शामिल रहे है। पुलिस टीम द्वारा खोखरा कोट, करतारपुरा व गढी मोहल्ला में छापेमारी की गई।
पुलिस अधीक्षक रोहतक श्री हिमांशु गर्ग ने बताया कि रोहतक पुलिस को नशे का अवैध व्यापार करने वाले के खिलाफ अलग-2 साधनों के माध्यम से लगातार सूचनाएं मिल रही थी। इस लिए कार्यवाही की गई ।

***33,76,330 रुपये, दो किलो से ज्यादा मादक पदार्थ, सोने-चांदी-हीरों के आभूषण, 23 मोबाईल फोन, 19 एटीएम कार्ड, 2 कार्ड स्वाईप मशीन, 10 वाहन व अन्य सामान बरामद***

# हरियाणा के नूंह के गाँव में फर्जी तरीके से वोटर आईडी बनवा हासिल की गाँव की चौधर

## जमीन खान अब खा रहा जेल की हवा

**विनोद कश्यप दैनिक समाज जागरण हरियाणा स्टेट हैड**

चण्डीगढ़, 10सितम्बरः हरियाणा के एक गांव में व्यक्ति ने फर्जी तरीके से वोटर कार्ड बनवाया और चुनावों में प्रत्याशी बनकर मैदान में उतरा। उसे जीत मिली और गांव की चौधर अपने नाम करते हुए सरपंच बन गया। अब जांच में फर्जी वोट बनवाने के मामले में दोषी पाया तो जिला उपायुक्त ने बर्खास्त कर दिया है। साथ ही अब उसे जेल की हवा भी खानी पड़ेगी।
हम बात कर रहे हैं हरियाणा के नूंह जिले के गांव डूडोली के सरपंच जमीन खान की। जमील खान को उपायुक्त ने बर्खास्त कर दिया है और वह वह धोखाधड़ी के मामले में सलाखों के पीछे कैद है। पिछले पांच महीने में नूंह जिले में चार गांवों की महिला सरपंचों को जांच के बाद फर्जी दस्तावेजों का सहारा लेने के मामले में बर्खास्त किया जा चुका है। सरपंच जमीन खान वाले मामले में संलिप्त ग्राम सचिव व डाटा एंट्री आप्रेटर अभी भी फरार हैं।

जिला उपायुक्त नूंह के आदेश पर पुन्हाना के खंड एवं पंचायत विकास अधिकारी द्वारा पुन्हाना पुलिस को शिकायत देकर करीब 6 दिन पहले सरपंच जमील खान सहित ग्राम सचिव रणधीर व डाटा एंट्री आप्रेटर शहाबुदीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। डूडोली गांव निवासी महादेव पुत्र गिर्राज ने उपायुक्त को शिकायत दी थी उसने पंचायत चुनावों में डूडोली गांव से सरपंच पद का चुनाव लड़ा था। जिसमें उसके विरुद्ध जमील ने भी सरपंच पद का चुनाव लड़ा था। जमील पुत्र रहमान ग्राम पंचायत बढा वार्ड न. 4 वोट न. 77 वोटरकार्ड न. आईवीजी 0621540 ने भी चुनाव लड़ा। जमील ने अपना वोट ग्राम पंचायत डूडोली के वार्ड न. 5 वोट क्रमांक 142 पर दशार्या है। जबकि वार्ड न. 5 में कुल 140 वोट अंतिम सरकारी प्रकाशन में हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय अवार्डी व विकास रतन महेंद्र सेतिया ने 113 वीं बार किया रक्तदान

हरियाणा/ हिसार (राजेश सलूजा) : अमर शहीद लाला जगत नारायण की 42 वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मंडी आदमपुर में आयोजित रक्तदान कैंप




में अंतरराष्ट्रीय अवार्डी व विकास रतन महेंद्र सेतिया ने 62 वर्ष की उम्र होने पर भी 113 वीं बार रक्तदान करके बहुत ही सराहनीय कार्य किया है अंतर्राष्ट्रीय अवार्डी रक्तदाता महेंद्र सेतिया तीन महीने का अंतराल होने पर एक वर्ष में चार बार रक्तदान कर रहे हैं यहां तक कि महेंद्र सेतिया कोरोना काल में भी रक्तदान करने से पीछे नहीं हटे और स्वास्थ्य विभाग के दिशा निदेर्शानुसार रक्तदान करना जारी रखो रक्तदाता महेंद्र सेतिया का यह उल्लेखनीय कार्य 113 वीं बार रक्तदान करके बरवाला पहुंचने पर शहर के अनेक गणमान्य लोगों पूर्व विधायक वेद नारंग, राष्ट्रीय सचिव महेंद्र नारंग, पूर्व चेयरमैन रणधीर सिंह धीरू, चेयरमेन रमेश बैटरी वाला, प्रधान गोविंद नारंग, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि विक्की रहेजा, केवल कृष्ण आर्य, युवा स्टेट अवार्डी अमित कथूरिया, पूर्व पार्षद पवन ढींगडा, पूर्व पार्षद अनिल संदूजा, पूर्व पार्षद प्रतिनिधि मोनू संदूजा, मास्टर मनोहर लाल रहेजा व ओम प्रकाश सेतिया आदि ने बड़ी गर्मजोशी के साथ स्वागत किया और इन सभी ने इस उल्लेखनीय कार्य की अपने मुक्त कंठ से सराहना की

# चंद्रयान-4 मामले में विपक्ष का मुख्यमंत्री पर निशाना

## मैंने छोटी बहन मानकर मजाक में ऐसा कहा- मुख्यमंत्री की स्थिति स्पष्ट

**विनोद कश्यप दैनिक समाज जागरण, हरियाणा स्टेट हैड**



चण्डीगढ़, 10 सितम्बरः हरियाणा में जनसंवाद कार्यक्रम में एक महिला की मांग पर मुख्यमंत्री मनोहर लाल के चंद्रयान-4 के बयान को लेकर हो हल्ला मचा हुआ है। विपक्षी नेता लगातार मुख्यमंत्री को निशाने पर लिए हुए हैं। इस बीच मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अपने बयान को लेकर सफाई दी है।
मुख्यमंत्री से गांव की महिलाओं के लिए रोजगार मांगने वाली महिला को मुख्यमंत्री ने फोन पर कहा है कि- " मैंने यह बात किसी दुर्भावना से पीड़ित होकर नहीं कही थी। मैं बहन-बेटियों की कद्र करता हूँ। मैंने छोटी बहन मानकर मजाक में ऐसा कहा था। "
मुख्यमंत्री ने सुमन से कहा कि आप मेरी बहन जैसी और एक्टिव महिला हो। आपने जो समझा वैसा मेरा भाव नहीं था।

**चण्डीगढ़ आने का दिया न्योता**

मुख्यमंत्री ने महिला सुमन को अपनी मांगों को लेकर चंडीगढ़ आने का न्योता दिया है। सुमन ने बताया है कि अब मुझे मुख्यमंत्री से कोई शिकायत नहीं है। बता दें कि हांसी के थुराना में मुख्यमंत्री के जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान सुमन ने गांव की महिलाओं के रोजगार के लिए सीएम से फैक्ट्री लगाने की मांग की थी। इस पर सीएम ने विवादित बयान दिया था।

**क्या कहा था सीएम मनोहर लाल ने**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने महिला की मांग पर कहा था कि अगली बार चांद पर चंद्रयान-4 जाएगा उसमें तुम्हे भेजेंगे। सीएम के इस बयान को लेकर सुमन के साथ गांव की अन्य महिलाएं काफी आहत हो गई थीं। गांव के अन्य लोगों में भी काफी रोष था। इसके बाद हांसी के विधायक विनोद भयाना महिला के गांव भटाना पहुंच थे, जहां उन्होंने सीएम की फोन पर सुमन की लगभग डेढ़ मिनट तक बात कराई।

**विपक्ष के निशाने पर आए मुख्यमंत्री**

मुख्यमंत्री मनोहर लाल की ओर से महिला द्वारा गांव में फैक्टरी लगाने की बात पर की गई टिप्पणी के विरोध में यूथ कांग्रेस ने प्रदेश अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा के नेतृत्व में चंद्रयान-4 के पोस्टर लेकर करनाल के प्रेमनगर स्थित अस्थायी मुख्यमंत्री आवास के समक्ष प्रदर्शन किया। यूथ कांग्रेस द्वारा मुख्यमंत्री के बयान की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए मुख्यमंत्री को चंद्रयान-4 में बैठकर चांद पर रोजगार खोजने की नसीहत दे डाली। आप के अनुराग ढांडा, दीपेंद्र हुड्डा, अभय चौटाला ने भी मुख्यमंत्री की टिप्पणी पर तीखी प्रतिक्रिया दी है।

# अजय चौटाला दोबारा जे जे पी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने

## चुनावों में राजनीतिक त्याग करने पड़ते हैं, सीट बंटवारा एनडीए की बैठक में करेंगे - दुष्यन्त चौटाला

चण्डीगढ़, सितम्बरः जननायक जनता पार्टी (जे जे पी ) की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक हिसार स्थित फ्लेमिंगो टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में हुई। यहां अजय सिंह चौटाला को दोबारा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाने का सर्वसम्मति से फैसला लिया गया।



उपमुख्यमंत्री दुष्यन्त चौटाला ने कहा कि राजस्थान में किसान विजय सम्मान दिवस के उपलक्ष्य में 150 पदाधिकारियों की डयूटी लगाई गई है। पार्टी वर्करों को राजस्थान के सीकर की रैली का न्योता दिया। जिस भूमि से चौधरी देवीलाल सांसद बनकर उप प्रधानमंत्री के पद तक पहुंचे। इसलिए राजस्थान के आगामी चुनावों का शंखनाद भी उसी भूमि से किया जाएगा। अक्टूबर महीने में पुराने सदस्यों का रिन्यूअल किया जाएगा। राजस्थान चुनावों में पहले जो काम कर चुके हैं, उनका ब्योरा पार्टी कार्यालय तक पहुंचाएंगे। विधानसभा की पोलिंग तक वे वहां पर डयूटी देंगे। विधायक राम करण काला ने एक प्रस्ताव रखा है कि कुरुक्षेत्र के शाहबाद में गांधी जयंती पर रैली रखी जाए। जिसे अजय चौटाला ने अनुमति दी। प्रदेशाध्यक्ष निशान सिंह ने विश्वास दिलाया कि प्रदेश के सभी संगठनों का 30 नवंबर तक गठन कर दिया जाएगा।

# सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों ने 14 सूत्री मांगों को लेकर मुख्य अभियंता कार्यालय के समीप किया धरना प्रदर्शन काआयोजन.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

औरंगाबाद (बिहार):-- सिंचाई विभाग के मौसमी कर्मियों ने विगत 08 सितंबर 2023 को चीफ इंजीनियर,औरंगाबाद के समक्ष अपनी 14 सूत्री मांगों के समर्थन में प्रदर्शन कर के अपने धारावाहिक आंदोलन का शंखनाद कर दिया है तथा जरूरत पड़ने पर डिवीजन स्तर पर या राज्य स्तर पर भी आंदोलन शुरू किया जाएगा । उक्त आशय का निर्णय आज यहां मौसमी कर्मचारी संघ की दाऊदनगर डिवीजन,कार्यालय के प्रांगण में हुई बैठक में लिया गया । इस बैठक में इसके साथ ही यह भी तय किया गया कि सबसे पहले डिवीजन स्तर पर अपनी ज्वलंत समस्याओं एवं मांगों के सन्दर्भ में दाउदनगर के कार्यपालक अभियंता से शिष्टमंडल वार्ता की जाएगी । यदि शिष्टमंडल वार्ता से समस्याओं का समाधान नहीं होगा तो अगली बैठक में धारावाहिक आंदोलन की घोषणा की जाएगी । इस बैठक में उपस्थित महासंघ (गोप गुट) के जिला सचिव सत्येन्द्र कुमार ने बताया कि परसों औरंगाबाद में हुए प्रदर्शन के दौरान सिंचाई विभाग के चीफ इंजीनियर साहब से सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संघ से शिधतामंडल वार्ता हुई है तथा अधिकांश मांगों की पूर्ति के लिए त्वरित कार्रवाई करने का आश्वासन चीफ इंजीनियर महोदय ने दिया है । उन्होंने उपस्थित मौसमी कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि



शिष्टमंडल वार्ता में मिले आश्वासन के अनुरूप कार्रवाई नहीं होती है तो सभी मौसमी कर्मियों को जुझारू एवं धारावाहिक आंदोलन में उतरने के लिए कमर कसकर तैयार रहना है !इस बैठक में एक प्रस्ताव पारित कर यह निर्णय लिया गया कि अपनी मांगों में शामिल विभिन्न मुद्दों, जैसे- स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा मौसमी कर्मियों के खिलाफ किए जा रहे शोषण-दमन-उत्पीड़न बंद कराने,विगत जून-2023 से लेकर सितंबर 2023तक के वेतन का भुगतान हर हाल में दशहरा के पूर्व कर देने,सभी मौसमी कर्मियों को विभाग के स्तर से पहचान पत्र निर्गत कराने, उन्हे वर्दी,टॉर्च, सिटी,साइकिल,छाता,कार्य से संबंधित उपकरण-औजार मुहैय्या कराने,मौसमी कर्मचारियों से स्थानीय पदाधिकारियों द्वारा सादा मास्टर रॉल पर जबरदस्ती हस्ताक्षर कराकर उन्हें वेतन से वंचित कर देने की प्रवृति पर रोक लगवाने, उनके खाते में राशि भेजकर भी उनसे वापस राशि वसूल कर लेने की प्रथा बंद करवाने,इनके साथ किए जा रहे अपमानजनक दुर्व्यवहार बंद कराने एवं उक्त मामलों से संबंधित शिकायतों की निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से जांच करवाने, इत्यादि 14-सूत्री मांगों की पूर्ति के लिए आवश्यकता पड़ने पर धारावाहिक और जुझारू आन्दोलन करने का निर्णय लिया गया ! इस बैठक की अध्यक्षता संघ के दाउदनगर प्रमंडलीय अध्यक्ष रविन्द्र कुमार ने की ! इनके अलावा इस बैठक को मौसमी कर्मचारी संघ के राज्याध्यक्ष-जयराम सिंह,राजकेश्वर राम, रविन्द्र सिंह,ब्रजेश कुमार,नन्हे यादव,गुड्डू निषाद,कमलेश मल्लाह,छोटन बैठा,हरिनंदन पासवान,इत्यादि मौसमी कर्मियों ने भी संबोधित किया .

# डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी के चौथे काव्य-संग्रह 'उस पार क्षितिज के जाना है' का लोकार्पण तथा शब्दाक्षर काव्यानुष्ठान सफलतापूर्वक सम्पन्न.

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल.**

गया (बिहार)- हिन्दी दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय साहित्यिक संस्था 'शब्दाक्षर' के मंच पर गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के अंग्रेजी विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर तथा शब्दाक्षर की राष्ट्रीय प्रवक्ता सह प्रसारण प्रभारी डॉ. कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के चौथे काव्य-संग्रह 'उस पार क्षितिज के जाना है' का रविवार 10 सितंबर को यहां लोकार्पण हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन तथा माँ शारदे के छात्राचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। वात्सली निर्भया शक्ति की संस्थापिका सत्यवती गुप्ता के नेतृत्व में पधारे नन्हे-मुन्हे बच्चों ने मनमोहक मंगलाचरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने 'उस पार क्षितिज के जाना है' में प्रकाशित सरस्वती वंदना "माँ वीणापाणि हमें, तुम अपनी शरण दे दो" की सुमधुर प्रस्तुति दी। तत्पश्चात डॉ रश्मि ने मंचासीन अतिथियों एवं गणमान्य साहित्यसेवियों का स्वागत शॉल प्रदान करके किया। कार्यक्रम अध्यक्ष वरिष्ठ पत्रकार कौशल किशोर त्रिवेदी, मुख्य अतिथि प्रो. नीरज कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रो. दीनानाथ, प्रो. प्राणेश कुमार सिन्हा, प्रो. मनीष सिन्हा, डॉ. रामकृष्ण मिश्र, प्यारचन्द कुमार मोहन, शब्दाक्षर बिहार प्रदेश अध्यक्ष प्रो. मनोज कुमार मिश्र 'पद्मनाभ', डॉ वीरेन्द्र कुमार, प्रसिद्ध गीतकार कन्हैयालाल मेहरवार, वरिष्ठ पत्रकार कंचन कुमार सिन्हा एवं रवि प्रकाश ने डॉ. रश्मि की चतुर्थ काव्य कृति 'उस पार क्षितिज के जाना है' का सामूहिक लोकार्पण किया। हिन्दी साहित्य को उत्कृष्ट रचनाओं से समृद्ध करने की दिशा में डॉ. रश्मि द्वारा किये जा रहे सतत प्रयत्नों की प्रशंसा करते हुए अपने संबोधन में मंचासीन अतिथियों ने डॉ रश्मि को हिन्दी साहित्य जगत में उनकी नयी कृति के आगमन के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। डॉ रश्मि ने स्वागत वक्तव्य प्रस्तुत करते हुए लोकार्पित पुस्तक का प्राक्कथन पढ़ा। उन्होंने



पुस्तक में संकलित कविता 'देखो क्षितिज बुलाता है' एवं 'उस पार क्षितिज के जाना है' का ओजमय पाठ किया। उन्होंने कहा, "भय त्याग, नींद से जाग, मुझे उस पार क्षितिज के जाना है। जीवन अमर बना दे जो, वह रत्न ढूंढकर लाना है।।"काव्य सत्र में मंचासीन अतिथियों एवं गया, जहानाबाद, औरंगाबाद, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर आदि जिलों से आमंत्रित कवि/कवयित्रियों ने विभिन्न समसामयिक विषयों पर स्वरचित कविताओं का पाठ किया। काव्यानुष्ठान की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार डॉ रामसिंहासन सिंह ने की। काव्य सत्र में डॉ. रामसिंहासन सिंह, जनकवि सुरेंद्र सिंह सुरेंद्र, मनोज कुमार मिश्र, कन्हैयालाल मेहरवार, खालिक हुसैन परदेसी, मणिकांत कौशल, अजय कुमार (वैद्य), महेश कुमार मिश्र मधुकर, पंकज कुमार अमन, नंदन कुमार, धनंजय जयपुरी, विनय मामूली बुद्धि, अनुज बेचैन, नागेंद्र केसरी, अनिल अनल, मणिकांत कौशल, पंकज मिश्र, कुमार आर्यन, सागर आनंद, धनंजय जयपुरी, रामबिलास सिंह, मिथिलेश मिश्र दर्द, सहज कुमार, प्रवेश कुमार, संतोष क्रांति, रामानंद सिंह यादव, विनोद कुमार सिन्हा ने एक से बढ़कर हृदयस्पर्शी रचनाओं का पाठ किया। लोकार्पण सत्र का संचालन मनोज मिश्र ने तथा काव्यानुष्ठान सत्र का संचालन स्वयं डॉ रश्मि ने किया। मौके पर लाल जी प्रसाद, अनीला सिन्हा, मुद्रिका सिंह, रवि प्रकाश, अश्विनी कुमार, प्रमोद कुमार आदि की भी उपस्थिति रही। गौतम बुद्ध महिला कॉलेज की छात्रा श्रेया, अन्या, तान्या, लवली, शिल्पा, प्रतिज्ञा, हर्षिता आदि सहित डेढ़ सौ से अधिक साहित्यसेवियों ने अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करायी।

गया जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन के संरक्षक वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. राधानंद सिंह ने पुणे, महाराष्ट्र से डॉ रश्मि की साहित्यिक सक्रियता एवं उपलब्धियों पर गर्वबोध जताते हुए डॉ रश्मि के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की हैं। डॉ राधानंद सिंह के अनुसार, डॉ रश्मि का सम्मान गया की साहित्यिक -सांस्कृतिक सर्जना का सम्मान है। शब्दाक्षर के राष्ट्रीय अध्यक्ष रविप्रताप सिंह ने डॉ. रश्मि की साहित्यिक सक्रियता की सराहना करते हुए उनके चौथे काव्य संग्रह के लोकार्पण हेतु सम्पूर्ण शब्दाक्षर परिवार' की ओर से बधाइयाँ और शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# औरंगाबाद जिला का नाम देव करने हेतु आक्रोश पूर्ण प्रदर्शन ।

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

**प्रदर्शन के पश्चात किंकर नाट्य कला मंच में विशाल धरना ।**

**सूर्य भगवान को मांग पत्र समर्पित कर जनप्रतिनिधियों को सद्बुद्धि देनें की ,की गई मांग ।**

उक्त मांग आज जनेश्वर विकास केंद्र के बैनर तले प्रर्दशन एवं धरना के माध्यम से किया गया । सर्व प्रथम महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी के नेतृत्व में एक प्रदर्शन सूर्य मंदिर से गोदाम तक तक निकाला गया । इसमें जिले का नाम देव करने का नारा लगातार लगता रहा । तत्पश्चात नाट्य कला मंच देव मे धरना में परिवर्तित हो गया । धरने की अध्यक्षता डा राजेन्द्र प्रसाद ने की जबकि संचालन डा महेंद्र ने किया। महोत्सव पुरुष सिद्धेश्वर विद्यार्थी जी नें कहा कि देव एक पौराणिक, ऐतिहासिक और धार्मिक पर्यटक स्थल है ।इसकी महिमा देश दुनिया में फैली हुई है। इसके बावजूद इस स्थल का न तो अपेक्षित विकास हुआ है और ना महत्व ही दिया गया है । दुखद पहलू यह है कि इससे भी कम महत्व वाले कई जगहों को महत्व देने हेतु जिलों का नाम उस जगह के नाम रखा गया है। जैसे रोहतास किले के नाम पर जिले के नाम रोहतास रखा गया है जबकि इसका मुख्यालय सासाराम है। कैमूर पर्वत श्रृंखला के नाम पर जिले का नाम कैमूर रखा गया है जबकि इसका मुख्यालय भभुआ रखा गयाहै । राजा भोज के नाम पर जिले के नाम भोजपुर रखा गया है जब किसका मुख्यालय आरा में है। ऐतिहासिक स्थल वैशाली के नाम पर जिले का वैशाली रखा गया है जबकि इसका मुख्यालय हाजीपुर में है। इस तरह ऐतिहासिक स्थल नालंदा के नाम पर जिले का नाम नालंदा रखा गया है जब किसका मुख्यालय बिहार शरीफ है । अपने जिले में भी ऐतिहासिक गढ़ कुटुंबा के नाम पर प्रखंड का नाम कुटुम्बा है जबकि इसका मुख्यालय अंबा में है ।इसी आधार पर औरंगाबाद जिला की पहचान और पौराणिक स्थल देव के नाम होना चाहिए था परंतु तत्कालीन जनप्रतिनिधियों के उदासीन रवैया के कारण ऐसा नहीं हो पाया ।अब जब जागरूक जनता 1992 से औरंगाबाद जिले का नाम देव करने हेतु आंदोलनरत है तो वर्तमान जनप्रतिनिधियों का भी सहयोग नहीं मिल रहा है जिससे आम जन में भारी आक्रोश है । जनेश्वर विकास केन्द्र के अध्यक्ष रामजी सिंह , उमगा महोत्सव के अध्यक्ष संजय सिंह, कोषाध्यक्ष लंदन सिंह, बिहिप नेता सुरेश पाठक , पूर्व हेडमास्टर रामधारी सिंह एकबाल अहमद, अधिवक्ता रामाश्रय पांडे, यशवंत कुमार , कृष्णा दुबे , बलिराम चंद्रवंशी , रवी प्रकाश ने अपने संबोधन में कहा कि यह आंदोलन 1992से चल रहा है । यदि जनप्रतिनिधियों का सहयोग मिलता और उनके द्वारा विधानसभा और लोकसभा में आवाज उठाई जाती तो अबतक जिले का नाम देव हो गया होता । परन्तु वे आज भी इस मांग के प्रति उदासीनता बरत रहे हैं जो दुखद है । अध्यक्षीय भाषण में डा राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि देशवासियों को इस मांग के लिए आगे आना होगा और इस प्राथमिकता के आधार पर जनप्रतिनिधियों के समक्ष उठना होगा तभी यह मांग पुरा हो सकता है ।धरना के अंत में कार्यक्रम संयोजक दीपक गुप्ता के नेतृत्व में एक मांग पत्र भगवान भाष्कर के समक्ष समर्पित किया गया । उक्त मांग पत्र के माध्यम से भगवान सूर्य से मांग किया गया कि इस मांग पर स्वयं कृपा बनाये रखें तथा जिले के जनप्रतिनिधियों को सद्बुद्धि प्रदान करें कि वे इस मांग को विधानमंडल और लोक सभा में पारित कराकर गृह मंत्रालय भेजनें मे सहयोग प्रदान करें ।तभी जिले का नाम देव हो सकेगा।

उपरोक्त धरना प्रदर्शन में जनेश्वर विकास केंद्र के अध्यक्ष रामजी सिंह, सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, पूर्व अध्यापक रामधारी गुरूजी, डॉ राजेंद्र प्रसाद, दीपक गुप्ता,कृष्णा दुबे,महेंद्र हार्ड,उपेंद्र यादव,बलिराम सिंह चंद्रवंशी,किरण देवी,रत्नेश सिंह,निर्मल सिंह, अनिल सिंह,मदनपुर से आये हुए क्रन्तिकारी सदस्य विजय सिंह,ललन सिंह,संजय सिंह, अभय सिंह,रतन तिवारी, दिलीप सिंह,प्रमोद सिंह, एडवोकेट रामाश्रय पाण्डेय, यशवंत सिंह, रवि रंजन प्रकाश आदि थे ।

# गलियों में कीचड़युक्त जलजमाव से ग्रामीण परेशान, स्थानीय विधायक से लगाई गुहार।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा, प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहर)गोह प्रखंड के अमारी पंचायत अंतर्गत महदीपुर वार्ड संख्या (12) में सड़क पर कीचड़युक्त जलजमाव से ग्रामीणों को काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है ।तो वहीं स्कूली बच्चों को पठन पाठन के लिए विधालय जाने में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है ।गांव में विकास के नाम पर ढिंढोरा तो पीटा जाता है। लेकिन धरातल पर विकास का कार्य नजर नहीं आता है। गांव की भोली-भाली जनता पंचायत चुनाव में अपने मत का प्रयोग कर मुखिया तो चुन लेता हैं, पर सही उम्मीदवार का चयन नहीं कर पाता हैं ।जिसका खामियाजा पंचायत के ग्रामीणों को झेलना पड़ता है।

बहुत विश्वास के साथ ग्रामीण एक एक वोट देकर मुखिया को चयन करता है। ताकि हमारे गांव का विकास हो , पर यहां उल्टे सरकारी धन के बंदरबांट करने में स्थानीय जनप्रतिनिधि लगे हुए हैं। जिसके परिणाम स्वरूप इस गांव की हालत



दयनीय है। महदीपुर बाजार जाने वाली मुख्य सड़क नालियों के अभाव में कीचड़ में तब्दील हो चुकी है। गांव वालों का इसी कीचड़ युक्त मार्ग से रोज आना जाना बना रहता है। इस गांव के अर्जुन विश्वकर्मा, बैजू विश्वकर्मा, मुकेश चौधरी, नेपाली, जगदीश साव, नरेश साव, अमरेन्द्र ठाकुर आदि ने बताया कि करीब 7 साल पहले निर्माण यह सड़क बदहाली का शिकार हो चुकी है। नालि निर्माण नहीं होने से घरों का पानी इसी सड़क पर भर जाता है। इस सड़क का पीसीसी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। वहीं सड़क बड़े-बड़े गड्ढे में तब्दील हो चुका है। कीचड़ युक्त यह सड़क अब इस गांव की पहचान बन चुकी है। यहां के लोगों ने इस सड़क व नाली निर्माण को बनवाए जाने की मांग स्थानीय विधायक भीम यादव से किया है ।गोह विधायक ने मुखिया को ग्रामीण की समस्यायों के बारे में जानकारी दी है। लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी मुखिया के द्वारा इस कार्य के लिए कोई सुनवाई नहीं हुई।

# कुटुंबा प्रखंड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में जन कल्याण की भावना से पथ प्रदर्शक संस्था ने निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का किया आयोजन

**दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद वरीय संवाददाता मगध प्रमंडल**

औरंगाबाद (बिहार )- औरंगाबाद जिला अंतर्गत कुटुम्बा प्रखंड के सुदूरवर्ती क्षेत्र में जनकल्याण की भावना से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया ।नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल,जमुहार के सौजन्य से औरंगाबाद की संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा डुमरी पंचायत के डुमरी गांव में शिविर आयोजित किया गया नेत्र जांच शिविर में बावन विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे बच्चियों सहित ग्रामीण महिला पुरुषों का नेत्र परीक्षण किया गया ।नेत्र जांच में बारह लोगों में मोतियाबिंद ऑपरेशन लायक पाया गया,जिनका ऑपरेशन एनएमसीएच में कराया जायेगा ।पीड़ित मानवता के प्रति समर्पित संस्था पथ प्रदर्शक के सचिव रक्तसेवक बमेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि जन कल्याणकारी कार्यों के लिए हमारी संस्था हमेशा तत्पर रहती है



और नारायण मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल जमुहार का सहयोग भी हमेशा मिलता रहा है। बमेंद्र ने कहा कि सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्ग अपनी आंखों का इलाज कराने शहर और अस्पताल नही पहुंच पाते इसलिए ऐसे क्षेत्रों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन शुरू किया गया है ।आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों को भी बमेंद्र ने जागरूक कर योजना का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया ।मुख्य रूप से रक्तदान क्षेत्र में सेवा देने वाली संस्था पथ प्रदर्शक द्वारा इन दिनों आयुष्मान आपके द्वार अभियान शुरू कर लाभुकों को जागरूक किया जा रहा है नेत्र जांच शिविर को सफल बनाने में डुमरी में कई वर्षों से बच्चों को निःशुल्क शिक्षा दे रहे शिक्षक नंदन ठाकुर का काफी सहयोग रहा ।शिविर में एनएमसीएच की डॉ सन्ना प्रवीण,टेक्नीशियन मनीष कुमार, ज्योति कुमारी,अरविंद कुमार,उमेश कुमार सिंह,पवन कुमार,अभिषेक कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे.

# राष्ट्रीय लोक अदालत का बढ़ते दायरा पर सहयोगी को जिला विधिक सेवा प्राधिकार औरंगाबाद के अध्यक्ष और सचिव ने दी बधाई

**दैनिक समाज जागरण,अनिल कुमार मिश्राश, ब्यूरोचीफ, बिहार -झारखंड प्रदेश।**

बिहार प्रदेश,10 सितंबर 2023 :- बिहार प्रदेश के औरंगाबाद जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत हर बार अपनी ही रिकॉर्ड तोड कर नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है जिससे व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद अवस्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार में खुशी की लहर दौड़ गई है , जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष जिला जज सम्पूणानंद तिवारी और सचिव एडीजे प्रंनव शंकर ने रिकॉर्ड सफलता के लिए जिला विधिक संघ औरंगाबाद , प्रशासनिक अधिकारियों, सभी बैंकों के अधिकारियों, सभी बीमा कंपनियों, अधिवक्ताओं, पक्षकारो, मीडियाकर्मियों और सुरक्षाकर्मियों को बधाई दी और इसी जोश और उत्साह से इस वर्ष के आखिरी दिसंबर में लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी शुरू करने को कहा है,। उपरोक्त आशय की जानकारी देते हुए पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही



ने बताया कि इस वर्ष में अब तक लगे तीन राष्ट्रीय लोक अदालत हर बार अपनी ही रिकॉर्ड तोड कर नया कीर्तिमान स्थापित कर रही है । इस वर्ष विश्वास से भी अधिक वादों का निष्पादन हो चुका है, जो जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अध्यक्ष और सचिव के अथक मेहनत और प्रयास से सम्भव हो पाया है, अधिवक्ता ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में इस वर्ष कुल रिकार्ड 6745 वादों का निष्पादन और 23.14 करोड़ का सेटलमेंट हो चुका है सबसे बड़ी उपलब्धि यह है कि इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत में व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद के सुलहनीय अपराधिक 350 मामले का निष्पादन किया गया था दुसरी लोक अदालत में यह संख्या 389 जा पहुंचा जो रिकॉर्ड था, जिसे तीसरी लोक अदालत ने तोड़ते हुए 446 तक जा पहुंचाया है अब पारिवारिक मामले, एम भी वाद, चेक वाउंस वाद के पक्षकर भी लोक अदालत में वाद निष्पादन में रूचि ले रहे हैं।

# भारतेंदु जी हिंदी नवजागरण के अग्रदूत थे:

**दैनिक समाज जागरण अविनाश कुमार जिला संवाददाता औरंगाबाद बिहार**

आज स्थानीय अधिवक्ता संघ भवन के सभागार में हिंदी सप्ताह समारोह के अंगीभूत एक महान और यशस्वी साहित्यकार भारतेंदु हरिश्चंद्र की जयंती समारोह आयोजित किया गया। जनेश्वर विकास केंद्र के तत्वधान में आयोजित समारोह की अध्यक्षता नगर के चर्चित समाजसेवी लालदेव प्रसाद तथा इसका संचालन शिक्षक अरुण कुमार ने की ।सर्वप्रथम साहित्य सेवियों ने महाकवि भारतेंदु के छायाचित्र पर माल्यार्पण किया ,तत्पश्चात अध्यक्ष के अतिरिक्त, सचिव वरीय अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी, साहित्य-सेवी डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र, कवि लवकुश प्रसाद सिंह से,साहित्य प्रेमी रामकिशोर सिंह ,रामजी सिंह जयनंदन पांडेय, पूर्व प्रखंड पदाधिकारी कमलेश कुमार सिंह , प्राचार्य सुरजपत सिंह आदि व्यक्तियों ने समवेत रूप से दीप जलाकर इसका विधिवत उद्घाटन किया गया। संचालक श्री अरुण कुमार सिंह ने संचालन क्रम में ही सर्वप्रथम इसके विषय प्रवेश का कार्य संपन्न किया। अपने उद्बोधन क्रम में कवि राम किशोर सिंह ने कहा कि भारतेंदु जी सचमुच युग के चारण थे गुलाम भारत की आत्मा को झकझोरते हुए उन्होंने जागरण का मंत्र फूंका ।साथ ही अपने नाटक ,कविता , कहानियों के माध्यम से एक नई चेतना पैदा की। अपने उद्बोधक क्रम में डॉ सुरेंद्र प्रसाद मिश्र ने कहा कि रीतिकालीन श्रृंगार परक विताओं से विलग हटकर भारतेंदु जी ने एक नई लीक लगायी और समाज, राष्ट्र और जातीय





स्वाभिमान को ऊर्जा देने के लिए साहित्य रसायन उपलब्ध कराया। उन्होंने अपनी विपुल अमर रचनआओ के माध्यम से अंग्रेजों की दमनकारी ,शोषणपूर्ण नीति का खुलकर विरोध किया ।साथ ही अंग्रेजभक्त भारतीयों की भी खूब खबर ली। इसी क्रम में कवि लव कुश प्रसाद सिंह ने अपने पद्य के माध्यम से भारतेंदु को श्रद्धा सुमन अर्पित किए । वहीं राम जी सिंह नेअंधेर नगरी नाटक के माध्यम से शासक वर्ग की अदूरदर्शिता का रेखांकन किया कार्यक्रम के आयोजक एवं सचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने भारतेंदु को एक बहुमुखी प्रतिभा संपन्न साहित्यकार के रूप में चित्रित करते हुए उनके नाम से भारतेंदु युग के औचित्य पर विस्तृत प्रकाश डाला। विश्व हिंदी परिषद के श्री जय नंदन पांडेय , राम सुरेश सिंह, अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष संजय सिंह , वीरेंद्र कुमार सिंह ने भी भारतेंदु को एक सफल पत्रकार ,नाटककार, एवं कवि के रूप में श्रद्धा निवेदित किये। रामजी सिंह ,अनिल कुमार सिंह, बिनोद मालाकार ने भारतेंदु जी को एक सहदय दानी और साहित्यकारों के शिल्पकार के रूप में उद्धृत किया , । तत्पश्चात अध्यक्ष लालदेव प्रसाद ने अध्यक्षीय भाषण देते हुए भारतेंदु हरिश्चंद्र को हिंदी का पितामह बताया

अंत में शिव शिष्य पुरुषोत्तम पाठक ने आगत अतिथियों के सम्मान में धन्यवाद ज्ञापन किया इस साहित्यिक आयोजन में जिनकी गरिमामयी उपस्थिति बनी रही उनमें भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह अधिवक्ता अजीत कुमार सिंह , गिरजेश नारायण सिंह, अरुण कुमार सिंह, लालमोहन यादव, सुरेंद्र मेहता , सत्यचंडी महोत्सव उपाध्यक्ष अरुण कुमार सिंह भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह आदि प्रमुख प्रमुख थे। अंत में अध्यक्ष उद्बोधन के बाद ही सभा समाप्ति की घोषणा की गई

# मानवता का परिचय देते रक्तवीर योद्धा कमिटी ने ब्लड देते बचाया बुजुर्ग की जान

**दैनिक समाज जागरण गौतम कुमार , अनुमंडल संवाददाता दाउदनगर**

औरंगाबाद (बिहार) मानव मानव एक समान , मानवता की यही पहचान ।जिसका जीवन करे कल्याण , वैसे योद्धाओं को मिले राष्ट्र सम्मान। इस वक्त हसपुरा प्रखंड क्षेत्र के यूवाओं में एक जुनून है। जो किसी भी व्यक्ति के जीवन को बचाने के लिए रक्तदान में हमेशा हीं तत्पर रहते हैं। जिसकी मिसाल रविवार को देखने को मिला है ! रक्तवीर योद्धा कमिटी के सदस्यगण ने 16 सितम्बर को होने



वाले सम्मान समारोह की तैयारी में व्यस्त हैं। एक बुजुर्ग व्यक्ति की हीमोग्लोबिन कम होने पर जान की आफत आ गई। जिससे ब्लड की आवश्यकता को लेकर कमिटी से सम्पर्क किया गया तो कमिटी के अध्यक्ष राजू भारती , सचिव अनीश केशरी , जयप्रकाश , रिशु गुप्ता ने मरीज के घर जाकर स्थिति का जायजा लिया और खुद अध्यक्ष राजू भारती ने अपना ब्लड डोनेट किया ! कमिटी का अथक प्रयास रहता है की किसी भी क्षेत्र से पीड़ित को ब्लड को लेकर फोन आये तो पहले कन्फर्म करते हैं, इसके बाद मदद करते हैं ! ब्लड मिलने पर मरीज के परिजन पूरे कमिटी का आभार प्रकट किए तथा खुशी जताते हुए कहा की हमलोगों को ऐसे युवाओं पर गर्व होना चाहिए । साथ में इनलोगों को दिल से स्पोर्ट करना चाहिए !

# फरार चार एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार, भेजा गया जेल।

**दैनिक समाज जागरण कुमारी जिज्ञासा , प्रखंड संवाददाता गोह**

औरंगाबाद (बिहार)गोह थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार चल रहे चार एनबीडब्ल्यू वारंटी को गिरफ्तार कर थाना लाया है। गिरफ्तार वारंटी थाना क्षेत्र के पाली गांव निवासी सतेन्द्र यादव , रंजन यादव , रविन्द्र यादव एंव उपेन्द्र यादव को गुप्त सूचना पर छापेमारी कर शनिवार को गिरफ्तार किया गया हैं। थानाध्यक्ष कमलेश पासवान ने बताया कि उक्त सभी व्यक्ति के विरुद्ध कोर्ट से अजमानतीय वारंट निर्गत था ।मामले में आवश्यक कागजी कार्रवाई के बाद रविवार को न्यायालय में भेज दिया है।

# कांग्रेस के पूर्व मंत्री ने किया कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के गांवों का दौरा

**दैनिक समाज जागरण, विजय कुमार सिंह संवाददाता कुटुंबा प्रखंड**

औरंगाबाद (बिहार)10 सितंबर 2023 :- कांग्रेस पार्टी के औरंगाबाद जिला प्रभारी सह पूर्व मंत्री अवधेश कुमार सिंह ने रविवार को कुटुंबा विधानसभा क्षेत्र के संडा, डिहरी, झखरी, महाराजगंज आदि गांव का दौरा किया और लोगों को पार्टी



के नीति एवं सिद्धांतों से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार के खिलाफ तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि आज देश में हिंदू-मुस्लिम और जात-पात का द्वेष फैलाकर देश को तोड़ा जा रहा है। इसलिए आने वाले समय में सभी लोगों को मिलकर मोदी सरकार को उखाड़ फेंकना होगा और इंडिया गठबंधन का सरकार बनाना होगा। तभी देश सुरक्षित बचेगा। इस अवसर पर कुटुंबा विधानसभा अध्यक्ष अजय तिवारी, जिला अध्यक्ष आशुतोष सिंह, एससी एसटी प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अजय राम, राम प्रमोद सिंह, प्रखंड अध्यक्ष डुमरिया राजेंद्र सिंह, उदय सिंह, लक्ष्मण सिंह, रविकांत, रौशन, राजेश्वर सिंह, सूर्य देव यादव आदि लोग उपस्थित थे।

# बौद्धिक विचार मंच नबीनगर की बैठक संपन्न लिए गए कई निर्णय

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 10 सितंबर 2023 आज नबीनगर न्यू एरिया बस स्टैंड



स्थित इंद्रमणि निवास मे बौद्धिक विचार मंच का बैठक अखिलेश्वर प्रसाद सिंह की आध्यक्षता मे किया गया। बैठक मे कई तरह के निर्णय लिए गए ।मंच के अध्यक्ष अखिलेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि मंच का गठन 2017 मे ही किया गया था परंतु बाद मे कोरोना काल से शिथिलता आ गई। अध्यक्ष ने यह भी बताया कि बौद्धिक विचार मंच पूरी तरह सामाजिक, जनकल्याणकारी एवम गैर राजनैतिक संस्था है ।आज की बैठक मे मुख्य रूप से संस्था का निबंधन कराने और सदस्यता बढ़ाने पर विचार किया गया।

बैठक मे मंच के उपाध्यक्ष प्रो चंद्रदीप सिंह, सचिव पूर्व मुखिया बलराम सिंह उर्फ भोला सिंह,कोषाध्यक्ष हाजी मास्टर मुस्ताक अहमद,सदस्य प्रो जयनारायण सिंह, अवधेश प्रसाद सिंह, रामजनम सिंह, सुनील चंद्रवंशी,मोहन प्रजापति, मो रफीक खलीफा एवम सोना प्रसाद उपस्थित थे।

# नगर पंचायत नबीनगर मे भाजपा नगर मंडल ने मेरा माटी मेरा देश अभियान चलाया

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार) 10 सितंबर 2023 भाजपा ने आज नगर मंडल अध्यक्ष मुकेश कुमार साहू के नेतृत्व में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी शक्ति केंद्र और



पंडित दीनदयाल उपाध्याय शक्ति केंद्र पर मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत नगर पंचायत के ग्राम खरौंधा एवम गुर्दी मे घर-घर मिट्टी संग्रह कार्यक्रम चलाया । ज्ञात हो कि संग्रह किए गए मिट्टी को देश के लिए शहीद हुए बलिदानों के याद में बनाए जाने वाले में दिल्ली के कर्तव्य पथ पर अमृत उद्यान मे मिट्टी पर लगाया जाएगा। इस कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी विशाल वैभव उर्फ टैगोर जी, नबीनगर विधानसभा के बी एल ए1 वीरेंद्र सिंह, शमशेर नगर महामंत्री संजय शर्मा, नगर उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह , नगर महामंत्री मुन्ना सिंह, नगर मंत्री नारायण पाल, शक्ति के प्रमुख सिंटू कुमार, मोनू सिंह, डॉ चितरंजन सिंह, मोहित सिंह सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सिधु कान्हू बिरसा मुंडा स्पोर्टिंग क्लब तिलैया में पांच दिवसीय फुटबॉल टूनार्मेंट का उद्घाटन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड) 10 सितम्बर 2023:- बिष्णुगढ़ प्रखंड के गाल्होवार पंचायत के अंतर्गत तिलैया में रविवार को सिधु कान्हू बिरसा मुंडा स्पोटिंग क्लब के द्वारा पांच दिवसीय फुटबॉल टूनामेंट का शुभारंभ किया गया।

पंचायत के मुखिया मंजू देवी, मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा, पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि लखन महतो, उप मुखिया इरफान अंसारी, राम जी किस्कू, समाजसेवी डॉ० छोटेलाल महतो, विश्वनाथ महतो, पंसस गणेश साव , वार्ड सदस्य बासो देवी, संतोष मुर्मू, रामलाल महतो के द्वारा संयुक्त रूप से शुभारंभ मैच का उद्घाटन फिता काटकर और बॉल को क्विक मारकर किया गया। उद्घाटन मैच सतमरवा बनाम तिलैया के बिच खेला गया। जिससे तिलैया के टीम प्लेंटीशूटआउट के माध्यम 0-1 से बढ़त बनाकर इस प्रकार आगे के खेल में जगह बना लिए । इस अवसर पर उद्घाटन मैच के दोनों टीमों को मुखिया मंजू देवी पति-मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा के द्वारा एक - एक सेट जर्सी और फुटबॉल वितरण किया। इस अवसर पर मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि खेल से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य विकसित होता है. उन्होंने खेल को एकता का प्रतीक बताते हुए सभी खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया। सुदूरवर्ती



क्षेत्र में इस तरह के खेल का आयोजन होने से ग्रामीण स्तर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को निखार सके।अध्यक्ष - धनीराम मांझी सचिव - सोनाराम हेम्ब्रोम कोषाध्यक्ष - लालचन्द हेम्ब्रोम उपाध्यक्ष - कन्हाय महतो उप सचिव - कार्तिक तुरी उपकोषाध्यक्ष - रमेश किस्कू,रामजीद किस्कू, छकन महतो, दौलन महतो, टिपन साव, सोमर सर, ईश्वर महतो, नेमचन्द महतो, समिम अंसारी, गणेश महतो, कर्मचन्द किस्कू, चिन्तामन महतो, हेमलाल महतो, कैलाश महतो, लघु किस्कू, बहरा मांझी, कर्मा मांझी, कैला मुर्मू, फलेन्द्र सर, कैला तुरी, सरजू तुरी, छोटो हेम्ब्रम, फत्तू मुर्मू, कारू हेम्ब्रम, कन्हाय महतो, बासदेव हेम्ब्रम, रीतलाल किस्कू, जादू चरण महतो, साधारम हेम्ब्रम टिम सदस्य - रामलाल किस्कू (टिम कोच), छोटेलाल किस्कू (टिम मैनेजर), नरेश किस्कू (कैप्टन), त्रिभुवन मुर्मू, सुनिल हेम्ब्रम, कर्मचन्द मुर्मू, सिकारी मुर्मू, मुकेश किस्कू, राजेश किस्कू, बिरजा मुर्मू, फूलचन्द बेसरा, गणेश किस्कू, राम किशोर मुर्मू, राजेन्द्र हेम्ब्रम संदीप किस्कू, राहुल तुरी, भुनेश्वर तुरी, लल्कू तुरी, छोटे तुरी, शंकर किस्कू, उमेश किस्कू, संजय सोरेन, सुखदेव हेम्ब्रम,गुणाराम हेम्ब्रम इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# पूर्व विधायक नागेन्द्र महतो ने फुटबॉल टूनार्मेंट का फाइनल मैच का किया उद्घाटन।

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड)10 सितम्बर 2023 :- बगोदर विधानसभा क्षेत्र विष्णुगढ़ प्रखंड के मडमो गांव में न्यू सनराइज क्लब मडमो द्वारा आयोजित फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल मैच का उद्घाटन बगोदर पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो ने फुटबॉल को किक मारकर किया। उद्घाटन के पूर्व अतिथि सभी खिलाड़ी से एक एक कर परिचय प्राप्त किया। फाइनल मुकाबला में कुरकपनिया और जोबर दोनों ही टीम के बीच खेला गया जो बहुत ही रोमांचक देखने को मिला,मैदानी गोल में दोनो टीमें बराबर रही। फिर पेनाल्टी शूटआउट के माध्यम से फाइनल मुकाबला का नतीजा निकाला गया। जिसमें पांच - पांच पेनाल्टी शूटआउट में कुरकपानिया की टीम 4-2 के स्कोर के साथ विजेता तथा जोबर की टीम उपविजेता रहा। फाइनल पहुंचें कुरकपानिया और जोबर के खिलाड़ियों का हौसला अफजाई करते हुए पूर्व विधायक श्री नागेन्द्र महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के



टूनामेंट के आयोजन होने से खिलाड़ीयों का मनोबल ऊंचा होता है साथ ही छुपी हुई प्रतिभा सामने आती है। पूर्व विधायक ने आयोजक मंडली को बधाई एवं शुभकामनाएं दिए।

इस फाइनल मुकाबला में विशिष्ट अतिथि श्री भुवनेश्वर पटेल, सुखदेव महतो, मुखिया श्रीमती कुन्ती कुमारी,पंचायत समिति सदस्य, बहाराम हांसदा, उप मुखिया श्रीमती पुनम कुमारी,पंचायत समिति सदस्य प्रकाश साव, कैलाश महतो नेता जी ,धानेश्वर महतो( छक्क), फुलचन्द पटेल,पंकज कुमार ,घनश्याम महतो,भेखलाल महतो,डेगलाल महतो,टहल महतो,मनोज सर लोकेश कुमार, लाखेन्द्र महतो,राजेन्द्र कुमार महतो,निलेश कुमार, राजेश कुमार, मनोज कुमार,संतोष महतो,अर्जुन महतो,रामानंद सिंह,अरविंद कुमार महतो,बिजय कुमार अनिलदेव रंजन, रामप्रसाद महतो,एंव हजारों संख्या में ग्रामीण शामिल थे

# मेरी माटी-मेरा देश कार्यक्रम के तहत अभियान चलाकर लोगों ने मिट्टी संग्रह किया।

**दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 10 सितम्बर 2023:- जिले के हंटरगंज प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत मे मेरी माटी, मेरा देश कार्यक्रम के तहत रविवार को अभियान चलाकर मिट्टी संग्रह किया गया।इस अभियान में पाण्डेयपुरा के भाजपा मंडल अध्यक्ष श्री सत्येंद्र कुमार सिंह,मेरी माटी,मेरा देश कार्यक्रम के मंडल प्रभारी मुन्ना सिंह,युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष संतोष साह, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष नरसिंह दत्त सिंह ने लोगों के घर-घर जाकर मिट्टी को संग्रह किया।इस अभियान को सफल बनाने में रंजीत माथुर, जगनरायण भारती, युगल पांडेय,मोनू कुमार,सनोज कुमार सहित अनेकों लोग शामिल थें '



# झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का हुआ बैठक।

**दैनिक समाज जागरण,आशुतोष कुमार तिवारी ब्यूरो चीफ**

चतरा (झारखंड) 10सितम्बर 2023 :- जिले के हंटरगंज प्रखंड के तेतरिया मोड़ (गोड़वाली) में रविवार को झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति का बैठक किया गया।बैठक कि अध्यक्षता दिलीप कुमार यादव एवम् संचालन प्रशांत कुमार सिंह के द्वारा किया गया जिसमें प्रखंड के सभी पंचायत के कार्यकर्ता उपस्थित हुए । बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया जिसमे मुख्य रूप से टाइगर जयराम महतो के विचारों को हर पंचायत, हर गांव एवम् जन-जन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।इस बैठक में क्षेत्र के चन्दारीक कुमार, अरुण कुमार वर्मा, प्रेमलाल कुमार महतो, अमरू महतो, मो. शहबाज खान, गोल्डेन कुमार, संदीप कुमार, संजय कुमार यादव, वकील यादव, राहुल कुमार यादव, धर्मेन्द्र कुमार, मंजीत कुमार, बासुदेव यादव, बिनोद यादव, सुमंत यादव एवं अनेकों क्रांतिकारी उपस्थित थे।



# गिरीडीह विधायक ने सुदूरवर्ती गांव में पिपराडिह , पाण्डेय डिह जाने वाली सड़क में फूल निर्माण का किया शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह ( झारखंड) 10 सितंबर 2023:- पीरटांड थाना क्षेत्र का इलाका सुदूरवर्ती गांव अंतर्गत मधुबन से पिपराडिह, पांडेडिह जाने वाली सड़क पर विधायक सुदीप कुमार सोनू ने पुल का शिलान्यास किया । बताया जाता है कि यह गांव यह रोड लगभग 17 गांव को जोड़ने वाली रोड है इस रोड से काफी लोगों का आवागमन नित्य होता है ग्रामीणों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी, गिरीडीह विधायक सुदीप कुमार सोनू ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अपने सोच समझकर इस रोड में पुल पास करवाया और आज शुभ शिलान्यास कर ग्रामीणों को संदेश दिया कि हम हर समय हर तरफ से ग्रामीण के



समस्याओं के साथ खड़ा हैं। लोगों ने उनकी काम की सराहना करते हुए अपने ओर से धन्यवाद दिया।

# चासम रवाड़ी धर्मशाला में आयोजित हुआ लाल सेना का मिलन समारोह

**दैनिक समाज जागरण**

बोकारो विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत चास प्रखंड में मरवाड़ी पंचायत धर्मशाला में लाल सेना के बैनर तले चास प्रखंड अध्यक्ष दीपक रजवार के नेतृत्व में आयोजित मिलन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए मार्क्सवादी युवा मोर्चा के केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह लाल सेना सुप्रीमों #कॉमरेड जगदीश रवानी जी और सभा को सम्बोधित करते हुए युवाओं में जोश भरने का काम श्री रवानी की लोकप्रियता से प्रभावित होकर सैकड़ो महिला पुरुषों ने लाल सेना की सदस्यता ग्रहण की जिनका स्वागत जगदीश रवानी ने माला पहनाकर किया।मौके पर लाल सेना के केंद्रीय सचिव श्री चैतु प्रसाद महतो,मासस के बोकारो जिला



अध्यक्ष दिलीप तिवारी, जिला सचिव गयाराम शर्मा, जिला उपाध्यक्ष वीरेन रजवार, बोकारो किसान संग्राम समिति के अध्यक्ष भागीरथ रजवार, लाल सेना के चंदनकियारी प्रखण्ड अध्यक्ष अभिमन्यु रजवार ,भीम रजक, लालमोहन रजवार, दिलीप ओझा, महावीर शर्मा, चीनीवास रवानी, और सैंकड़ो महिला पुरूष मौजुद थे।

# उपायुक्त हजारीबाग को पत्र दिए महज पांच दिन , तवरित कार्रवाई शुरू

**दैनिक समाज जागरण, घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

हजारीबाग (झारखंड )10 सितंबर 2023 :- बताया जाता है कि बिष्णुगढ़ मध्य जिला परिषद सदस्य शेख तैयब ने हजारीबाग उपायुक्त महोदय नैंसी सहाय को अपने क्षेत्र की विजली के समस्याओं के समाधान हेतु बिजली जरजर तार और पोल परिवर्तित करते हुए सुदृढ़ करने का मांग किए थे । जिस पर उपायुक्त महोदय के दिशा निर्देश में महज पांच दिनों के भीतर काम का गति देखने को मिला है आज क्षेत्र के लोगों के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है ,और ग्रामीणों ने इस कार्य को अति शीघ्र करवाने के चलते जिला परिषद का शुक्रिया धन्यवाद किया है बदले गए तार पौल की मांग बोदरा फिटर से अलपिटो बराई पंचायत के नउवाडिह , बरांय,छतरटांड , हेठली बोदरा , गैडा,पांडेडिह समेत आधा दर्जन गांव जो पुराना 11000 के तार और पौल थे । जिससे ग्रामीणों को बिजली मिलने में काफी परेशानी होती थी, बरसात के दिनों में लगातार गिर जाता था और जैसे तैसे फिर लोगों को व्यवस्थित करना पड़ता था आज नए तार पौल की उपलब्धता से लोग काफी खुश हैं इस पहल में माले प्रखंड सचिव जानकी शर्मा सामिल थे।



# नरेंद्र मोदी फैंस क्लब के द्वारा एंटी लार्वा का छिड़काव अभियान का हुआ शुभारंभ

**अभय कुमार मिश्रा, दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता, आदित्यपुर**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 10 सितंबर 2023:झनरेंद्र मोदी फैंस क्लब के द्वारा डेंगू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए एंटी लार्वा का छिड़काव अभियान का शुभारंभ किया गया ताकि कुछ हद तक डेंगू प्रकोप में कमी आ सके। यह अभियान आगे एक सप्ताह तक निरंतर चलते रहेगा।



इस अभियान में मुख्य रूप से, क्लब के संरक्षण सतीश शर्मा, जगदीश नारायण चौबे, बिनोद सिंह, सरोज सिंह, मोहन झा, अभिलाष मिश्रा, संजीव सिंह, अजित सिंह, रहीश , सत्यजीत साहू, राकेश त्रिपाठी, सुधाशु, संजय कुमार, अनिल पांडेय आदि उपस्थित थे।

# जे बी के एस एस ने गांव में चलाया जन जागरूक अभियान

**शशि भूषण महतो,दैनिक समाज जागरण, अनुमंडल संवाददाता(चांडिल)**

चांडिलः सराइकेला खरसावां जिला के चांडिल अनुमंडल क्षेत्र के ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत लावा/ चुनीडीह गांव में jbkss द्वारा जनाजागरूक अभियान चलाया गया। आज क्षेत्र बदलाव की राह पर है , लावा , चुनीडीह के ग्रामीणों के समर्थन से ये प्रतीत हुआ बदलाव निश्चित है ।वर्तमान सांसद , विधायक विधि कानून तो दूर की बात मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में भी नाकाम है। मौके पर उपस्थित गोपेश महतो , रहीदास गोप, मकर चंद्र लोहारा, खगेन चंद्र महतो , तारकेश्वर लोहारा पूर्ण शशि महतो , विमल प्रमाणिक , लक्ष्मण गोप, गणेश मछुआ ,फूलचंद महतो अनिरुद्ध दास, त्रिलोचन महतो , मुकेश महतो , शिवनाथ मछुआ , भवतारण महतो , श्यामसुंदर , साईनाथ , राधेश्याम , भुवनेश्वर , वीरेंद्र आदि उपस्थित थे



# बांग्ला भाषा के अस्तित्व की रक्षा के लिए महामार्च को सफल बनाने हेतु बैठक आयोजित की गई

**फुलचांद पारित, समाज जागरण, संवाददाता, नीमडीह**

नीमडीह (झारखंड), 10 सितंबर 2023 : झारखंड बांग्ला भाषा समन्वय संघ के आह्वान पर नीमडीह प्रखंड के रघुनाथपुर स्थित मुकुंद मेमोरियल पब्लिक स्कूल में ग्राम प्रधान महासंघ, झारखंड प्रदेश के उपाध्यक्ष बैद्यनाथ महतो की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक हुई। इस अवसर पर उपस्थित झारखंड बांग्ला भाषा समन्वय संघ के महासचिव संदीप सिन्हा चौधरी ने कहा कि अगर किसी जाति को मिटाना है तो सबसे पहले उसकी भाषा और संस्कृति को मिटाना होगा; यह एक सिद्ध तथ्य है। बिहार को बंगाल से अलग करना - उड़ीसा धालभूम और मानभूम के विशाल बंगाली भाषी क्षेत्रों को बंगाल से अलग करने और इसे बिहार में मिलाने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा था। उसी समय से इस क्षेत्र के बांग्लाभाषी घोर अभाव के शिकार हैं। अंग्रेजों के जाने के बाद भी बिहार सरकार ने उस वंचना को नियमानुसार जारी रखा। उस समय बिहार के स्थायी हितों का मानना था कि यदि इस विशाल क्षेत्र में बांग्ला भाषा और संस्कृति बरकरार रही, तो शायद भविष्य में इन सभी क्षेत्रों को बंगाल में विलय करने के लिए एक आंदोलन चलाया जाएगा। इसलिए उन्होंने दक्षिण बिहार के पूरे क्षेत्र को उत्तरी बिहार पर हावी रखने की योजना बनाई। गौरतलब है कि बिहार को तोड़कर झारखंड के गठन के पीछे बांग्लाभाषियों का पूरा समर्थन था और इसे हासिल करने के लिए बिहार के दक्षिणी हिस्से के बांग्लाभाषी अलग झारखंड राज्य के आंदोलन में कूद पड़े। संदीप सिन्हा चौधरी ने कहा कि 2000 में झारखंड अलग राज्य बनने के बाद से ही झारखंड के करीब 12 जिलों की बांग्ला भाषी आबादी के मन में यह उम्मीद जगी थी कि बांग्ला भाषा और संस्कृति अपने पुराने गौरव पर लौटेगी। लेकिन यह सोच बिल्कुल विपरीत हुआ। झारखंड की स्थापना के बाद से कई सरकारें सत्ता में आईं, लेकिन उन्होंने न केवल बांग्ला भाषियों की मांगों को नजरअंदाज किया, बल्कि स्थिति दिन-ब-दिन खराब होती गई। वर्तमान स्थिति के अनुसार, झारखंड राज्य में बांग्ला पढ़ने का कोई पाठ्यक्रम नहीं है। किताबों की छपाई पूरी तरह से बंद है।



शिक्षकों की भर्ती नगण्य है। पिछले कुछ वर्षों में बंगाली माध्यम के स्कूलों की जगह हिंदी माध्यम ने ले ली है। उन्होंने कहा कि झारखंड के जन्म के बाद से ही 'झारखंड बांग्ला भाषा समन्वय संघ' इस साजिश का विरोध करता रहा है और भाषा संस्कृति को बचाने और पुनर्स्थापित करने के लिए बांग्ला भाषी लोगों को संगठित करता रहा है।

सभा के अध्यक्ष बैद्यनाथ महतो ने कहा कि पिछली सरकार के पूर्ण असहयोग एवं अनिच्छा के कारण बहुसंख्यक बांग्ला भाषियों ने झारखंड में परिवर्तन का आह्वान किया। उस समय मिली व्यापक प्रतिक्रिया ने इस प्रयास को सफल बना दिया। नई सरकार बिल पर कुंडली मारकर बैठी है। एसोसिएशन के लोग कई बार मांग लेकर उनके पास पहुंचे लेकिन सरकार ने कोई ध्यान नहीं दिया। समय-समय पर याचिकाओं के मद्देनजर, बंगालियों ने महसूस किया है कि वर्तमान सरकार, मौखिक रूप से हमारी मांगों के प्रति सहानुभूति रखने के बावजूद, वास्तव में उदासीन है। वास्तव में नौकरशाही के एक वर्ग के कट्टर बांग्ला भाषी विरोध के कारण सरकार को ध्यान नहीं देने के लिए मजबूर होना पड़ा। इस पृष्ठभूमि में झारखंड बांग्ला भाषा समन्वय संघ राज्य के अल्पसंख्यक बांग्ला भाषी लोगों से एक बड़ा आंदोलन संगठित करने का आह्वान कर रहा है।

बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष नेपाल चंद्र दास ने कहा कि बांग्ला भाषियों की मुख्य मांगें हैं - कक्षा एक से 12वीं तक हर विषय में बांग्ला माध्यम में पाठ्यक्रम तैयार किया जाय। प्रत्येक विषय के लिए बांग्ला लिपि में पाठ्यपुस्तकों की पर्याप्त छपाई और वितरण की व्यवस्था की जानी चाहिए। 1990 के बाद से जितने भी बंगला माध्यम के स्कूल हिंदी माध्यम में परिवर्तित हो गए हैं, उन्हें पुनः बंगला माध्यम में परिवर्तित किया जाना चाहिए। बदली हुई व्यवस्था की आवश्यकताओं के अनुसार पर्याप्त बंगला शिक्षकों की नियुक्ति की जानी चाहिए। सरकारी निगरानी में बांग्ला अकादमी बनायी जाये। उन्होंने कहा कि उपरोक्त मांगों को लेकर 22 सितंबर 2023 को जमशेदपुर से राजधानी रांची तक विशाल मार्च का आयोजन किया जा रहा है। हम अपनी मांग सीधे मुख्यमंत्री के सामने रखेंगे और स्पष्ट शब्दों में सरकार की राय मांगेंगे। झारखंड के सबसे बड़े भाषा समूह बांग्ला भाषा-संस्कृति के अस्तित्व को बचाये रखने के लिए जोरदार आंदोलन जारी रखना होगा। इस अवसर पर विभूति भूषण महतो, अनुप कुमार महतो, विश्वनाथ मंडल, विजय दास, गणेश दास, प्रबीर पारित, सुशील महतो, धरनी दास, उदय, रंजीत मित्र, सुधीर कुमार योगी आदि उपस्थित थे।

# विजली की खम्भे में करेंट आ जाने से एक ब्यक्ति की मौके पर मौत

**दैनिक समाज जागरण , घनश्याम पाठक, ब्यूरो चीफ**

गिरिडीह (झारखंड) 10 सितम्बर 2023 :- बगोदर प्रखंड के ग्राम तिरला अंतर्गत पुरनाड़ीह मोहल्ले के निवासी चेतलाल महतो की मृत्यु बिजली के खंभे में उत्पन्न करंट के चपेट में आने से हो गई। घटना की सूचना मिलने के तुरंत बाद चेतलाल महतो को समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बगोदर लाया गया। जहां चिकित्सकों के जांचोपरांत उक्त व्यक्ति को मृत घोषित कर दिया। सुचना पा कर बगोदर के विधायक विनोद कुमार सिंह मौके पर पहुँच कर जायजा लेते हुए उनके निर्देश पर मृत शरीर को ट्रामा सेंटर, बगोदर पर कर्मियों द्वारा सुरक्षित रख दिया गया है,शव का पोस्टमार्टम कर आगे की प्रक्रिया की जाएगी। बताते चलें कि विगत कई दिनों से निरंतर वर्षा हो रही है, जिससे लोहे से निर्मित बिजली के खंभे भींगा हुआ हैं, जिससे इस प्रकार की घटना घटी। इस दुखद घड़ी में पवन महतो, संदीप जयसवाल , सरिता साव ,रामचन्द्र यादव सहित स्थानीय निवासी उपस्थित थे। वहीं इस दुख की घड़ी में बगोदर के भाजपा के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो एवं जिला परिषद उपाध्याय छोटे लाल यादव का प्रतिनिधिमंडल जाकर परिजनों से मिलकर संतावना देने का काम किया इस दुख की घड़ी में हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया गया।



# विधायक ने किया दो पीसीसी पथ का शिलान्यास

**दैनिक समाज जागरण ,शेखर सुमन , ईचागढ़ सराइकेला (झारखण्ड )**

ईचागढ़ - सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर व कुईडीह में रविवार को दो पीसीसी पथ का शिलान्यास विधायक सविता महतो ने नारियल फोड़कर व शिलापट्ट अनावरण कर किया। जिला अनावद्द योजना मद से स्वीकृत दो पीसीसी पथ करीब 75 लाख की लागत से निर्मित किया जाएगा। टीकर बुड़ीबांध से पामीया पथ व सिल्ली रांगामाटी मुख्य पथ से कुईडीह तक दोनों पीसीसी पथ 7 सौ मीटर किया जाना है। दोनों पीसीसी पथ बनने से लोगों को आवाजाही में काफी सुविधा होगी। वहीं विधायक सविता महतो को ग्रामीणों व कार्यकताओं ने बुके देकर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया । वहीं शिलान्यास के बाद विधायक ने संवेदक को गुणवत्ता पूर्ण पीसीसी पथ निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि बहु प्रतीक्षित दोनों सड़कें



बन जाने से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी। उन्होंने कहा कि कुईडीह के ग्रामीणों को गांव से मरीजों को भी अस्पताल ले जाने के लिए मुख्य सड़क तक मरीज को लाना पड़ता था। उन्होंने कहा कि करीब 75 लाख की लागत से दोनों पीसीसी पथ का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता पर किसी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा। मौके पर विधायक के आप्त सचिव काबलु महतो, सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव,प्रमुख गुरूपद मार्डी, नकूल घोष, मुखिया किसुन किस्कू,पंचानन पातर, लालू हाजाम, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, अनिल सिन्हा , ठाकुर दास महतो, राजेन सिंह मुण्डा, हरेंद्र कुमार महतो, आदि उपस्थित थे।

# राजनगर में (पान)ताँती समाज की विशेष बैठक संपन्न। तांती समाज ने किया प्रखंड कमेटी का गठन। सूरज ताँती प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत।

**रविकांत गोप,दैनिक समाज जागरण, प्रखंड संवाददाता राजनगर(सरायकेला)**

राजनगर(झारखंड)10सितंबर 2023: कोल्हान प्रमंडल पान( तांती)समाज कल्याण केंद्र समिति की विशेष बैठक राजनगर में विमल कुमार दण्डपाट की अध्यक्षता में रखी गई। जहां तांती समाज के केंद्र कमेटी के पदाधिकारीयों के साथ-साथ राजनगर प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ो तांती समाज के बुद्धिजीवी उपस्थित हुए। इस दौरान कमेटी की एकजुटता को बनाए रखने के उद्देश्य सर्वसम्मति से प्रखंड कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सूरज तांती प्रखंड अध्यक्ष मनोनीत किए गए। वहीं विमल कुमार दण्डपाट को सचिव एवं सुखदेव तांती को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य तांती समाज अपने हक अधिकार की मांग को लेकर आगामी 13 सितंबर 2023 को गांधी मैदान चाईबासा से आयुक्त कार्यालय तक पदयात्रा कार्यक्रम में बढ़कर कर भाग लेना है।जिसकी तैयारी की रूपरेखा रखी गई। जिसमें अपने मौलिक अधिकार और की मांग को लेकर कोल्हान आयुक्त के समक्ष मांग पत्र सौंपना है।वहीं समाज के प्रबुद्ध लोगों ने बताया कि हमारी जाति में पान को एससी कोटा में रखा गया है और तांती को ओबीसी का दर्जा दिया गया है



।जबकि पान ओर तांती एक ही जाति है। हमारी सरकार से मांग है

1)संविधान द्वारा प्रदत अनुसूचित जाति की सुविधा भू-अभिलेख के जाति स्तंभ में पान का पर्याय/ उपजाति "तांती" दर्ज है। पान को अनुसूचित जाति प्रमाण पत्र निर्गत कराया जाए।

2) पैतृक पेशा कपड़ा बुनने का काम विलुप्त होने के कारण रोजगार की वैकल्पिक व्यवस्था की जाए।

वहीं तांती समाज ने सरकार को चेताया कि यदि सरकार हमारे हक अधिकार और आरक्षण नही देती है,तो सीएम आवास का घेराव करेंगे,और वृहत आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा। वहीं इस मौके पर नवीन दंडपाट ,रघुनाथ दंडपाट, सपन दंडपाट, रामेश्वर पान, राम रतन तांती, इंद्रजीत तांती, राजीव, विष्णु ,अभिषेक, परमानंद, राजेश ,सुमित्रा ,रिंकी ,सुनील, गोविंद, घासीराम तांती, सुनील, जोगोल,संतोष तांती, रोहित तांती, शंकर तांती, जितेंद्र तांती एवं तांती समाज के सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# सुरुंगा में कृष्ण प्रतिमाओं का धूमधाम से किया विसर्जन

**दैनिक समाज जागरण**

यूंतो जन्माष्टमी का पर्व जिले ही नहीं, बल्कि देश भर में मनाया जाता है। मगर धनबाद जिले सुरंगा पंचायत में इस पर्व को मनाने का तरीका कुछ अलग ही है। जन्माष्टमी के दिन सुरंगा गांवों के ग्रामीण खास करके महिलाए भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा का मूर्ति लाई । सप्ताह भर तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान इन प्रतिमाओं का विशेष तौर पर श्रृंगार किया गया और रात भर महिलाएं युवतियां कान्हा के भजन गाकर आनन्द लेती रही । इन प्रतिमाओं को भगवान श्रीकृष्ण का अंश मानकर खुशी मनाई गई उसके बाद पुजारी प्रसाद बनाकर वितरित किया । इसके बाद सात दिन तक इन प्रतिमाओं को ढोल ढमाकों और डीजे के साथ तालाब पर विसर्जन के लिए ले जाया गया । कई मौहल्लों में भी रविवार को कुछ ऐसा ही नजर आया। नाचती-गाती महिलाएं और युवतियां इन प्रतिमाओं गांव के नजदीक स्थित तालाब पर पहुंची और कृष्ण प्रतिमाओं के विसर्जन की ओर विदाई दी । साथ ही विसर्जन के समय प्रखंड प्रमुख पिंकी देवी एवं ग्रामीण वासियों ने भगवान श्री कृष्णा का धूमधाम से विदाई किया गया।

